सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 12 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 68, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 1342 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई और सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। } 14

## ग्रामीण नल कनेक्शन 17 से बढ़कर 82 फीसदी हुए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय 2019 में जहां केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल से जल कनेक्शन थे, वहीं अब यह बढ़कर 82 प्रतिशत हो गए हैं। } 16

# अमेरिका तय करेगा ईरान से युद्ध समाप्ति का समय : ट्रंप

## ईरान को उम्मीद से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया, अहम सैन्य ठिकानों को किया तबाह

एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जंग बेहतरीन चल रही है और यह जल्द खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद वहां हमला करने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान को उम्मीद से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। उनके मुताबिक कई अहम सैन्य और रणनीतिक ठिकाने तबाह कर दिए गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि सैन्य अभियान तय समय से आगे चल रहा है। शुरूआती योजना छह हफ्तों की थी, लेकिन अमेरिका ने इससे पहले ही अपने कई लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान यह तय नहीं करेगा कि युद्ध कब समाप्त होगा अब अमेरिका जब चाहेगा जंग तब ही खत्म होगी। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा है कि ईरान के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई की कोई तय समयसीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर चलाया जा रहा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। काट्ज के मुताबिक यह ऑपरेशन जरूरत पड़ने तक जारी रहेगा और इसका समय पहले से तय नहीं है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने घोषणा की है कि उसके 32 सदस्य देश अपने आपातकालीन भंडार से 40 करोड़ बैरल कच्चा तेल बाजार में जारी करेंगे। यह एजेंसी के इतिहास में सबसे बड़ा तेल रिलीज होगा। ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के बंदरगाह पर तेल स्टोरेज टैंकों को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। ओमानी सरकारी मीडिया के मुताबिक इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे के अनुसार ड्रोन ने पोर्ट के फ्यूल स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया। ओमान टीवी ने भी इसकी पुष्टि की है। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह हमला किसने किया है। बंदरगाह पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी बनेगा एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च व इंजीनियरिंग का हब

## सीएम योगी से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

विशेष संवाददाता



लखनऊ। नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली रेयर अर्थ टू मैग्नेट इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। नोबेल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्टार्टअप हब बन रहा है उत्तर प्रदेश : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश तेजी से देश के उभरते हुए स्टार्टअप हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों, संस्थागत ढांचे और वित्तीय प्रोत्साहन के कारण प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को नया बल मिला है। उत्तर प्रदेश में 20 हजार से अधिक सक्रिय इकाइयां स्टार्टअप इंडिया के तहत मान्यता प्राप्त हैं, जो प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम को दशार्ती हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रदेश में स्टार्ट इन यूपी पहल के अंतर्गत भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### फायरिंग में बाल-बाल बचे फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला पर गोली चलने की खबर सामने आ रही है है। बताया जा रहा है कि इस हमले में वे बाल-बाल बच गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फारूक अब्दुल्ला जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में एक वकील की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां फायरिंग की घटना हुई। घटना के बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लिया। पुलिस ने गोली चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि फायरिंग के पीछे क्या मकसद था? जम्मू और कश्मीर पुलिस ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी की एक घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

### आईपीएल टी-20 पहला मैच 28 को

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खिलाड़ियों की यात्रा के इंतजामों को लेकर बनी चिंताओं के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित किया जिसमें मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शुरूआती मैच में 28 मार्च को बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले सभी मैच फिलहाल कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति की मंजूरी पर निर्भर करेंगे। पिछले सत्र में स्टेडियम में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए यह समिति 13 मार्च को बैठक में टूर्नामेंट की तैयारियों का आकलन करेगी।

# अफवाहों के चलते हो रही 'पैनिक बुकिंग'

## गैस की सप्लाई पूरी तरह नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत, ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलिंडर मिल जा रहा है और यह डिलिवरी की सामान्य साइकिल है। मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलिंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। उन्होंने कहा, फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलिंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं, ग्राहकों को सिलिंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है, घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। कुछ रिफाइनरी 100% से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही 'पैनिक बुकिंग' को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं। वर्तमान में घरेलू परिवारों के लिए एलपीजी सिलिंडर का सामान्य डिलीवरी चक्र मात्र ढाई दिन पर स्थिर बना हुआ है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद अधिकतम ढाई दिन में सिलिंडर मिल जा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी नीतिगत उपायों के सकारात्मक परिणामस्वरूप तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के उत्पादन में 25% वृद्धि दर्ज की गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने आम उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, इसलिए बाजार में किसी भी प्रकार की घबराहट या पैनिक बुकिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने बताया कि मांग को मैनेज करने के लिए अस्थायी तौर पर दो एलपीजी बुकिंग के बीच के न्यूनतम अंतर को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने 32 वर्षीय व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की दी अनुमति

एजेंसी



देश का पहला मामला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके।

इस फैसले के साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। न्यायालय ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशा-निर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हरीश राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आस्था, पर्यटन व खेल अवसंरचना को मिलेगा बढ़ावा

## राज्य के सभी ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम स्थापित करने की तैयारी : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और खेल सुविधाओं के विस्तार को प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह बजट देवभूमि की आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ करने के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड प्राचीन काल से ही आस्था और अध्यात्म का प्रमुख केंद्र रहा है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों के उद्गम स्थल, चारधाम की पावन धाम श्रृंखला और अनेक शक्तिपीठों की उपस्थिति इस प्रदेश को देश ही नहीं बल्कि विश्वभर के श्रद्धालुओं के लिए विशेष बनाती है। इसी विरासत को ध्यान में रखते हुए सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और तीर्थ पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। सरकार ने आगामी कुंभ मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं के लिए बजट में 1000 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## अमित शाह ने राहुल गांधी को जमकर घेरा, कहा-विपक्ष ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उठाये सवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता।

शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है। गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं। शाह ने कहा कि बजट सत्र के पहले चरण में लोकसभा अध्यक्ष के चैम्बर में ऐसा माहौल खड़ा किया गया कि अध्यक्ष की सुरक्षा की चिंता पैदा हो गई थी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का संचालन कैसे करना है, इसके लिए इसी सदन ने नियम बनाए हैं और सदन के नियम जिसकी अनुमति नहीं देते, उस हिसाब से बोलने का अधिकार किसी को भी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें। शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के विपक्ष में रहते अध्यक्ष के खिलाफ कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया और हमने हमेशा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम किया। उन्होंने कहा मेरी पार्टी का मजबूत मत है और मान्यता है कि कभी भी लोकसभा अध्यक्ष की निष्ठा पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। शाह ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:14 | 5:00 |

## भीतर पढ़ें


- कई जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय (पृष्ठ-02)
- मई तक पूरा करें मां पाटेश्वरी विवि का निर्माण (पृष्ठ-02)
- रुपया 16 पैसे टूटकर 92.01 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ सकता है दबाव (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में निकाला रोड शो, विपक्षी नेता राहुल गांधी पर साधा निशाना

# 10,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी



कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल की अपनी यात्रा के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का बुधवार को उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस तटीय शहर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की एक पॉली प्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला रखी, दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया (जिनमें से प्रत्येक की लागत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है) और रेल क्षेत्र में 142 करोड़ रुपये की पहल राष्ट्र को समर्पित की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में संपर्क सुविधा बेहतर बनाने और टिकाऊ परिवहन को मजबूत करने के उद्देश्य से एक नयी रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित तीन रेलवे स्टेशन - षोरणूर जंक्शन, कुट्टिपुरम रेलवे स्टेशन और चंगनाशेरी रेलवे स्टेशन - का भी उद्घाटन किया। करीब 52 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित इन स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि केंद्र ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत राज्य के लिए 1,400 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और मछली पकड़ने के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने समुद्र में सुरक्षा सुधारने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को भी उजागर किया। उनके अनुसार, केरल में मछली पकड़ने वाले लगभग 7,000 जहाजों को सैटेलाइट-आधारित तंत्र प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा मैं धीवरा सभा के सभी सदस्यों और पूरे समुदाय को अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बद्रीनाथ, केदारनाथ में गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। द्विवेदी ने बताया कि यह निर्णय अगले माह शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है।

द्विवेदी ने कहा बदरीनाथ और केदारनाथ धाम कोई पर्यटक स्थल नहीं बल्कि आस्था के केंद्र हैं। ये वैदिक केंद्र हैं जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक संप्रदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है। बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी, जब गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे।

# कई जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

## ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को एक ही परिसर में मिलेगी बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

- प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे नए विद्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक) के निर्माण के लिए शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं।



प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद, बहराइच, चंदौली, मिजार्पुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, गाजियाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, कौशांबी, फर्रुखाबाद, अमेठी तथा उन्नाव सहित कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी किए गए हैं। इन विद्यालयों के निर्माण पर प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है और प्रथम किश्त के रूप में संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि भी जारी कर दी गई है।

मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना से विद्यार्थियों को एक ही परिसर में प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन विद्यालयों में आधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं और अन्य आवश्यक संसाधन विकसित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के हर बच्चे को बेहतर शैक्षिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। इन विद्यालयों का निर्माण विभिन्न नामित कार्यदायी संस्थाओं जैसे उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग, कंसल्टेंसी एंड डिजाइन सर्विसेज (उ.प्र. जल निगम), उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम तथा आवास एवं विकास परिषद के माध्यम से कराया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता, मानकों और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# प्रीपेड बिजली मीटर रिचार्ज फिर भी नही बिजली तो मिलेगा प्रति घण्टे 50 रुपये मुआवजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रीपेड़ बिजली कनेक्शन के रिचार्ज करने के 2 घंटे के भीतर बिजली नहीं जोड़ी जाती है, तो बिजली कंपनियों को 50 प्रतिदिन की दर से उपभोक्ताओं को मुआवजा देना होगा, जब तक कि बिजली आपूर्ति बहाल न हो जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने कहा है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए यूपीईआरसी स्टैंडर्ड आप परफॉर्मेंस रेगुलेशन 2019 के अनुसार बिजली उपभोक्ताओं के अधिकार स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं और बिजली कंपनियों को उनका पालन करना अनिवार्य है। भीषण गर्मी में किसी भी समस्या से बचने के लिए लाखों विद्युत उपभोक्ताओं से अपील भी की है कि जिनके बैलेंस नेगेटिव में है वह रिचार्ज भी कर ले समय पर बकाया का भुगतान करने पर निश्चित ही उपभोक्ताओं को एक साथ परेशानी भी नहीं होगी और उन्हें विद्युत व्यवधान जैसी समस्या से जूझना भी नहीं पड़ेगा इसलिए उपभोक्ता परिषद सभी उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वह बकाए का भुगतान समय से अवश्य करें।

केंद्र सरकार के जिस कानून के तहत सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य रूप से प्रीपेड मोड में लगाया जा रहा है इस कानून में सभी विद्युत उपभोक्ता चाहे ग्रामीण या शहरी 24 घंटे अनिवार्य रूप से उन्हें बिजली भी दिए जाना है बिजली न दिए जाने पर मुआवजा भी मिलना है तो पावर कॉरपोरेशन अपने सिस्टम में इस कानून को भी लागू करने की व्यवस्था ऑटोमेटिक तरीके से तुरंत कर ले कानून एक तरफ नहीं चलेगा दोनों तरफ चलेगा। उन्होंने बताया कि नियामक आयोग रेगुलेशन 2019 के रेगुलेशन की धारा 16.11.1 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति बिजली बिल के भुगतान न होने के कारण काटी गई है, तो उपभोक्ता द्वारा बकाया राशि जमा करने के बाद लाइसेंसी को तुरंत बिजली बहाल करनी होगी। साथ ही यह भी प्रावधान है कि जहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज करने के 2 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल करना अनिवार्य है।

पावर कॉरपोरेशन द्वारा 13 मार्च से स्मार्ट प्रीपेड मोड वाले लगभग 70 लाख से अधिक उपभोक्ताओं पर लगभग 1400 करोड़ रुपये से अधिक का निगेटिव बैलेंस दिखाया जा रहा है। आयोग के नियमों के तहत सभी स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं को बिजली का स्पष्ट एवं पारदर्शी बिल भेजना भी अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ता अपने उपभोग और बाकी राशि की सही जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने मांग की कि पावर कॉरपोरेशन और सभी बिजली कंपनियां आयोग के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक त्रुटि की स्थिति में उपभोक्ताओं को तत्काल राहत और निर्धारित मुआवजा दिया जाए।

# सीएम युवा योजना से बदली वंदना की किस्मत

- ऑयल मिल शुरू कर बनीं आत्मनिर्भर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से योगी आदित्यनाथ सरकार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस योजना का लाभ उठाकर कई महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहीं हैं। ऐसी ही एक मिसाल है यूपी की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज की वंदना यादव की, जिन्होंने इस योजना के तहत ऋण लेकर अपनी ऑयल मिल स्थापित की और आज अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गईं हैं।




वंदना यादव बताती हैं कि उन्होंने राज्य सरकार की सीएम युवा योजना के तहत ऋण प्राप्त कर अपने उद्यम की शुरूआत की। उन्हें इस योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी मिला। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया से ऋण लेकर अपने पति के साथ मिलकर ऑयल मिल की स्थापना की। यहां सरसों के शुद्ध तेल का उत्पादन किया जा रहा है और उन्होंने अपने उत्पाद का एक ब्रांड भी लॉन्च किया है।

मोहनलालगंज के गांव मजरा खुजेहटा में वंदना ने ऑयल मिल लगाई और वर्तमान में इससे तैयार सरसों का तेल आसपास के कई गांवों और जिलों में पहुंच रहा है। इस उद्यम के जरिए उन्होंने न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं। उनके इस प्रयास से क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

योजना के पहले चरण में पात्र युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। समय पर ऋण चुकाने पर दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक के ऋण की व्यवस्था भी की गई है। राज्य सरकार का लक्ष्य हर वर्ष एक लाख नए उद्यमी तैयार करना है।

# बेकार हो चुकी एंबुलेंस अब गरीब रेहड़ी पटरी संचालकों का भरेगी पेट

- वेस्ट मैनेजमेंट विजन को मिशन के रूप में रामपुर जिला प्रशासन ने धरातल पर उतारा
- रामपुर में खराब व निष्क्रिय 8 सरकारी एंबुलेंस को किया गया मॉडिफाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इस दौरान योगी सरकार ने हमेशा नवाचार को प्राथमिकता दी है, ताकि प्रदेश का समग्र विकास हो। इसके नतीजे आज सभी के सामने हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर उतारने के लिए रामपुर जिला प्रशासन ने ₹जीरो वेस्ट मॉडल₹ की अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत रामपुर जिलाधिकारी द्वारा जिले में खराब व निष्क्रिय एंबुलेंस को नया रूप देकर गरीब रेहड़ी पटरी संचालकों को रोजगार के लिए उपलब्ध कराया गया है।

रामपुर जिलाधिकरी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर काफी गंभीर हैं। उनका स्पष्ट संदेश है कि कचरे को समस्या नहीं, बल्कि संसाधन के रूप में देखा जाए। सीएम योगी के इसी विजन को मिशन के रूप में धरातल पर उतारने को जीरो वेस्ट मॉडल की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि रामपुर जिलाधिकारी कार्यालय में करीब 8 एंबुलेंस अपनी उम्र पूरी करने के बाद काफी दिनों से खड़ी थीं, जो पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी थीं। ऐसे में इन एंबुलेंस को नया रूप देने की योजना बनायी गयी।

इसके बाद इन सभी निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मॉडिफाई कर वैनशॉप में बदला गया। वेस्ट मैनजमेंट पहल के तहत पुराने और अनुपयोगी सरकारी वाहनों को संशोधित कर आकर्षक मोबाइल दुकानों के रूप में तैयार किया गया। इन मॉडिफाई



वैनशॉप को रेहड़ी-पटरी संचालकों को स्थायी रोजगार के लिये उपलब्ध कराया गया। रामपुर नगर क्षेत्र के फोटो चुंगी के समीप प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत विकसित वेंडिंग जोन में 8 वैनशॉप को रेहड़ी पटरी संचालकों को सौंपा गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र में लंबे समय से अव्यवस्थित ढंग से फैले ठेलों और रेहड़ी-पटरी के कारण अतिक्रमण और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर इन्हें हटाया जाता था, जिससे इन छोटे कारोबारियों के सामने अपने रोजगार को लेकर असमंजस की स्थिति बन जाती थी। इसी समस्या के समाधान के उद्देश्य से यह अभिनव पहल की गई है। नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मॉडिफाई कर उन्हें वैनशॉप के रूप में परिवर्तित किया गया है और फोटो चुंगी के पास एक सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किया गया है।य

ाहां रेहड़ी-पटरी संचालकों को चिन्हित कर उन्हें स्थायी रूप से व्यवसाय करने का स्थान दिया गया है। इससे न केवल उनके रोजगार को स्थिरता मिली है बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्थित बनाने में मदद मिल रही है। वेंडिंग जोन में मोबाइल शॉप के माध्यम से कपड़े, खाने-पीने की वस्तुएं, फास्ट फूड, बच्चों के खिलौने और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। स्थानीय लोगों के लिए यह स्थान एक छोटे बाजार के रूप में विकसित हो रहा है, जहां उन्हें विभिन्न प्रकार की चीजें आसानी से मिल सकेंगी। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रत्येक वैनशॉप पर जाकर दुकानदारों से बातचीत की और वहां बेचे जा रहे सामान के बारे में जानकारी प्राप्त की।

दुकानदारों ने इस पहल के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने व्यवसाय के लिए एक सुरक्षित और स्थायी स्थान मिल गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में ऐसे और भी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक रेहड़ी-पटरी संचालकों को व्यवस्थित तरीके से रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक स्वरोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

# मई तक पूरा करें मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण : सीएम

- मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रांगण में रोपा मौलिश्री का पौधा
- राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया

विशेष संवाददाता (vol)

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी को हर हाल में मई 2026 तक निर्माण पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में इसमें विलंब बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति से कार्य प्रगति पर पूरी जानकारी भी प्राप्त की। इसके अलावा सीएम योगी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले विश्वविद्यालय प्रांगण में मौलिश्री का पौधा लगाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के मॉडल पर प्रेजेंटेशन को देखा। सीएम योगी ने कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह से कहा कि कार्य समयसीमा के अंदर हो, इसकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माण एजेंसी को मई तक काम पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने एकेडमिक बिल्डिंग, थियेटर क्लास, लैब समेत समूचे विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक पल्टूराम, एमएलसी साकेत मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिलाधिकारी विपिन जैन, कुलसचिव परमानंद सिंह, परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में यूपी की महिला प्रधानों ने बढ़ाया मान

- उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की महिला पंचायत प्रतिनिधि आज ग्राम विकास और सुशासन की मजबूत आधारशिला बनकर उभर रही हैं। पंचायतों में महिला नेतृत्व न केवल ग्रामीण विकास को नई दिशा दे रहा है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और जनभागीदारी का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इसी क्रम में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अंतर्गत निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की महिला प्रधानों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से प्रदेश का मान बढ़ाया।



उत्तर प्रदेश से इस सम्मेलन में 135 महिला प्रधानों ने प्रतिभाग कर प्रदेश की सशक्त पंचायत व्यवस्था और महिला नेतृत्व की प्रभावशाली भूमिका को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। यूपी से 10 अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

बीकन पंचायत श्रेणी में उत्तर प्रदेश की श्रीमती प्रियंका तिवारी (ग्राम पंचायत राजपुर, जनपद हाथरस), श्रीमती नीलम देवी (ग्राम पंचायत भरतपुर, जनपद अलीगढ़), श्रीमती मनु यादव (ग्राम पंचायत फौलादपुर, जनपद अमरोहा), सुश्री पूनम सिंह (ग्राम पंचायत रोरी, जनपद गाजियाबाद) तथा सुश्री नीलमणि राजे बुंदेला (ग्राम पंचायत छिपाई, जनपद ललितपुर) को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार ॡचौंपियन ऑफ चेंजॡ श्रेणी में सुलेखा कुशवाहा (ग्राम पंचायत तिलसड़ा, जनपद कानपुर नगर) तथा मधु चौधरी (ग्राम पंचायत मखदुमपुर, जनपद अमरोहा) को सम्मान प्राप्त हुआ। वहीं ॡमहिला हितैषी ग्राम पंचायतॡ श्रेणी में रूपाली लोधी (ग्राम पंचायत सींगनखेड़ा, जनपद रामपुर), हेमलता पटेल (ग्राम पंचायत सुजानपुर, जनपद फतेहपुर), कृष्णा गंगवार (ग्राम पंचायत अल्हैया, जनपद बरेली), डॉ. अनामिका सिंह (ग्राम पंचायत पाला, जनपद कन्नौज) तथा माधुरी सिंह (ग्राम पंचायत थावर, जनपद लखनऊ) को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल संबंधित ग्राम पंचायतों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है।

पंचायती राजमंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ग्रामीण विकास को नई गति दे रही है। उत्तर प्रदेश की महिला प्रधानें अपने कार्यों से न केवल गांवों के विकास की मिसाल पेश कर रही हैं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने प्रदेश का नाम रोशन करने वाली सभी महिला प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि उनका समर्पण और नेतृत्व गांवों के समग्र विकास को और सशक्त बनाएगा ।निदेशक पंचायती राज विभाग अमित कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय सम्मेलन महिला जनप्रतिनिधियों को अपने अनुभव साझा करने तथा एक-दूसरे से सीखने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इससे पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास को गति मिलती है।

# महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अपर्णा यादव, उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने आयोग के बैठक कक्ष में महिला कल्याण विभाग तथा अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके कल्याण से संबंधित योजनाओं तथा कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को महिलाओं से जुड़े प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



बैठक के उपरांत उपाध्यक्ष ने महिला जनसुनवाई की गई, जिसमें महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त प्रकरणों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया तथा अधिकांश मामलों का त्वरित एवम प्राथमिकता पर निस्तारण के निर्देश संबंधित को प्रदान किया। तदोपरांत उपाध्यक्ष ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा महिलाओं को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर आयोजित महिलाओं के गोंदभराई कार्यक्रम में भी उपाध्यक्ष ने प्रतिभाग किया तथा महिलाओं और बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। इसके पश्चात उपाध्यक्ष लोक बन्धु अस्पताल पहुँचीं, जहाँ उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं से भेंट की तथा उन्हें किट वितरित की।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

- लखनऊ में वकीलों ने मांग के समर्थन में किया भारी विरोध
- अधिवक्ताओं ने विधेयक को लेकर सरकार की लापरवाही पर किया गुस्से का इजहार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले विरोध प्रदर्शन करते वकील।

**लखनऊ।** आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले बुधवार को भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों के विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी दिखा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में एकजुट हुए अधिवक्ताओं ने विधेयक को लेकर सरकार की लापरवाही पर गुस्से का इजहार किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदो मे अधिवक्ता की सुरक्षा को लेकर सरकार से संसद में विधेयक ले आने की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होने कहा कि केन्द्रीय बजट में भी सरकार ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर किसी भी पैकेज का ऐलान नही किया।

महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि संसद के बजट सत्र में अधिवक्ताओ की सुरक्षा, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, युवा अधिवक्ताओ को प्रोत्साहन भत्ता, न्यायिक क्षेत्र में महिला अधिवक्ताओं के आरक्षण से जुड़ा कानून नही लाया गया तो अधिवक्ता नई दिल्ली में संसद भवन का घेराव करेंगे। आम सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र व संचालन अधिवक्ता शैलेन्द्र तिवारी ने किया।

लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने सुरक्षा अधिनियम के मसौदे की बिंदुवार जानकारियां दी। आम सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता विजय पाल, बृजेश श्रीवास्तव, रोहित तिवारी, विपिन शुक्ला, हृदय पाण्डेय, सत्येन्द्र बहादुर लाल श्रीवास्तव, ओम शुक्ला, राजेश तिवारी, हरेकृष्ण तिवारी ने भी संबोधित किया। संयोजन एसोसिएसन के प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र व देवीपाटन मण्डल अध्यक्ष कौशलेन्द्र वर्मा ने किया।

इस मौके पर महेन्द्र शुक्ला, टीपी त्रिपाठी, अनीता वर्मा, आयुष त्रिपाठी, अशोक दीक्षित, डीपी सिंह, टीके बोस आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन जिला इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने किया।

# रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा यूपी

- कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को मिलेगी मजबूती
- टेक होम राशन की आपूर्ति के लिए 301.19 करोड़ रुपये का फंड मंजूर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लागू की जा रही इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। अनुपूरक पुष?टाहार वितरण हेतु चेहरा पहचान प्रणाली (फेस रिकग्निशन सिस्टम) लागू की जाएगी जिसके क्रम में प्रदेश में अनुपूरक पोषाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य कर केवल एफआरएस प्रणाली से ही वितरण मान्य किया गया है। इससे पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में सात श्रेणी के लाभार्थियों को ध्यान में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां नैफेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। छह माह से एक वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन का हलवा (मीठा) दिया जाएगा। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को भी आटा-बेसन हलवा (मीठा) मिलेगा, जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन बर्फी (मीठा) और दलिया-मूंग-सोया खिचड़ी (नमकीन) दी जाएगी।

गर्भवती और धात्री महिलाओं को आटा-बेसन-सोया बर्फी और दलिया-मूंग-दाल खिचड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। अतिकुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का प्रावधान रखा गया है। इसके अंतर्गत 06 माह से 01 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा, 01 वर्ष से 03 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा ॡबाल संजीवनीॡ तथा 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा एवं पौष्टिक दलिया उपलब्ध कराया जाएगा। यह रेसिपी आधारित व्यवस्था बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेसिपी के पोषण मानकों में भारत सरकार के मानकों के अनुरूप कैलोरी और प्रोटीन के साथ-साथ 11 अन्य आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को भी शामिल किया गया है। इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने वायबिलिटी गैप फंड भी मंजूर किया है।

प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति वर्ष 2017 के कॉस्ट नॉर्म्स पर की जा रही है। इसके कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के अंतर्गत रेसिपी आधारित पुष्टाहार का उत्पादन करने वाली इकाइयों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा था। लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण टेक होम राशन (टीएचआर) उपलब्ध कराते हुए इसकी गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता न हो, इसे ध्यान में रखते हुए इन इकाइयों को होने वाली संभावित हानि की प्रतिपूर्ति के लिए वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) की आवश्यकता पाई गई। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एसआरएलएम के माध्यम से संचालित उत्पादन इकाइयों को वित्तीय सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिपरिषद ने कुल 301.19 करोड़ रुपये की वीजीएफ स्वीकृत की है। इससे उत्पादन इकाइयों के संचालन को मजबूती मिलेगी और लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अनुपूरक पुष्टाहार की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यूपी बनेगा देश में अव्वल

## बुंदेलखंड सहित प्रदेश में सोलर परियोजनाओं, पीएम सूर्य घर व पीएम कुसुम योजना में तेजी लाने के निर्देश

- नगर विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति बढ़ाने पर जोर
- सोलर प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन का आकलन किया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) तथा नगर विकास विभाग की विभिन्न गतिमान योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा आने वाले समय की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश में संचालित सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने बुंदेलखंड सहित अन्य जनपदों में स्थापित किए जा रहे सोलर प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं में तेजी लाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए, ताकि प्रदेश में स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के विस्तार से ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा किसानों और आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण ने मंत्री श्री शर्मा को अवगत कराया कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है और सोलर परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण उत्तर प्रदेश जल्द ही इस क्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि नगर विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा संबंध आम नागरिकों के जीवन स्तर से है, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। समीक्षा बैठक में स्मार्ट पालिका योजना, सीएम ग्रिड योजना, आकांक्षी नगर योजना, अमृत योजना तथा मुख्यमंत्री नगरोदय योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

# संस्कृति स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को मिले प्राथमिकता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में सीएसआई एजुकेशनल सोसाइटी की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोसाइटी द्वारा संचालित संस्कृति स्कूल की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि संस्कृति स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र के स्कूलों की फीस की तुलना में विद्यालय की फीस एवं ट्रांसपोर्टेशन चार्ज की दरें कम रखी जाएं, जिससे अधिक संख्या में छात्र इन स्कूलों में प्रवेश ले सकें।

उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद एवं एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटिज को विशेष महत्व देने पर बल दिया। फुटबॉल, वॉलीबॉल, स्केटिंग, क्रिकेट, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस आदि खेल गतिविधियों को विकसित एवं प्रोत्साहित करने के उन्होंने निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में स्पोर्ट्स वेंडर की व्यवस्था, कैंटीन संचालन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल, संस्कृति, मूल्य शिक्षा एवं अतिरिक्त गतिविधियां संतुलित रूप से उपलब्ध हों। बैठक में सीएसआई एजुकेशनल सोसाइटी के समक्ष उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण/कोषाध्यक्ष सी०एस०आई० एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संस्कृति स्कूल के निर्माण एवं विकास के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। स्कूल में 5 ब्लाक के अन्तर्गत 66 क्लास रूम, आडिटोरियम, लेबोरेटरी एवं स्पोर्टस फैसिलिटी उपलब्ध है तथा कुल 2640 छात्रों की क्षमता है। स्कूल के पास स्वयं की 02 बसें भी है। स्कूल में विश्वस्तरीय साइंस लैब, ए०आई० लैब एवं कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गयी है। गत वर्षों की अपेक्षाकृत अप्रत्याशित वृद्धि के साथ वर्तमान में लगभग 300 छात्रों की तरफ से प्रवेश लिया जा चुका है।

# शहर में हर एजेंसी पर बढ़ रही गैस की किल्लत

- रोज आने वाली गैस सिलेंडर की गाड़ी, सप्ताह में एक बार आ रही
- बुकिंग करने पर हो रही परेशानी, नम्बर पर कॉल करने पर कॉल हो रही कट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में एलपीजी गैस की बुकिंग को लेकर लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हुई हैं और सर्वर ठप होने की वजह से बुकिंग प्रक्रिया भी प्रभावित हो गई है। आम लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी भी देखने को मिल रही है। गैस एजेंसियों का कहना है कि तकनीकी समस्या के कारण बुकिंग में दिक्कत आ रही है और इसे जल्द ठीक करने की कोशिश की जा रही है।

बुकिंग नम्बर पर कॉल करने पर कॉल कट जा रही है। वहीं दूसरी ओर एक समस्या है जिन ग्राहकों की केवाईसी नहीं हुई है उनकी गैस बुक नहीं हो पा रही है। अचानक से सर्वर पर पड़े लोड की वजह से गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है हर आदमी कई-कई बार बुकिंग के लिए ट्राई कर रहा है। बता दें कि जहां रोजाना गैस की गाड़ी आती थी अब सप्ताह हो जा रहा है और गाड़ी नहीं आ रही है।

**ब्लैक में भी नहीं मिल रहा सिलेंडर :** होली का त्यौहार अभी गुजरा है, नवरात्र और ईद आने वाली है। हर किसी को गैस की जरूरत है। ब्लैक में भी घरेलू सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है। जबकि स्थिति कुछ और बयां कर रही है। जिनकी बुकिंग हो जा रही है उनके डीएसी नम्बर नहीं मिल रहे है। दो दिन में डिलीवरी का दावा करने वाली एजेंसियां सप्ताह भर में भी डिलीवरी नहीं करवा पा रहीं है। एजेंसी मालिक उन्हीं को सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं जिनकी केवाईसी पूरी और बुकिंग है। दबी जुबान में लोग यह भी कह रहे है कि युद्ध की खबर के बाद से हर आदमी पैनिक है। वह घर पर एक्स्ट्रा सिलेंडर भरवा कर रखना चाह रहा है। इसी वजह से एजेंसियों पर भीड़ एक साथ बढ़ गई है।

## पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य है: संजय भंडारी

**लखनऊ।** वर्तमान जियोपॉलिटिकल परिस्थितियों के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के संबंध में स्टेट लेवल कोआर्डिनेटर संजय भड़ारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त मात्रा ऑयल कंपनियों के पास उपलब्ध है। पेट्रोल, डीजल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। राज्य में लगभग 4.85 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं। राज्य में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि घबराने या अनावश्यक रूप से अतिरिक्त स्टॉक करने की आवश्यकता नहीं है। ऑयल कंपनियाँ राज्य में ईंधन एवं एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

# अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर, योगा सेंटर का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन को मजबूत करेगा यह प्रयास: ए के शर्मा
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाइब्रेरी, योगा, जिम व कैफेटेरिया जैसी आधुनिक सुविधाएं सराहनीय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जोन-3 में नव निर्मित कार्यालय भवन, अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी व योगा सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सुविधा आधुनिक नगर प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।

अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री जी के साथ लगभग 50-60 देशों की यात्रा करने का अवसर मिला है और विकसित देशों की व्यवस्थाओं को देखने के बाद वह पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लखनऊ में विकसित की गई यह सुविधा दुनिया की बेहतरीन व्यवस्थाओं के समकक्ष है।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए शहरों में आधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा स्थापित यह अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विकसित सुविधाएं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे न केवल प्रशासनिक सेवाएं बेहतर होंगी, बल्कि नागरिकों को सम्मानजनक और आधुनिक वातावरण में सेवाएं प्राप्त होंगी। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज के समय में प्रशासन से जनता की अपेक्षाएं काफी बढ़ गई हैं।

टेक्नोलॉजी के विकास के बाद लोग जन्म प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी सेवाएं समयबद्ध तरीके से प्राप्त करना चाहते हैं। यदि इन सेवाओं में अनावश्यक विलंब होता है तो इससे असंतोष और शिकायतें उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना सरकार और प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहचान जनता की समस्याओं के प्रति उसकी संवेदनशीलता से होती है।

उन्होंने कहा कि उनके मन में लंबे समय से यह विचार था कि नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों को आधुनिक नागरिक सेवा केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए, जहां कोई भी नागरिक अपने दस्तावेज लेकर आए तो उसे सम्मानजनक वातावरण में बैठने की सुविधा मिले और उसकी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से हो सके। इस नई व्यवस्था में नागरिकों के लिए बेहतर काउंटर व्यवस्था, प्रतीक्षालय और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

मंत्री श्री शर्मा ने नगर निगम की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार की गई विशेष सुविधाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाइब्रेरी, योगा सेंटर, जिम, कैफेटेरिया और बैठने की आधुनिक व्यवस्था की गई है, जो उनके स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल अनुकरणीय है बल्कि अन्य नगर निकायों के लिए भी एक प्रेरणादायी मॉडल बन सकती है।

उन्होंने इस अवसर पर महापौर, नगर आयुक्त और नगर निगम की पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि इस आधुनिक सुविधा को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह केंद्र उसी उत्कृष्ट स्थिति में बना रहे और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करता रहे। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा तो कही दो पहिया वाहन कर रहे है सड़क जाम

**लखनऊ।** शहर को जाम से मुक्त करने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त व्यवस्था किया जा रहा है। फिर ड्डी शहर के मुख्य चौराहों से लेकर मुहल्लों के सड़को पर जाम लग जा रहा है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा के अवैध रूप से बिना रूट के चलने से हो रही है। जबकी ई-रिक्शा का रूट तय है और सख्त निर्देश है कि मुख्य सड़क पर किसी हाल में ई-रिक्शा मुहल्लों से मुख्य सड़क पर न जाये।

हजरतगंज, केसरबाग, अमीनाबाद, लाटूस रोड़, आलमबाग, बंग्लाबजार सहित शहर के विड्डिन्न चौराहो पर गाड़ियों के वहज से घण्टो जाम लग रहा है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ड्डारी मसक्कत के बाद जाम को खुलवा पा रही है। जबकी मुख्य मार्ग पर जाम लगने के कारण लोग गल्ली-मुहल्लो से निकलने के चक्कर में जाम लगा दे रहे है। और जब मुख्य मार्ग खुल जाता है तो छोटी-छोटी सड़को पर भी जाम खुल जाता है। आलमबाग में रहने वाले संदीप ने बताया कि पुलिस सड़क पर जाम लगाने का इंतजार करती है।

# झूलेलाल जयंती पर दो दिन सिन्धी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों को देंगे छूट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान झूलेलाल जयंती पर ( सिन्धी व्यापारी अपनी प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों को दो दिन 19 और 20 मार्च छूट जरूर देंगे। ऐसी अपील चेट्टी चंद मेला कमेटी की आम सभा की बैठक में की गई है।

मेला कमेटी के संरक्षक मोहन दास लदानी, राजा राम भावनानी, मुख्य प्रवक्ता अशोक मोतियानी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी हंस राज राजपाल राजू जसवानी सतीश लखमानी विक्की दयलानी, आनंद खत्री, राम बालानी,नीतेश मध्यान, पुलकित राजपाल, कन्हैया लाल चांदवानी, संतोष हिरवानी जे,पी नागपाल इन्दर कालधी, नीरज राजपाल,सतीश आडवाणी महेश तलरेजा ,सहित सभी ने बताया कि 20 मार्च को मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा सिन्धी गीतों के लिए म्यूजिक कार्यक्रम शुभम नथानी भोपाल से कलाकार मेले में धूम मचाएंगे झूले लाल वाटिका में मेले का आकर्षण भगवान झूलेलाल जी की भव्य प्रतिमा के दर्शन और समाज को संदेश देने वाली झाकियां होगी।

इसके अलावा मेले में स्वादिष्ट पकवानों व्यंजनों के बड़े बड़े स्टॉल लगाए जायेंगे झूले लाल वाटिका में सामूहिक महाआरती 8:30 बजे की जाएगी जिसमें हर हाथ में आरती के दिए ज्वलित किए जायेंगे इस खास अवसर पर भगवान झूलेलाल जयंती पर अभी हाल ही में जन्मे नए शिशुओं का ( शनिदेव जी के मंदिर क्लार्क अवध )के बगल भगवान झूलेलाल मंदिर में ( मुंडन संस्कार ) भी सम्पन्न किए जाते हैं ऐसी ही परम्परा है जयंती इस खास दिन पर जनेव संस्कार करना भी सिन्धी समाज शुभ मानता है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा नहीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की दिनांक 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के दौरान परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा किये जाने विषयक भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही है,जो कि पूर्णतः असत्य एवं भ्रामक है।

इस संबंध में प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बताया कि निगम मुख्यालय स्तर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा किये जाने विषयक किसी प्रकार का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने समस्त क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त भ्रामक सूचना के खण्डन के सम्बन्ध में बस अडडों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें, ताकि अभ्यर्थियों में निःशुल्क यात्रा सम्बन्धी असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न न हो, साथ ही समस्त चालकों/परिचालकों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराये, ताकि मार्ग पर किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

# वैज्ञानिक तकनीक से बदलेगी प्रदेश के गन्ना किसानों की तकदीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के गन्ना किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने तथा गन्ना खेती को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने की दिशा में गन्ना विकास विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में गन्ना विकास विभाग एवं नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के बीच ब्रीडर गन्ना बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

इससे नये किस्मों के बीज की उपलब्धता बढ़ाने तथा किस्मों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एडवाइजरी तथा प्रशिक्षण सुविधायें सुगम बनाने हेतु उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद एवं बलरामपुर चीनी मिल की इकाई हैदरगढ़ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है, इस समझौते से टिश्यू कल्चर तकनीक के माध्यम से उन्नत गन्ना किस्मों के रोगमुक्त गन्ना पौध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा तथा टिश्यू कल्चर लैब की क्रियाशीलता सुनिश्चित होगी। गन्ना मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और गन्ना खेती को अधिक आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ब्रीडर बीज उत्पादन और टिश्यू कल्चर तकनीक से किसानों को उच्च गुणवत्ता, प्रमाणित और रोगमुक्त गन्ना बीज उपलब्ध होगा, जिससे गन्ना उत्पादन और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश के लाखों गन्ना किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और गन्ना खेती को अधिक प्रतिस्पर्धी एवं टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. ने बताया कि इन एमओयू के माध्यम से प्रदेश में गन्ना बीज उत्पादन प्रणाली को और अधिक मजबूत किया जाएगा। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट की खाली पड़ी कृषि भूमि के सकरात्मक उपयोग एवं वैज्ञानिक दक्षता के प्रयोग से ब्रीडर गन्ना बीज उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे प्रदेश के ब्रीडर शीड के उपलब्धता में लगभग 12,000 कु. की वृद्धि होगी जिसका फायदा मध्य व पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को मिलेगा।

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद और बलरामपुर चीनी मिल के सहयोग से टिश्यू कल्चर तकनीक पर काम करने वाली चीनी मिलों के कार्मिकों को प्रशिक्षण एवं लैब संचालन के सम्बन्ध में तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सलाह भी उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे नई किस्मों के बीज की बढ़ाई जा सकेगी और अधिक से अधिक किसान इस उन्नत विधियों से लाभान्वित हो सकेंगे। यह तकनीक किसानों की आय बढ़ाने और चीनी उद्योग को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। यह पहल प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता एवं अधिक आय प्राप्त करने की दिशा में एक कदम सिद्ध होगा।

# अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी संख्या



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकबंधु अस्पताल में दिन पर दिन मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर के ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों की संख्या चार गुना से भी अधिक हो गया। लोकबंधु, झलकारीबाई, केजीएमयू, पीजीआई, बलरामपुर, सिविल, समेत दूसरे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ आई। सुबह से ही तीमारदार और मरीज लाइन में लगकर पर्चा बनवाने में लगे रहे। मरीजों की सुविधा को देखते हुए अस्पतालों में आभा एप और दूसरे काउंटरों पर अधिक कर्मचारी बिठाकर पर्चे बनवाए गए।

खून की जांच, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड के लिए लाइन लगी रही। सबसे अधिक जांचें बुखार के मरीजों से जुड़ी की गईं। हर अस्पताल में खून की जांच सबसे अधिक संख्या में हुई। लोकबंधु अस्पताल में अपने मां का इलाज कराने आये दशरथ ने बताया कि पर्चा बनने में ही घण्टो लग गया। पर्चा बनवाने के बाद डाक्टर ने बिना समय दिये ही जल्दबाजी में दवा लिखकर चलता कर दिया। दवा खाने के बाद कोई असर नही हुआ फिर निजि अस्पताल में मां को दिखाया फिर जाकर आराम मिला।

लोकबंधु अस्पताल सीएमएस डॉ मेजर ने बताया कि मरीजों की अधिक भीड़ और उनकी सुविधा को देखते हुए कर्मचारियों, डॉक्टरों ने ओपीडी में देर तक काम किया। किसी मरीज को बिना इलाज के लौटाया नहीं गया।

सिविल के सीएमएस व लोकबंधु के सीएमएस डा. दीक्षित ने बताया बुधवार को पूरी तरह से अस्पताल खुला था। अधिक मरीज पहुंचने की संभावना को देखते हुए पहले से ही कर्मचारियों, डॉक्टरों को समय से ओपीडी पहुंचने और इलाज देने के निर्देश दिए गए थे। किसी मरीज को परेशानी नहीं हुई है। केजीएमयू में सामान्य दिनों से ज्यादा मरीज ओपीडी में आए।

# साधारण बसों में फायर की व्यवस्था होना अनिवार्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कभी ठंड तो कभी गर्मी बढ़ने से बस के अन्दर आग लगने की संम्भावना तेजी से बढ़ जाती है। जिसके लिए साधारण और एसी बसों में फायर की व्यवस्था करने के लिए पहले से ही निर्देश दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि फायर की व्यवस्था किये बिना कोई भी गाड़ी सड़क पर नही चलेगी। इसके लिए चालक-परिचालक भी जिम्मेदार होगें।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बसों में आग लगने से बचाने के लिए फायर का समान रखा होना चाहिए। लेकिन बसों में बिना सुरक्षा उपकरण के ही बसे चल रही है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है। लखनऊ परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक ने बताया कि गर्मी से पहले बसों में सुरक्षा दिये जाने का निर्देश दिया गया है।

# गोमती नगर विस्तार में 04 मकानों पर चला बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** थाना सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध निर्माण के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 04 अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस तरह के अवैध निर्माण के खिलाफ आगे भी अभियान चलाया जाएगा।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि थाना सुशांत गोल्फ सिटी में अखंड प्रताप सिंह व अन्य द्वारा अवैध तरीके एक कॉलोनी विकसित की गई थी, जिसके अंदर मकानों का निर्माण किया गया था। कुल 33 मकानों पर एलडीए की कार्यवाही चल रही है, जिनमें से 04 निर्माण का उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपील खारिज की गई थी।

आज सुबह ही ग्रीन कॉरिडोर के तृतीय चरण का निरीक्षण करने पहुंचे उपाध्यक्ष की ओर से ऐसे अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। जिसके अनुपालन में 04 अवैध निर्माण के खिलाफ स्थल पर ध्वस्तीकरण का अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि थाना सुशांत गोल्फ सिटी के एम्मार कालोनी के सामने सेक्टर-7 में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

इस दौरान दिलीप यादव, ललित कुमार तिवारी, पूजा पाण्डेय एवं शीलू व अन्य के 04 अवैध मकानों को ध्वस्त कर दिया गया, जोकि एक अवैध प्लॉटिंग के अंदर बनाये गए थे। यह अवैध प्लॉटिंग अखंड प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह एवं हरिओम द्वारा विकसित की गई थी, जिसका न ही कोई लेआउट स्वीकृत है और न ही इस प्लॉटिंग के अंदर बने एक भी मकान का नक्शा स्वीकृत है।

समस्त ध्वस्तीकरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पुनरीक्षण वाद में अपील निरस्त होने के पश्चात लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय के लिखित आदेशों के अनुपालन में की गई थी। उक्त कार्यवाही में लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन एक, दो व तीन की टीम मौजूद रही एवं लखनऊ पुलिस की ओर से सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# पीएम सूर्य घर और पीएम कुसुम योजना के विस्तार पर जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के निदेशक श्री इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स और विभिन्न वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के आच्छादन को प्रदेश में व्यापक स्तर पर बढ़ाना था।

बैठक में निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बैंकर्स से आह्वान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने में बैंकिंग क्षेत्र का अभूतपूर्व योगदान रहा है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि बैंकर्स के सहयोग से प्रदेश में घर-घर सौर ऊर्जा का विस्तार किया जा सकेगा, जिससे आम नागरिकों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति संभव होगी। उन्होंने बताया कि घरेलू सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश में तीसरे स्थान पर है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दो सहेलियों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद में नमकीन फैक्ट्री से काम कर स्कूटी से घर लौट रही दो सहेलियों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी का उपचार जारी है।

माल थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी पारुल (32) मंगलवार रात अपनी सहेली सावित्री के साथ संडीला स्थित नमकीन फैक्ट्री से काम करके स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वे रहीमाबाद के पास हाईवे ढाबा के पास पहुंचीं, तभी रॉन्ग साइड से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों को आनन-फानन में नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान देर रात पारुल की मौत हो गई, जबकि घायल सावित्री का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पारुल नमकीन फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थीं और सावित्री भी उसी फैक्ट्री में काम करती थीं। पारुल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पिता रामकुमार, माता सुशीला देवी और दो भाई सर्वजीत व संदीप का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## टीन शेड की सफाई करते मजदूर गिरा, मौत

**लखनऊ।** बाजारखाला थानाक्षेत्र में मंगलवार को एक कंपनी के तीस फुट ऊंचे टीन शेड की सफाई करते वक्त एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई। साथी मजदूर को फौरन पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।करेहटा निवासी हनुमान प्रसाद कश्यप (72) मेक टूल कंपनी में करीब 40 साल से काम करते थे। कंपनी में स्कूली वाहनों की बाड़ी बनाई जाती है। परिजनों ने बताया कि हनुमान रोज की तरह मंगलवार को घर से कंपनी के लिए निकले थे। आरोप है कि कंपनी के मैनेजर ने उन्हें तीस फुट की ऊंचाई पर टीन शेड की सफाई के लिए करने के लिए चढ़ा दिया। टीन शेड की सफाई करते वक्त हनुमान प्रसाद अचानक नीचे जा गिरे। हनुमान को लहूलुहान हालत में साथी पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने हनुमान प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। बाजारखाला इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

# शराबी बेटे ने बुजुर्ग पिता पर किया बांका से हमला, गंभीर रूप से घायल

- पिता से मांग रहा था शराब पीने के लिए रुपए, बेटा फरार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सरोजनी नगर क्षेत्र में बुधवार को शराबी बेटे ने शराब के लिए रुपए ना देने पर युवक ने अपने बुजुर्ग पिता पर बांके से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर वह मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन घायल संतलाल को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत अधिक गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया। ट्रामा सेंटर में उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

सरोजनी नगर के बेहसा निवासी संतलाल रावत (60) मजदूरी करते हैं। उनकी पत्नी की 5 वर्ष पहले कैंसर की बीमारी से मौत हो चुकी है। संतलाल के पांच विवाहित बेटियां और इकलौता विवाहित बेटा नीरज (35) है। नीरज नशेड़ी प्रवृति का बताया जा रहा है। संतलाल बुधवार दोपहर बाद करीब 3 बजे घर की बिजली का बिल जमा कर घर पहुंचे तो नीरज शराब के नशे में संतलाल के पास पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। संतलाल ने रुपए देने से मना किया तो नीरज ने संतलाल के ऊपर बांके से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस पर संतलाल चीखने चिल्लाने लगे। तब शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले किराएदार राहुल चौरसिया वहां पहुंचे तो देखा कि संतलाल बुरी तरह लहू लुहान हालत में थे, जबकि उसका बेटा नीरज हाथ में बांका लिए खड़ा था। यह देख राहुल ने शोर मचाया तो नीरज वहां से भागने लगा।

हांलाकि राहुल ने उसे पकड़ने के लिए काफी दूर तक दौड़ाया, लेकिन नीरज पास में मौजूद पानी भरे तालाब में बांका फेंक कर फरार हो गया। उधर, इस घटना में संतलाल बुरी तरह लहू लुहान होकर घायल हो गए। आनन-फानन राहुल ने इसकी सूचना डायल 112 और सरोजनी नगर थाने पर दी, जिसके बाद थाने से पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर संतलाल को घायलावस्था में लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन संतलाल की हालत अधिक गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल ट्रामा सेंटर में संतलाल की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नीरज शराबी प्रवृत्ति का होने के कारण उसकी पत्नी काफी दिन पहले उसे छोड़कर अपने दो बच्चों के साथ बिजनौर के चंद्रावल में रह रही है। आरोपी नीरज ने वर्ष 2022 में अपनी बुजुर्ग दादी चंपा देवी की ईंट से कूचकर हत्या कर दी थी। इस घटना में वह जेल गया था, लेकिन करीब साल भर पहले संतलाल उसे जमानत पर छुड़ाकर घर ले आए थे। घर में संतलाल और नीरज अलग-अलगर रहते हैं। दोनों के मुख्य दरवाजे भी अलग-अलग हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी नीरज को पकड़ने के लिए उसके संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

## सभी पार्कों और खुले स्थानों का विवरण इकट्ठा कर सूचीबद्ध करें : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों तथा अन्य निर्धारित प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे पूरे राज्य के पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का विवरण तैयार कर उन्हें उत्तर प्रदेष पार्क, खेल का मैंदान और खुली जगह संरक्षण और विनियमन अधिनियम 1975 के तहत तैयार की जाने वाली सूची में शामिल करें। कोर्ट ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि इस कार्य का सुनिश्चित कराया जाए। पीठ ने वर्ष 1975 के अधिनियम के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का पूरा ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को तय की गई है। जस्टिस राजन राय और जस्टिस ए के चैधरी की पीठ ने यह आदेश धर्मपाल यादव द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याचिकाकर्ता ने षहर के जनेश्वर मिश्रा पार्क के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पाया कि 1975 के अधिनियम तथा वर्ष 2005 में बनाए गए नियमों के अनुसार पूरे प्रदेश के सभी पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का विवरण एकत्र कर उन्हें अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत सूची में दर्ज किया जाना आवश्यक है, लेकिन अब तक पूरे उत्तर प्रदेश में यह कार्य नहीं किया गया है। पीठ ने कहा, ह्लऐसी व्यवस्था का उद्देश्य स्पष्ट रूप से पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का संरक्षण और विनियमन करना है। सुनवाई के दौरान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 6 के अनुसार सूचीबद्ध पार्क, खेल मैदान या खुले स्थानों का उपयोग उस उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता, जिसके लिए उनका उपयोग 1975 में अधिनियम लागू होने से ठीक पहले किया जा रहा था, जब तक कि इसके लिए निर्धारित प्राधिकरण से पूर्व अनुमति न ली जाए। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अधिनियम की धारा 6 में दी गई रोक उन पार्कों पर भी लागू होगी जिन्हें अधिनियम की धारा 3 और 4 के अंतर्गत सूची में शामिल किया गया है, चाहे वे अधिनियम लागू होने के बाद ही क्यों न जोड़े गए हों। राजधानी लखनऊ के संबंध में पीठ ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि शहर के सभी पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों व विशेषकर जनेश्वर मिश्रा पार्क का सर्वेक्षण कर उन्हें अधिनियम की धारा 3 अथवा 4 के तहत सूची में दर्ज करने के संबंध में निर्णय लिया जाए। याचिका में यह भी कहा गया कि यदि अधिनियम 1975 के तहत पार्क, खेल मैदान और खुले स्थान सूचीबद्ध हो जाते हैं, तो उनका उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जा सकेगा जिसके लिए उनका उपयोग वर्ष 1975 से पहले किया जाता था।

### दस हफ्ते में एल्डर्स कमेटी कराये लखनऊ बार एसोसियेशन के वार्षिक चुनाव

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लखनऊ बार एसोसियेशन के वार्षिक चुनाव कराने के लिए एक पांच सदस्यीय एल्डर्स कमेटी का गठन कर दिया है। कोर्ट ने इस कमेटी का निर्देश दिया है कि अगले दस हफ्ते के भीतर लखनऊ बार एसोसियेशन के चुनाव कराकर उनका परिणाम घोषित किया जाये।

## आपका प्रयास देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा नारी शक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है : डीजीपी



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उ.प्र. राजीव कृष्ण से राष्ट्रीय स्तर की एंड्योरेंस साइक्लिस्ट, पर्वतारोही एवं प्रेरक खिलाड़ी आशा मालवीय ने शिष्टाचार भेंट हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि आपका प्रयास देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं तथा नारी शक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है।

यह मुलाकात उनके चल रहे साइक्लिंग अभियान के दौरान हुई, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धैर्य तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

डीजीपी उ.प्र. ने राजीव कृष्ण ने उनके असाधारण साहस, समर्पण और कठिन अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं तथा नारी शक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। देश के विविध और चुनौतीपूर्ण भूभागों में हजारों किलोमीटर की उनकी साइक्लिंग यात्राएँ धैर्य, अनुशासन और राष्ट्रीय भावना के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस साइकिल यात्रा के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

शिष्टाचार भेंट के दौरान सुश्री मालवीय ने देशभर में अपनी साइक्लिंग यात्राओं के अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और साहस के साथ आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपनी यात्राओं को पूरा किया। अब तक वह अपने विभिन्न अभियानों के माध्यम से 64,000 किलोमीटर से अधिक की साइक्लिंग यात्रा पूरी कर चुकी हैं। उन्होंने युवाओं, विशेषकर युवतियों को अपने सपनों का साहसपूर्वक पीछा करने और देश के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## मोहनलालगंज में हुई मुठभेड़, घायल आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। शिकायतकर्ता निवासी हरचन्दपुर गढ़ी कनौरा मानकनगर लखनऊ थाना आलमबाग लखनऊ द्वारा सूचना दिया गया कि मेरी बहन और बनह पुत्र उम्र 18 वर्ष जो कि सिसेंडी थाना मोहनलालगंज के रहने वाले है दिनाक 9-3-2026 को रात 8 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उन दोनो की हत्या कर दी है । घटना के अनावरण हेतु पुलिस की 04 टीमों का गठन किया गया। विवेचना एवं गवाहों के बयान तथा साक्ष्य संकलन के क्रम में स्थानीय निवासी अभियुक्त किशन रावत पुत्र राम मिलन निवासी सिसेण्डी थाना मोहनलालगंज, लखनऊ* का नाम प्रकाश में आया, जिसके द्वारा मृतका व उसके पुत्र (उम्र लगभग 18 वर्ष) की हत्या की गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन से सुसंगत धाराओं की वृद्धि की गयी ।अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना कारित करने वाला अभियुक्त हुलासखेड़ा से खुजौली की ओर नहर किनारे रास्ते से जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गयी। बाजखेड़ा हुलास खेड़ा ईट भट्टे के पास पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त भागने लगा तथा अपने तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिससे सिपाही घायल हो गया।

# असलहा तस्कर गिरफ्तार, पिस्टल, दो मैगजीन व कारतूस बरामद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से .38 बोर पिस्टल, दो मैगजीन, चार जिन्दा कारतूस .38 बोर बरामद किए हैं।

कृष्णानगर पुलिस टीम को स्काई हिल्टन तिराहे के पास से शातिर अभियुक्त पिन्टू जोशी पुत्र धुन्नी जोशी निवासी ग्राम चौहट्टा छाना डलमऊ जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर उसकी जामा तलाशी और कन्धे पर टंगे काले रंग के बैग में से 01 पिस्टल .38 बोर, 02 अदद मैगजीन, 04 अदद जिन्दा कारतूस .38 बोर बरामद किए। अभियुक्त पिन्टू जोशी ने बताया कि यह पिस्टल अवैध कामों में प्रयोग करता हूं। रात्रि में किसी घटना को करने की फिराक में था, इसी बीच पुलिस ने पकड़ लिया। उसने पिस्टल के सम्बन्ध में बताया कि मैंने और मेरे मित्र विक्रम निवासी कोरिहर थाना गुरुबक्सगंज जनपद रायबरेली ने मिलकर आदर्श साहू पुत्र राधेश्याम साहू निवासी बेला कला थाना गोसाईगंज से 70 हजार में 02 पिस्टल खरीदी थी, जिसमें से 01 पिस्टल मैंने ले लिया और 01 पिस्टल विक्रम अपने साथ ले गया है, आदर्श अवैध पिस्टल सप्लाई का काम करता है पुलिस अब वांछित अभियुक्त आदर्श साहू पुत्र राधेश्याम साहू निवासी बेला कला थाना गोसाईगंज व विक्रम निवासी कोरिहर थाना गुरूबख्शगंज जनपद रायबरेली की ताश कर रही है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार में आये पिंटू के खिलाफ जनपद फतेंहपुर व रायबरेली में तीन आपराधक मामले दर्ज हैं।

**पीजीआई पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार:** पीजीआई पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पीली व सफेद धातु के कीमती जेवर व 38 हजार रुपये और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि पीड़िता अन्जू सिंह पत्नी नीरज कुमार निवासी ई 4/2 आसरा इनक्लेव सेक्टर-18 वृन्दावन योजना थाना पीजीआई ने प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उन्होंने 25 फरवरी घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोना चांदी के जेवर व नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। इसी मामले में 11 मार्च को उपनिरीक्षक विवेक कुमार व उनकी टक्षम ने सूचना मिलते ही चिरैयाबाग अंडर पास की तरफ से नहर किनारे सड़क स्कूटी संग खड़े चोर को पकड़ लिया।

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता संदीप कश्यप पुत्र राम सिंह निवासी 84/121 मकबुल गंज थाना कैसरबाग बताया। जामा तलाशी से पहने पैंट की दाहिने जेब से 01 मंगल सूत्र (पीली धातु) मय माला गुड़िया युक्त रंग काला, 01 नाक का कील (पीली धातु), 01 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु), 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 04 अदद बीछियां (सफेद धातु) तथा पहने हुये पैंट की बायें जेब से 38 हजार रुपए बरामद हुए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया।

# एलएलबी छात्र ने फंदे से लटककर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर में एलएलबी छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, हसनगंज में छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। उधर, तालकटोरा इलाके में निजी कंपनी कर्मी ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ने बताया कि युवक डिप्रेशन का शिकार था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिए हैं।

विनीतखंड निवासी जय बहादुर सिंह हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं। परिवार में आवास विकास परिषद से रिटायर्ड पत्नी मीरा सिंह व बेटी ऐश्वर्या हैं। ऐश्वर्या मुंबई में नौकरी करती है। बेटा सुयश सिंह उर्फ आदित्य (24) एक निजी कॉलेज में एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र था। परिजन ने बताया कि सुयश मंगलवार की रात करीब 10 बजे घर से निकला था। करीब 20 मिनट बाद वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। बुधवार सुबह जब मां मीरा सिंह उसे जगाने कमरे में गई तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। भीतर सुयश फंदे से लटका हुआ मिला। बेटे को फंदे से लटका देखकर मां चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से सुयश को नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि परिजन ने कोई भी आरोप नहीं लगाया है। वहीं, हसनगंज के डालीगंज निवासी प्रेमकुमार के मंझले बेटे छात्र पारस गौतम उर्फ शिवा (18) ने मंगलवार देर रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह मां प्रीति कमरे में गई तो पारस को फंदे से लटका देख चीख पड़ी। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही हसनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न ही खुदकुशी की कोई वजह साफ हुई है। उधर, तालकटोरा के राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक निवासी हिमांशु पांडेय (30) प्राइवेट नौकरी करते थे। साढू अंकुर चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को हिमांशु काम पर नहीं गया था। दोपहर में परिवार के सभी लोग एक साथ बैठे थे। शाम करीब चार के हिमांशु वहां से उठा और अपने कमरे में चला गया। शाम को जब पत्नी पलक चाय के लिए कमरे में बुलाने के लिए गई तो हिमांशु को रस्सी के फंदे से लटके हुए देखा। शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। परिजन ने हिमांशु को फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सर्राफ की दुकान से हीरे की अंगूठी चोरी

लखनऊ। गोमतीनगर थाना क्षेत्र स्थित सर्राफ की दुकान से 80 हजार रुपये कीमत की हीरे की अंगूठी चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक महिला अंगूठी को अपनी आस्तीन में छिपाते हुए दिखाई दे रही है। शोरूम के मैनेजर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

गोमतीनगर के पत्रकारपुरम स्थित आनंद प्लाजा के एलजीएफ में बने ओफिरा लैब डायमंड्स शोरूम के स्टोर मैनेजर रंजीत सिंह ने बताया 26 फरवरी की शाम करीब 6:25 बजे सांझ शुक्ला अपनी एक महिला रिश्तेदार संग शोरूम में आई थीं। रात में स्टॉक की काउंटिंग के दौरान एक लैब ग्रोन डायमंड रिंग कम पाई गई। इसके बाद शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, तो फुटेज में दिखाई दिया कि सांझ शुक्ला के साथ जो महिला आई थी वह फुल स्लीव कपड़े पहनने थी।

उसने अंगूठी को अपनी आस्तीन में छिपा लिया। शोरूम मैनेजर ने बताया घटना के बाद सांझ शुक्ला से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन वह चोरी की बात से इनकार कर रही हैं।

# आभार दिवस पर विकास योजनाओं का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधायक डा. राजेश्वर सिंह के आवास, सेक्टर-के 950, आशियाना में आभार दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। डा. राजेश्वर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक लोगों का जनसैलाब उमड़ा और लगभग पांच घंटे तक शुभकामनाओं का सिलसिला लगातार चलता रहा। इस अवसर पर प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवानों की व्यवस्था की गई थी।

विधायक डा. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास से जुड़ी विभिन्न नई पहलों को आगे बढ़ाना रहा। इस दौरान डा. राजेश्वर सिंह की पहल पर कई महत्वपूर्ण योजनाओं और अभियानों की शुरूआत की गई। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 3 नए रण बहादुर सिंह (आरबीएस) डिजिटल एजुकेशन एंड यूथ एम्पावरमेंट सेंटर्स का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से क्षेत्र में 14 सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। इन सेंटरों के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल्स, एआई आधारित लर्निंग और रोजगार उन्मुख ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने 10 नए तारा शक्ति सिलाई केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इससे पहले डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर स्थापित 162 तारा शक्ति सिलाई केंद्रों के माध्यम से अब तक 1700 से अधिक सिलाई मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ाते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से अब तक 43 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना की जा चुकी है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा और डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित मेधावी सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत 25 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर अब तक सरोजनीनगर क्षेत्र में 1700 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा चुका है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सेफ सरोजनी नगर कैंपेन का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत युवाओं और कार्यकताओं को 1000 हेलमेट वितरित किए गए। इस अभियान का उद्देश्य ह्लहर नागरिक सुरक्षित, हर परिवार सुरक्षितह्व के संदेश के साथ लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पर्यावरण संरक्षण के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा कदंब के पौध का वृक्षारोपण कर वृहद अभियान भी प्रारंभ किया गया, जिसके तहत 100 पौधे लगाए गए। यह पहल डॉ. राजेश्वर सिंह के नेट जीरो सरोजनी नगर के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 10 नए यूथ क्लब स्थापित किए जाएंगे और उन्हें स्पोर्ट्स किट वितरित की जाएगी। इससे पूर्व डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर क्षेत्र में 282 स्पोर्ट्स क्लब स्थापित किए जा चुके हैं।

## नाबालिग लड़की बरामद अपहर्ता गिरफ्तार

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने नाबालिग को बरामस कर अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि 9 मार्च को भाई ने बहन (15) को नीरज तिवारी द्वारा बहला फुसलाकर लेकर चले जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी आधार पर थाना विभूतिखण्ड मामला दर्ज किया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही कर इलेक्ट्रानिक व भौतिक प्रयासों से घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त नीरज तिवारी (21) पुत्र संजय तिवारी निवासी मूलपता आसाराम भलूही रुदारपुर रुद्रापुर गोपालगंज बिहार, हालपता किराये का मकान 2/76 विभवखण्ड-2 थाना विभूतिखण्ड को पिकअप भवन पुल अण्डर पास के पास थाना क्षेत्र विभूतिखण्ड से गिरफ्तार कियापुलिस ने उसके बताये गए स्थान से अपहता को सकुशल बरामद किया गया।

**नाबालिक लड़की को बहल फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपित गिरफ्तार:** चिनहट पुलिस ने नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के मामले में सर्वेश रावत (36) पुत्र मंशाराम रावत निवासी सेवकी का पुरवा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का कहना है कि मंगलवार को पिता ने नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भगाकर अपने साथ ले जाने के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और विवेचना उपनिरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी मटियारी थाना चिनहट ने घटना का तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए घटना में अपहता को बरामद किया। आरोपी अभियुक्त सर्वेश रावत को पूछताछ के लिए थाना चिनहट लाया गया था, जिसे थाना कार्यालय से गिरफ्तार किया।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से एकल ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं० (1) ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण:** टेण्डर नं०-"57-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" "रिफरबिशमेंट ऑफ एसकेएफ मेक युआइसी-130 सीटीआर बियरिंग इन एलएचबी कोचेज फॉर 2 ईयर थ्रू ओईम (ऐज पर स्कोप ऑफ वर्क)"। **अनुमानित लागत (रू० में):** 143719434.96, **धरोहर राशि (रू० में):** 868600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रू० शून्य, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि** : 11.00 बजे, 31.03.2026, **संविदा की अवधि:** 24 माह, उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखे।
उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
मुजाधि/यौंत्रिक - 153
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# चैत्र नवरात्र 19 से, पालकी पर सवार होकर आयेंगी मां भवानी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्रि के नौ पवित्र दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। इस दौरान सभी भक्तजन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूरे नौ दिनों तक व्रत रखते हैं और देवी से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। आइए जानते हैं कि, चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ कब होने वाला है।

इस साल चैत्र नवरात्रि व नव संवत्सर 19 मार्च से शुरू होगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की पूजा-उपासना बड़ी ही श्रद्धा के साथ की जाती है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी। इस दिन गुड़ी पड़वा के साथ हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा।

**विक्रम संवत 2083 :** हिंदू परंपरा में नव संवत्सर को नए आरंभ, नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी नया संवत्सर अपने साथ नई संभावनाएं और कुछ चुनौतियां लेकर आएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम रौद्र संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा।

इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।




**शुभ संयोग:** नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।

**कलश स्थापना का महत्व :** धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।

**देवी के नौ स्वरूप:** चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कूष्मांडा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना विशेष महत्व है और भक्त इनकी पूजा करके अलग-अलग प्रकार के आशीर्वाद की कामना करते हैं। नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है और उन्हें भोजन तथा उपहार दिए जाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

**मां दुर्गा का वाहन:** हर बार नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अनुमान लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। देवी भागवत में पालकी में माता के आगमन का फल ₹ढोलायां मरणं धुवम्₹ बताया गया है जो जन हानि रक्तपात होना बताता है। अर्थात पालकी (डोली) पर माता का आगमन शुभता का संकेत नहीं है। माता का डोली पर आगमन सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल व महामारी का परिचायक माना गया है।

**कलश स्थापना कैसे करें :** नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं। इसके पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। अब एक मिट्टी के पात्र में स्वच्छ मिट्टी भरकर उसमें जौ बोएं। यह जौ समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। फिर एक तांबे या मिट्टी के कलश में जल भरें और उसमें सुपारी, सिक्का तथा अक्षत डालें। कलश के मुख पर आम के पत्ते रखें और नारियल को लाल वस्त्र में लपेटकर स्थापित करें। इस कलश को देवी की चौकी के समीप स्थापित करें। इसके बाद अखंड ज्योति प्रज्वलित करें, जो पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रहे। यदि अखंड ज्योति संभव न हो, तो प्रतिदिन पूजा के समय दीपक अवश्य जलाएं। पूजन के समय ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे मंत्र का श्रद्धापूर्वक जप करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और अंत में आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

## मां शीतला से की उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शीतलाष्टमी पर्व श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। भक्तों ने बासी प्रसाद शीतला माता को अर्पित कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने परिवार की खुशहाली की कामना के साथ शीतला माता का व्रत रखा। पूरे विधि विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना की। मेहंदीगंज स्थित शीतला देवी मन्दिर में सुबह से ही भक्त एक दिन पहले बनाया हलवा, पूड़ी, पुआ आदि पकवान लेकर पहुंचने लगे। शीतला देवी मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि शीतला माता का व्रत रखने से माता चेचक और खसरा जैसे रोगों से बचाती हैं। शीतला माता ग्रीष्मकाल में शीतलता प्रदान करती हैं इसलिए उन्हें शीतलता देने वाली देवी कहा जाता है। शीतला माता की पूजा करने से शरीर स्वस्थ रहता है और परिवार में सुख समृद्धि आती है।

**भजन कीर्तन का आयोजन:** पर्व को लेकर अलसुबह से ही महिलाएं सजधज कर हाथों में पूजा सामग्री के थाल लिए मंदिरों में माता शीतला की पूजा आराधना करने पहुंची। जहां पर एक दिन पहले घर पर बनाए गए पुए, पकोड़ी, पूड़ी, राबड़ी, दही आदि पकवानों का भोग लगाया। वहीं महिलाओं के द्वारा व्रत रखे गए और माता शीतला से परिवार वालों की सुख समृद्धि के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान महिलाओं ने माता से घर परिवार की सुख समृद्धि की दुआएं भी मांगी। श्रद्धालुओं की ओर से कई स्थानों पर रात्री को मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन भी किए गए। सामाजिक मान्यता के अनुसार शीतला अष्टमी के दिन शीतला मां का पूजन करने से चेचक, खसरा, बड़ी माता, छोटी माता जैसी बीमारियां नहीं होती और अगर हो भी जाए तो उससे जल्द छुटकारा मिलता है। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला शांति की देवी हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भक्तों की रक्षा करती हैं।

**मांगलिक गीत गाते हुए पहुंची मंदिर:** इंदिरानगर के बालविहार स्थित शीतला माता मंदिर पर महिलाओं ने शीतला माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और ठण्डे भोजन का भोग लगाया। शीतला अष्टमी के अवसर पर तालाब किनारे मन्दिर में महिलाओं ने ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। सुबह से ही महिलाओं ने सज धज कर मांगलिक गीत गाते हुए शितला मन्दिर में जाकर ठण्डे पकवानों का भोग लगाया।

**नए वस्त्र धारण किए:** शीतलाष्टमी पर शीतलामाता मन्दिरों में महिलाओं का तांता लगा रहा। अल सुबह से ही महिलाएं नए वस्त्र धारण कर समूहों में मंगल गीत गाती हाथों में पूजा के थाल लिए मन्दिर पहुंची।


## कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

संख्या: 915/न0पं0लालगंज-2025-26 दिनांक: 11 मार्च 2026

### ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर शासन/प्रशासन द्वारा विभिन्न मदों/योजनाओं में कार्यों के सापेक्ष स्वीकृत धनराषि के सापेक्ष मा. अध्यक्ष महोदया की प्राप्त अनुमति के क्रम मे नीचे लिखे विवरण के अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु रजिस्टर्ड/पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों को वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय मे किसी भी कार्यदिवस मे प्राप्त कर सकते है। ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्रकाशित किये जा रहे कार्यों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित होगा। ई-निविदा से संबंधित निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि निकाय के बैक ऑफ इण्डिया की शाखा लालगंज प्रतापगढ़ के खाता संख्या 703110110011091 आई.एफ.एस.सी. कोड BKID0007031 मे जमा कराते हुए पावती निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 11 मार्च 2026 | |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 12/03/2026 से 02/04/2026 तक | 09:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| निविदा भरने की तिथि | 12/03./2026 से 02/04/2026 तक | 09:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| निविदा बन्द होने की तिथि | 02/04/2026 | 05:00 बजे सायं |
| निविदा खुलने की तिथि | 04/04/2026 | 12:00 बजे मध्यान्ह |

ई-निविदा

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | धरोहर धनराषि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अझारा वार्ड मे लाला दर्जी के घर से रामकृष्ण के घर होते हुए हरे कृशण मिश्र के घर तक सी.सी.रोड निर्माण। | 655.00 | 50456.00 | तीन माह |
| 2 | जैनपुर वार्ड में जीतलाल बेड़िया के सामने से लेखराम भारतीय के सामने तक सी.सी.रोड व ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 708.00 | 54542.00 | तीन माह |
| 3 | पूरेटीकाराम वार्ड में हरकरन पट्टी में नहर से लेकर इण्टरलाकिंग तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण। | 1197.00 | 92218.00 | तीन माह |
| 4 | साईं की कुटी वार्ड में ट्रान्सफार्मर के सामने से जमखुरी के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 845.00 | 65131.00 | तीन माह |
| 5 | साईं की कुटी वार्ड मे भानु प्रताप शुक्ला के चक से राकेष सरोज के घर तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाला निर्माण। | 2202.00 | 169642.00 | तीन माह |
| 6 | अझारा वार्ड में मेन रोड से ललित के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 1985.00 | 152902.00 | तीन माह |
| 7 | बाजार खास वार्ड में सूर्य नारायण मार्केट सी.सी.रोड से सुमित मिश्रा के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 789.00 | 60792.00 | तीन माह |
| 8 | थाना, तहसील व अस्पताल में 04 नग रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण। | 1760.00 | 135623.00 | तीन माह |
| 9 | 20 नग हैण्डपम्प रिबोर का कार्य। | 870.00 | 67019.00 | तीन माह |
| 10 | 20 नग हैण्डपम्प रिबोर का कार्य। (पुनः निविदा) | 870.00 | 67019.00 | तीन माह |
| 11 | नगर पंचायत लालगंज के दीवानी वार्ड संख्या 08 में पार्क व ओपेन जिम का निर्माण कार्य। | 4379.00 | 337373.00 | तीन माह |
| 12 | 05टी0डी0पी0 क्षमता का वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) का निर्माण। | 4378.00 | 337288.00 | तीन माह |
| 13 | पूरेटीकाराम वार्ड में मेन रोड से सटे हुए (काली मां के मन्दिर के पास) तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 4400.00 | 338983.00 | तीन माह |
| 14 | गौतमपुर वार्ड मे दिनेश सिंह व गुलाब सिंह के खेत से वीरेन्द्र सिंह (गौरव) के खेत तक कवर्ड आर0सी0सी0 नाला निर्माण । | 3911.00 | 301271.00 | तीन माह |
| 15 | गौतमपुर वार्ड मे मुंशी जय प्रकाश सिंह के खेत से लालमणि शुक्ला के घर तक कवर्ड आर0सी0सी0 नाला निर्माण। | 4188.00 | 322627.00 | तीन माह |
| 16 | गौतमपुर वार्ड में हरीलाल गौतम के घर से रिषभ त्रिपाठी के घर तक कवर्ड आर0सी0सी0 नाला निर्माण। | 4257.00 | 327966.00 | तीन माह |
| 17 | दीवानी वार्ड में चन्दापुर में भीम तिवारी के घर से रामलाल गौतम के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 2829.00 | 219492.00 | तीन माह |
| 18 | पूरेहरिकिशुन वार्ड में तिरकुनियां में पंडित सालिक राम तिवारी के बगल से लवकुश यादव के घर से होते हुए राम आधार सरोज के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 1623.00 | 125000.00 | तीन माह |
| 19 | सांगीपुर वार्ड मे अठईसा में पक्की सड़क से इण्टरलाकिंग तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 1553.00 | 119661.00 | तीन माह |
| 20 | सलेमभदारी वार्ड मे सलेमभदारी सम्पर्क मार्ग हनुमान नगर चैराहा से बाबूगंज मुख्य मार्ग तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 2825.00 | 217627.00 | तीन माह |
| 21 | प्राथमिक विद्यालय उमापुर में इण्टरलाकिंग एवं कमरों में टाइलीकरण का कार्य। | 2200.00 | 169492.00 | तीन माह |
| 22 | सलेमभदारी वार्ड मे स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 4001.00 | 308220.00 | तीन माह |

1- निविदादाता के फर्म की जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होने का प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2- निविदादाता हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3- निविदादाता को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के सदस्यों का होगा।
4- निविदादाता द्वारा निविदा प्रत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराशि, निविदा शुल्क, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूलप्रति नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ में रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।
5- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
6- निविदा स्वीकृति के पश्चात नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों के व्यय पर अनुबन्ध लिखना अनिवार्य होगा।
7- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
8- कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/प्रषासक/अपरजिलाधिकारी(वि/रा)/जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारी का होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों का सत्यापन न कर दिया जाय।
9- मा. उच्च न्यायालय में पारित आदेषानुपालन में कार्यों हेतु निर्धारित जमानत धनराशि के अनुसार ई-स्टाम्प कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
10- इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों में यदि गुणवत्ता खराब होने , अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यों की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
11- यह समस्त कार्य ठेकेदार द्वारा नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने की दशा में निकाय प्रशासन विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने पर बाध्य होगा।
12- उक्त समस्त कार्य शासनादेश में उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही कराया जाना है।

**इन्द्र प्रताप**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।**

**अनीता द्विवेदी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।**

# खत्म होगी ट्रेनों में पानी की किल्लत, मिनटों में भरेगी हजारों लीटर की टंकी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ट्रेनों में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए बनारस रेल मंडल प्रशासन ने क्विक वाटरिंग सिस्टम लागू किया है। इसके जरिए 24 कोच वाली ट्रेनों में 48 हजार लीटर पानी पांच से छह मिनट भरा जा सकेगा। शुरूआत में क्विक वाटरिंग सुविधा का लाभ बनारस, मऊ और छपरा रेलवे स्टेशन के यात्रियों को मिलेगा। पहले भी ट्रेनों में पानी प्रेशर से भरे जाते थे, लेकिन नई व्यवस्था से पूर्व के सापेक्ष आधा समय में पानी भर जाएगा। गर्मियों में पानी की किल्लत के कारण मचने वाला हंगामा भी थमेगा। गर्मियों में लंबी दूरी की ट्रेनों में अक्सर पानी की किल्लत हो जाती है। इसके पीछे ट्रनों का चंद मिनट ठहराव बड़ी वजह होती है। क्विक वाटरिंग उपकरण के जरिए 24 कोच में लगे दो-दो हजार लीटर की टंकियों को पांच से छह मिनट में भरा जा सकेगा। नए सिस्टम में आधुनिक मशीन से प्रेशर को बढ़ाया गया है।

**स्क्रीन पर दिखेगी महत्वपूर्ण जानकारी:** क्विक वाटरिंग सिस्टम टीवी स्क्रीन से जुड़ा रहेगा। जिस पर ट्रेनों में पानी की उपलब्धता, प्रेशर, मात्रा, खपत, फ्लो एवं पानी भरी जाने वाली ट्रेनों के नंबर देखे जा सकेंगे। वाटरिंग कार्य के आंकड़े रियल टाइम में उपलब्ध रहने से अधिकारी मीनीटरिंग कर सकेंगे। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि अधिकांश कोच अब एलएचबी हो रहे हैं, जिसकी प्रत्येक टंकी दो हजार लीटर की है। पूर्व की ट्रेनों में 18 सौ लीटर की टंकी होती है। बदलते वक्त की मांग है, क्विक वाटरिंग सिस्टम।

**स्टेशनों पर लगेंगे क्विक वाटरिंग सिस्टम:** शहर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पानी भरने के लिए क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाने का काम चल रहा है। सिस्टम के लिए एक महीने पहले बोरिंग कराई जा चुकी है। अब वाटर टैंक बनाने का काम को पूरा कर लिया गया है। मार्च के अगले सप्ताह में प्लेटफॉर्मों तक पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कराया जाएगा। सिस्टम तैयार होने के बाद ट्रेनों में पानी खत्म होने की समस्या दूर होगी। अगर रास्ते में ट्रेन की बोगियों का पानी खत्म हो जाएगा तो उन्हें महानगरों के स्टेशन पहुंचने का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि रायबरेली में ही यह सुविधा मिल जाएगी। लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाने के लिए रेलवे और जल निगम के बीच समझौता हुआ है।

इसमें रायबरेली स्टेशन भी चयनित है। इसीलिए रायबरेली स्टेशन पर रेलवे अस्पताल के पीछे खाली जगह पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाने के लिए जल निगम काम करा रहा है। बोरिंग का काम पूरा करा लिया गया है। इस समय वाटर पंप तैयार करा रहे हैं। बोरिंग के पास ही भूमिगत वाटर टैंक बनाने का काम गुरुवार को पूरा हो गया है। इससे पर्याप्त मात्रा में हर समय जल उपलब्ध रहेगा। बार-बार पंप चलाने की जरूरत नहीं होगी और न ही पानी खत्म होने की समस्या आएगी। इसके बाद पाइप लाइन बिछाने का काम अगले सप्ताह शुरू कराया जाएगा। स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी, ताकि किसी भी प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों के रुकते ही उनकी बोगियों में पानी भरा जा सके। गर्मी में अक्सर पानी खत्म होने के कारण ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कत होती है। कैरिज एवं वैगन विभाग के इंचार्ज एके यादव का कहना है कि क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाने का काम चल रहा है। वाटर टैंक का काम पूरा कर लिया गया है। इसी माह के अगले सप्ताह पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा।

**वंदे भारत अब दौड़ेगी दोगुनी रफ्तार से, 8 जून से लगेंगे 16 कोच:** प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत आठ जून से 16 कोच के रेक के साथ चलेगी। हालांकि गोरखपुर वंदे भारत पहले से ही खाली चल रही है। अभी इसकी पूरी सीटें भी नहीं भर पा रही हैं। सबसे अधिक कम राजस्व एकत्रित करने वाली ट्रेनों में वंदे भारत भी शामिल है।

लंबे समय से इसके प्रयागराज से संचालित होने के समय में बदलाव की मांग की जा रही है, वह मांग तो पूरी नहीं हुई। अब इस ट्रेन में आठ जून से आठ नए कोच जोड़े जा रहे हैं। प्रयागराज से लखनऊ-अयोध्या के रास्ते गोरखपुर के बीच चलने वाली इस सेमी हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस में अभी आठ कोच हैं। यानी आठ कोच वाली रेक से ही इसका संचालन हो रहा है।

नई तैयारी के तहत इसे 16 कोच की आधुनिक रेक से बदला गया है। वर्तमान में गोरखपुर-प्रयागराज मार्ग पर चल रही वंदे भारत (ट्रेन नंबर 22549/50) में अभी तक सात एसी चेयरकार और एक एग्जीक्यूटिव चेयरकार शामिल हैं। अब 16 कोच की वंदे भारत में दो एक्जीक्यूटिव कोच और 14 एसी चेयरकार कोच होंगे। अब इस ट्रेन में एक साथ 1,264 यात्री बैठ सकेंगे। रेल प्रशासन ने नए रेक के साथ ट्रेन के संचालन की समय सारिणी जारी कर दी है। सात जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोरखपुर से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसे 14 मार्च 2024 को गोरखपुर से प्रयागराज तक विस्तार किया गया था।

## बरेली जंक्शन की बदलेगी सूरत, यार्ड रिमॉडलिंग को मिली मंजूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे का बजट जारी होने के बाद पिंक बुक का अर्से से इंतजार किया जा रहा था। रेलवे प्रशासन ने पिंक बुक 2025-26 अब जारी की है। उत्तर रेलवे के अंतर्गत बरेली जंक्शन पर 48.90 करोड़ रुपये की लागत से यार्ड की रि-मॉडलिंग कराने की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा लेटेस्ट डिजाइन की 26 कोच की दो वाशिंग लाइन पर 9.74 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इससे बरेली से मुंबई तक वंदे भारत का संचालन कराने की संभावना को भी बल मिला है।

रेलवे के लिए केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न मदों में बजट का प्रावधान तो पहले ही कर दिया गया था, लेकिन रेलवे प्रबंधन ने विभिन्न मंडलों में होने वाले कार्यों के लिए बजट का आवंटन कर दिया है। उत्तर रेलवे के अंतर्गत बरेली जंक्शन पर यार्ड की रि-माडलिंग कराने की तैयारी पहले से की जा रही थी। पिछले सप्ताह डीआरएम राजकुमार सिंह ने जंक्शन पर यार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया था। विभागीय अधिकारियों के साथ यार्ड में किए जाने वाले बदलाव की रूपरेखा पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिए थे। अब जारी की गई पिंक बुक में यार्ड रि-माडलिंग के लिए 48.90 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हो जाने से जल्द कार्य शुरू हो जाने की उम्मीद की जा रही है। बरेली से मुंबई तक वंदे भारत का संचालन किए जाने की संभावना यहां वाशिंग लाइन की वजह से जताई गई।

**26 कोच की दो वॉशिंग लाइन पर वजट:** रेलवे प्रशासन ने इसका रूट पर लगभग तय कर लिया है। अब लेटेस्ट डिजाइन की 26 कोच की दो वाशिंग लाइन बनाने के लिए 9.74 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हो जाने से वंदे भारत का संचालन किए जाने की संभावना को बल मिला है। हालांकि अधिकारी अभी इस बारे में कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन सहमति जरूर जता रहे हैं। उनका एक ही जवाब मिल रहा है कि मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद ही कुछ बता सकेंगे। ट्रेनों में पानी भरने के लिए क्विक वाटरिंग सिस्टम लगवाने की शुरूआत हो चुकी है।

**एसी मेंटिनेंस शेड का भी बजट:** इसी क्रम में बरेली जंक्शन के सभी प्लेटफार्म पर 2.62 करोड़ रुपये की लागत से क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित कराने के लिए बजट का आवंटन कर दिया गया है। इसके अलावा एसी मेंटिनेंस शेड बनवाने के लिए भी 4.35 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। पिंक बुक में मुरादाबाद से लखनऊ लाइन किनारे फैंसिंग कराने का प्रावधान किया गया है।

**डिजिटल भुगतान को बढ़ावा:** रेलवे बोर्ड ने आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण पर जोर दिया है। टिकट से लेकर पार्सल तक में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर आटोमेटिक वेंडिंग टिकट मशीन बढ़ाने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। ट्रेनों का संचालन शेड्यूल के अनुरूप कराने के लिए साफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। पिंक बुक जारी हो जाने के बाद रेलवे प्रशासन जल्द स्वीकृत परियोजनाओं का निर्माण शुरू कराने की तैयारी कर रहा है।

**लालकुआं में 3.99 करोड़ से होगा वॉशिंग लाइन का विस्तार:** पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल के लिए पिंक बुक में बजट का प्रावधान किया गया है। लालकुआं में पहली वाशिंग लाइन का 3.99 करोड़ रुपये से 170 मीटर विस्तार कराया जाएगा। रामनगर में नई सिक लाइन का निर्माण कराने के लिए 6.71 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लालकुआं में 11.03 करोड़ रुपये से 600 मीटर की दूसरी पिट लाइन का निर्माण कराया जाएगा। इज्जतनगर यार्ड में 6.18 करोड़ रुपये की लागत से दो स्टेबलिंग लाइन का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा कासगंज में 7.48 करोड़ रुपये की लागत से 600 मीटर दूसरी वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाएगा।

## जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव आज

● डालीगंज में आज निकलेगी पालकी यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का भारतगौरव दिव्यशक्ति गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माता जी की प्रेरणा से जन्मकल्याणक महोत्सव आगामी 12 मार्च को विविध आयोजनों के साथ वृहत स्तर से लखनऊ के सभी जैन मंदिरों में मनाया जायेगा।

मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति डालीगंज के महामंत्री रीतेश जैन ने बताया कि डालीगंज में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल मंदिर के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक के साथ होगा तत्पश्चात श्री नवग्रह शांति जैन मंदिर में 8:00 बजे से भगवान आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा का कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में एक भव्य पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ डालीगंज बाजार में निकाली जाएगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर अमरचंद जैन परिवार की ओर से वात्सल्य भोज का भी आयोजन होगा।

मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि ज्ञात हो कि भगवान श्री आदिनाथ ने इस सृष्टि की आदि में जन्म लेकर असि मसि कृषि वाणिज्य शिल्प और अंक विद्या आदि कलाओं का उपदेश देकर लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई और इस पृथ्वी के प्रथम राजा हुए उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत के नाम से ही इस देश का नाम भारत पड़ा है।

## दर्शकों को गुदगुदाने के साथ सीख भी दे गया 'द प्रपोजल'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स लखनऊ द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के रिपेट्री ग्रांट वर्ष 2025-26 की द्वितीय प्रस्तुति के रूप में सुप्रसिद्ध रूसी नाटककार एंटोन चेखव की नाट्य रचना द प्रपोजल का नाट्य मंचन निर्देशक तुषार बाजपेयी के कुशल निर्देशन में मंचित किया गया। नााट्यकृति को स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया। मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति कर्नल संजय श्रीवास्तव, द्वारा दीप प्रज्जवलित कर नाटक से संबंधित समस्त कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

नाटक के कथानक के अनुसार सुप्रसिद्ध रूसी नाटककार एंटोन चेखव अपने नाटक द प्रपोजल में यह बताता है कि कैसे गुस्सा और बहस किसी रिश्ते को आसानी से वर्बाद कर सकता है, इसलिये अच्छे रिश्ते को बनाये रखने के लिये अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी है। मूर्खता पूर्ण या छोटी-छोटी बातों पर वहस करना बेहद हानिकारक और समय की बबार्दी है। यदि कोई गलती करता है, तो क्रोधित होने और उस व्यक्ति के साथ अन्तहीन वहस करने के बजाय उसे माफ करने और भूलने के लिये तैयार रहना चाहिए। आज के समय में हर कोई दूसरों में केवल सकारात्मकताएं ढूंढने की कोशिश करता है और अपनी नकारात्मकताओं को आसानी से स्वीकार नहीं करता है। इस लिये दूसरों के साथ अच्छे और सौहार्दपूर्ण संबंध बनाये रखना मुश्किल होता जा रहा है। द प्रपोजल एक ऐसा नाटक है जो सामान्य सी लगने वाली स्थिति एक विवाह प्रस्ताव को लेता है और इसे एंटोन चेखव ने वेतुके पन और अन्तरदृष्टि के हस्ताक्षर मिश्रण से भर देता है। 20वीं सदी के अन्त में ग्रामीण रूस में स्थापित, यह नाटक एक एकल, गहन अभिनय में सामने आता है, जो एक छोटी सी सम्पत्ति की सीमा के भीतर इसके पात्रों की विचित्रताओं और कमजोरियों का एक स्नैपशॉर्ट पेश करता है। नाटक में मुख्य पात्र इवान लोमाव की भूमिका में नाट्य निर्देशक तुषार वाजपेयी तथा नतालिया की भूमिका में तृप्ति सिंह तथा स्टीफन चुबुकोव की भूमिका में अभिषेक सिंह ने अपने सस्क्त अभिनय से दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।

## बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भजन-सत्संग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

लखनऊ। पारा के मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से बुधवार शाम भजन व सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में साध्वी ऋतु भारती ने श्रद्धालुओं को धर्म के वास्तविक स्वरूप से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ है जिसे जीवन में धारण किया जाए। जब मनुष्य के जीवन में धर्म उतरता है, तभी उसके विचारों और आचरण में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने मनुस्मृति के माध्यम से धर्म के दस लक्षणों धैर्य, क्षमा, संयम, चोरी न करना, पवित्रता, इंद्रियों पर नियंत्रण, बुद्धि, ज्ञान, सत्य और क्रोध न करना को विस्तार से समझाया। भजन संध्या में साध्वी सुधेशना भारती और साध्वी शालिनी भारती ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड को एकीकृत करने की याचिका पर मांगा जवाब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 के तहत शिया व सुन्नी वक्फ बोर्डों को मिलाकर एक वक्फ बोर्ड बनाए जाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर, केंद्र व राज्य सरकार समेत शिया व सुन्नी वक्फ बोर्डों से जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने सैयद वसीम रिजवी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 की धारा 13 एक वक्फ बोर्ड का प्रावधान करती है। न्यायालय ने प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवायी चार सप्ताह पश्चात होगी।

## रोते-बिलखते अली के चाहने वालों ने निकाला ताबूत का जुलूस

लखनऊ। अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली की शहादत की याद में बुधवार को इमाम के ताबूत का जुलूस रौजाए शबीहे नजफ रुस्तम नगर से निकाला गया जो कर्बला तालकटोरा जाकर समाप्त हुआ। ताबूत को कत्लगाह में या अली मौला-हैदर मौला की सदाओं के बीच दफ्न किया गया। इसी के साथ तीन दिन से चल रहा गम खत्म हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये गये थे। 19वीं रमजान को जब हजरत अली नमाज पढ़ने के दौरान सजदे में थे तो अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने उनके सिर पर जहर से बुझी तलवार से हमला किया था, जिससे वह जख्मी हो गये थे और 21वीं रमजान को उनकी शहादत हो गई थी। जुलूस की अलविदाई मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने सुबह तीन बजे खिताब किया। मात्र 15 मिनट की मजलिस के बाद औरतों ने ताबूत को पुरुषों को सौप दिया। ताबूत देखते ही अजादार गिरिया करने लगे, हर आंख से आंसू गिरने लगे, कोई सर पीट रहा था तो कोई सीना। जुलूस में हजरत अब्बास के अलम भी थे। ताबूत निकलने के रास्तों पर बड़ी तादाद में अजादार पहले से ही जियारत के लिए ताबूत का इंतजार कर रहे थे। बस सबको यही फिक्र थी कि ताबूत कहां पहुंचा, यहां कब आएगा। ताबूत आते ही हर आंख अश्कबार हो जाती थी। लोग अपने हाथ जोड़कर अपने मौला से गिरया कर रहे थे। ताबूत आगे निकलता तो अकीदतमंद आसुओं के साथ ताबूत के पीछे चलने लगते। ताबूत में एक लाख से अधिक लोगों का हुजूम था, जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे नंगे पैर इमाम की शहादत के गम में आंसू बहाते चल रहे थे। रोजा होने के बावजूद अजादार अपने मौला के ताबूत को चूमने व कंधा देने के लिए बेकरार थे।

## गोरखपुर से गविष्टि यात्रा शुरू करेंगे अविमुक्तेश्वरानंद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बुधवार को गो प्रतिष्ठार्थः धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा की शुरूआत कर कई ऐलान किए। कहा कि 52 दिन की यात्रा के बाद 3 मई से 23 जुलाई तक 81 दिन यूपी की परिक्रमा करेंगे। इसका नाम गविष्टि यात्रा होगा। शुरूआत और समापन गोरखपुर से होगा। 24 जुलाई को लखनऊ के इसी मंच पर फिर जुटेंगे। अंत में शंकराचार्य चतुरंगिणी सेना गठित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि गो हत्या रोकने, सनातन धर्म की रक्षा के लिए लोग आगे आएं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन प्रदेश सरकार पर तीखे बाण छोड़े। कांशीराम स्मृति उपवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शंखनाद कार्यक्रम हुआ। पहले काशी के मठ में रोकने की योजना बनी, फिर लखनऊ में न घुसने देने की, फिर कहा अनुमति न दो, मंगलवार को रात 9 बजे 16 शर्तों के साथ साथ अनुमति दी गई। कुछ देर बाद 10 शर्तें और जोड़कर 26 कर दी गईं।

**उनके मन में हमारे लिए प्यार नहीं:** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि प्यार में कोई शर्त नहीं होती। इसका मतलब है कि हमारे लिए उनके मन में कोई प्यार नहीं है। जैसे गोमुख से गंगा की एक धारा निकलती है और आगे चलकर सहस्त्रधारा बन जाती है, वैसे ही यह आगे सहस्त्र धारा बनेगी। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम का उदाहरण दिया। कहा कि साइकिल से गांव-गांव यात्रा की, चबूतरों पर बैठकर लोगों को जागरूक किया। उनकी शिष्या ने इसी प्रदेश पर चार बार शासन किया। बस मान्यवर कांशीराम जैसे समर्पण की जरूरत है। हम राजाओं की नहीं, प्रजा के कल्याण की कामना करते हैं। प्रजा का कल्याण करने वाले शासक को जरूर आशीर्वाद देते हैं। हमें न्याय का मार्ग अपनाना है। गो-ब्राह्मण तपस्या के लिए पैदा हुए हैं। साधुओं का शरीर सुख के लिए नहीं है।

**शंकराचार्य पद सनातन धर्म का सुप्रीम कोर्ट:** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शंकराचार्य पद सनातन धर्म का सुप्रीम कोर्ट है, महामंडलेश्वर हाईकोर्ट और साधु-संत लोअर कोर्ट हैं। यही हमारी हिन्दू पद्धति है। यहां भीड़ का नहीं, ज्ञान, बुद्धिमत्ता का मतलब है। यह भीड़तंत्र नहीं भिड़नेवाला तंत्र है। गाय हमारी माता है और इसके बगैर अस्तित्व ही नहीं रहेगा। गाय-ब्राह्मण का अपमान करने वाले निशाचर हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि तुमसे हमारा रिश्ता एक ही हो सकता है और वह है युद्ध का। आह्वान किया कि हमें गोमाता ही नहीं सनातन धर्म की रक्षा भी करना है।

## सीएमएस शिक्षिका को एक्सीलेंस इन एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड से किया सम्मानित




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका डा. सुनीता पाण्डेय को शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु एक्सीलेंस इन एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया है। नई दिल्ली के होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में भारत सरकार के पूर्व कोयला मंत्री एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद सन्तोष बागरोड़िया ने डा. पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा। सम्मान समारोह का आयोजन हाइपएज नेटवर्क इंडिया एवं शीइंस्पायर मैगजीन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस उपलब्धि हेतु डा. सुनीता पाण्डेय को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस सम्मान समारोह में देश भर के विभिन्न राज्यों से उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज के रचनात्मक विकास एवं भविष्य निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई हैं। डा. पाण्डेय लगभग तीन दशकों से बड़े ही लगन व परिश्रम से भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं एवं रचनात्मक व सृजनात्मक शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से जिम्मेदार विश्व नागरिकों के निर्माण में सततप्रयासरत हैं। डा. पाण्डेय शैक्षिक क्षेत्र में टीचिंग-लर्निंग के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने हेतु विशेष रूप से जानी जाती हैं एवं शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु आपको एक्सीलेंस इन ट्रांसफार्मेटिव एजुकेशन अवार्ड एवं वर्ल्ड वूमेन आइकॉन अवार्ड समेत विभिन्न सम्मानों व पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## पुस्तक लोकार्पण संग कई विभूतियों को मिला सम्मान

● चेतना साहित्य परिषद ने मनाया 55वां संस्थापना दिवस समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उ.प्र. सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चन्द्रभानु गुप्त की प्रेरणास्पद स्मृति में लब्धप्रतिष्ठित संस्था चेतना साहित्य परिषद द्वारा अपना 55वां संस्थापना दिवस समारोह एक भव्य सारस्वत आयोजन करके मनाया गया। रवीन्द्रालय सभागार चारबाग में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता डॉ हरि शंकर मिश्र, पूर्व आचार्य, लखनऊ विश्वविद्यालय ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ उमाशंकर शुक्ल शितिकंठ और विशिष्ट अतिथि के रूप में रत्नेश गुप्तए संरक्षक, चेतना साहित्य परिषद मंच पर शोभायमान रहे। इस समारोह में कई विभूतियों को विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया गया। साथ ही संस्था की छन्दबद्ध काव्य प्रधान त्रैमासिक पत्रिका चेतना स्त्रोत डॉ आशुतोष वाजपेयी द्वारा संपादित ज्योतिष पत्रिका प्रेमनाथ तिथि पर्व पत्रिका पं. शारदा प्रसाद शर्मा शारदेन्दु की दो काव्य कृतियों नमन शहीदों को तथा आपरेशन सिन्दूर एवं आर्य दीन बन्धु सरल की काव्य कृति शून्य शब्द बनता है का भी लोकार्पण इस समारोह में किया गया। समारोह का संचालन संस्था के महामंत्री प्रमोद द्विवेदी प्रमोद ने किया। अभ्यागत साहित्यकारों का स्वागत संस्था के उपाध्यक्ष राम औतार पंकज ने किया। संस्थाध्यक्ष डॉ शिवभजन कमलेश ने संस्था के क्रियाकलापों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस सारस्वत समारोह में चेतना गौरव सम्मान रवीन्द्र शर्मा को, चेतना रत्न सम्मान डॉ अखिलेश निगम अखिल को, चेतना श्री सम्मान डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव प्रेम को, डॉ दाऊजी गुप्त स्मृति सम्मान डॉ सुमन दुबे को, कृष्ण मुरारी विकल स्मृति सम्मान राजेन्द्र शुक्ल राज को, जगमोहन नाथ कपूर सरस स्मृति सम्मान जगदीप शुक्ल अंचल को, पं. शिव शंकर मिश्र स्मृति सम्मान श्याम नारायण पांडेय को, चमन लाल अग्रवाल स्मृति सम्मान प्रो. विश्वंभर शुक्ल को, रमन लाल अग्रवाल स्मृति सम्मान मंजुल मयंक मिश्र मंजर को, धर्मांश सम्मान सरोज कुमार पाण्डेय को, पं. रूप नारायण द्विवेदी स्मृति सम्मान रजनीश मिश्र को, जियालाल अग्रहरि स्मृति सम्मान श्रीमती प्रतिभा गुप्त को, शिव नारायण शर्मा स्मृति सम्मान डॉ चेतना पांडेय को और विशिष्ट सहयोग सम्मान राजा श्रीवास्तव को अनवरत करतल ध्वनि के बीच प्रदान किया गया। सम्मानित विभूतियों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र आदि से अलंकृत किया गया तथा कुछ प्रतीकात्मक धनराशि भी प्रदान की गई। इन सभी विभूतियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सरस काव्य पाठ किया और साहित्य रस की वर्षा कर पूरे सभागार को आनन्द विभोर कर दिया। तत्पश्चात मंचासीन विद्वानों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। विशिष्ट अतिथि रत्नेश गुप्त ने अपने सम्बोधन में संस्था की सराहना करते हुए उसके उत्तरोत्तर उन्नति की कामना की और संस्था को हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी सम्मानित लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्य अतिथि डॉ उमाशंकर शुक्ल शितिकंठ ने सम्मानित लोगों को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि चेतना साहित्य परिषद छन्दबद्ध काव्य के उन्नयन के लिए अत्यंत ही सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## सत्ता और विद्रोह की कहानी है आयलैण्ड ऑफ ड्रीम्स

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ में अध्ययनरत चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों द्वारा शुभदीप राहा के निर्देशक में नाटक आयलैण्ड ऑफ ड्रीम्स का मंचन संत गाडगे सभागार में हुआ। शेक्सपियर के नाटक मिड समर नाइट ड्रीम्स पर आधारित है। ऐसा संसार में शासक और प्रेमी, सत्ता और विद्रोह साथ-साथ उभरते हैं प्रेमी उन अदृश्य बंधनों से भागते है और स्वयं के लिए एक स्वप्नद्वीप बनाते हुए आगे बढ़ते हैं। जब प्रेम को व्यवस्था और आत्म- नियंत्रण से मुक्त कर दिया जाता है जब इच्छा को खुला छोड़ दिया जाता है और जादू चुपचाप हस्तक्षेप करता है तब क्या होता है यह नाटक का मुख्य कथ्य है, नाटक के दृश्य सपनों की काल्पनिक और यथार्थ के कटु अनुभवों के बीच सामंजस्य को रेखांकित करती है। कैसे समाज में पहचान धुंधली होने लगती है नियंत्रण हाँथ बदल लेता है। और निश्चिंतताएं निरंतर बिखरने लगती हैं। नाटक नियंत्रण, स्वतंत्रता, प्रेम और भावनाओं की नाजुक संरचना को गतिमान बनाता है। और हास्य रस से प्रेरित होता है। विलियम शेक्सपियर को मानवीय संवेदनाओं, स्थितियों की गहरी समझ थी निर्देशन में डिवाईसिंग प्रक्रिया का प्रयोग शुभदीप राहा ने बखूबी किया है, इस प्रक्रिया में छात्रों ने मंच-सज्जा, मंच सामग्री, परिधान, मंच परिकल्पना छात्रों ने खूबसूरती से किया है। अद्भुत प्रकाश परिकल्पना गोविंद सिंह यादव, संगीत भास्कर ज्योति कोनवर, नृत्य संरचना मुन्ना पटेल ने एकजुट रूप में नाटक को बन्धन से मुक्त किया है।



# फर्जी वरासत के माध्यम से लाखों के सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला उजागर

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जनपद देवरिया में वर्ष फरवरी 2024 से जुड़े एक पुराने प्रकरण में फर्जी वरासत दर्ज कर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला जांच में उजागर हुआ है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, विभागीय कार्रवाई करने तथा अनियमित रूप से प्राप्त धनराशि की वसूली के निर्देश दिए हैं।यह प्रकरण तहसील सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम पडरीगजराज से संबंधित है। अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 34 व 25 की भूमि के मूल खातेदार फेकू पुत्र सुखन थे, जिनकी लगभग 30 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है तथा उनके कोई विधिक वारिस नहीं बताए गए हैं।जांच में सामने आया कि वर्ष फरवरी 2024 में अनुचित लाभ प्राप्त करने की नीयत से ग्राम प्रधान इंदू देवी के पति रामप्रताप द्वारा तत्कालीन लेखपाल अजय कुमार यादव एवं राजस्व निरीक्षक धर्मप्रकाश सिंह के माध्यम से मृतक फेकू की कथित पत्नी के रूप में माया देवी के

- लेखपाल निलंबित, राजस्व निरीक्षक पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति
- डीएम ने दिए एफआईआर के निर्देश

नाम पर फर्जी तरीके से वरासत दर्ज करा दी गई।इसके बाद उक्त भूमि में से 0.0245 हेक्टेयर भूमि को पंचायत भवन निर्माण के लिए मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया के नाम 66,67,920 रुपये में बैनामा कर दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-727बी (नवलपुरझसिकंदरपुर) परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के तहत भी माया देवी को मुआवजा राशि प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 74,03,398 रुपये की धनराशि माया देवी को प्राप्त हुईमामले की शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सलेमपुर द्वारा राजस्व टीम गठित कर 26 एवं 27 फरवरी 2026 को स्थल एवं अभिलेखीय जांच कराई गई। 9 मार्च 2026 को प्रस्तुत जांच आख्या में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच में पाया गया कि माया देवी के नाम दर्ज की गई वरासत बिना समुचित जांच के की गई थी, जबकि मामला विवादित था।

इसके बावजूद तत्कालीन लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा वरासत दर्ज की गई।

साथ ही वरासत का आवेदन ग्राम प्रधान पति रामप्रताप द्वारा किया गया था, जिससे उनकी संलिप्तता भी प्रथम दृष्टया प्रतीत होती है।जांच में यह भी सामने आया कि पंचायत भवन के लिए भूमि क्रय की धनराशि माया देवी के खाते में आने के बाद उसमें से 15 लाख रुपये ग्राम प्रधान पति रामप्रताप के खाते में तथा 8 लाख रुपये सफाईकर्मी रामराज प्रसाद के खाते में स्थानांतरित किए गए। वहीं 7 लाख रुपये सफाईकर्मी रामराज प्रसाद के खाते से ग्राम प्रधान के पुत्र राहुल प्रताप सिंह के खाते में भेजे गए तथा 1 लाख रुपये नकद दिए जाने की भी पुष्टि हुई।

इन लेन-देन का कोई संतोषजनक कारण प्रस्तुत नहीं किया जा सका।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश दिनांक 10 मार्च 2026 के तहत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए गए हैं। साथ ही प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए तत्कालीन लेखपाल अजय कुमार यादव को निलंबित करने तथा राजस्व निरीक्षक धर्मप्रकाश सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत प्राप्त 7,35,478 रुपये की मुआवजा राशि की वसूली माया देवी से किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। स

ाथ ही संबंधित भूमि को राज्य सरकार में निहित किए जाने की प्रक्रिया भी नियमानुसार प्रारंभ करने को कहा गया है।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि और धन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## फरार बंदियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार का इनाम

अयोध्या। एसएसपी ने जिला कारागार से फरार दोनों विचाराधीन बंदियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। प्रकरण में जिला कारागार के तत्कालीन जेलर ने दोनों के खिलाफ नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से पुलिस दोनों बंदियों की तलाश में लगी है, मगर एसओजी समेत तीन टीमों को लगाए जाने के बावजूद अभी इनका कोई सुराग हासिल नहीं हो पाया है।

अब आम जन से इनका सुराग हासिल करने के लिए इनाम की घोषणा की गई है। 28 जनवरी की रात जिला कारागार के विशेष सुरक्षा बैरक संख्या एक के कक्ष संख्या चार में निरुद्ध अमेठी जिले के मुसाफिरखाना निवासी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज और सुल्तानपुर के करौंदीकला थाना क्षेत्र स्थित अमेर मऊ निवासी शेर अली फरार हो गए थे। अगले दिन मामले की जानकारी पर हलचल मच गई थी. पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने जिला कारागार का जायजा लिया था।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / सिविल जज सी0डी0 श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को पौष्टिक भोजन व स्वास्थ हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## 13 मार्च को महिला जनसुनवाई करेंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**देवरिया।** जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया कि माननीय सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती ऋतू शाही दिनांक 13 मार्च पूर्वाह्न 11 बजे जनपद में उपस्थित रहकर महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक निरीक्षण भवन के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी।

## संस्कार भारती की देवरिया इकाई का गठन



**देवरिया।** संस्कार भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डा 0 सुरेशचंद्र वैश्य, प्रवेक्षक के दायित्व से संस्कार भारती देवरिया इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। उनके साथ संघ विभाग प्रचारक माननीय दीपक जी , श्री विश्वमोहन तिवारी,एवं संस्कार भारती गोरक्ष प्रांत के महामंत्री श्री अनिल सिन्हा उपस्थित रहे।नई कार्य कारणी में अरुण कुमार बरनवाल --अध्यक्ष, राजेंद्र जायसवाल --महामंत्री,महेंद्र गुप्ता-- कोषाध्यक्ष,सुरेश गुप्ता ,हीरा वर्मा दोनों लोग -- उपाध्यक्ष, शशांक मणि त्रिपाठी, कृष्णमोहन गुप्ता दोनों लोग सह महामंत्री,अटल बरनवाल प्रचार प्रमुख, श्रीमती पूनम मणि त्रिपाठी मंचीय कला विधा संयोजक,संगीताचार्य नित्यानंद लोककला विधा संयोजक, श्रीमती अनामिका बरनवाल दृश्य कला विधा संयोजक,नवनीत बरनवाल धरोहर कला विधा संयोजक, डॉ . सौरभ श्रीवास्तव साहित्य कला विधा संयोजक एवं 5 सदस्य श्रीमति यशोदा जायसवाल, श्रीमति पुष्पा बरनवाल,कंचन कुमार बरनवाल, कपिल सोनी,अतुल बरनवाल चुने गए।इस अवसर पर मुन्नीलाल शर्मा, रविकांत मणि त्रिपाठी, अजीत मिश्रा, शिवेंद्र तिवारी, बाल बेंद्रु मणि त्रिपाठी, लाल जी गुप्ता,श्रीमती एकता जायसवाल उपस्थित रहे।

# वृहद रोजगार मेले में हुआ 1282 अभ्यर्थियों का चयन

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ0 सुधाकर उपाध्याय द्वारा किया गया। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ मॉ सरस्वती जी के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया । तत्पश्चात सभी अतिथियों का बैज लगाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

वृहद रोजगार मेले में सर्वप्रथम वसीम मोहम्मद, जिला सेवायोजन अधिकारी ललितपुर द्वारा वृहद रोजगार मेले में उपस्थित बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों का चयन कर रोजगार मेले में लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 ओमप्रकाश शास्त्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुये उन्हें अपनी क्षमता एवं अभिरूचि के अनुसार अपने लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सुड़ेले, ने युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोहर लाल पन्थ राज्यमंत्री, श्रम एव सेवायोजन, उ0प्र0 शासन द्वारा वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी ।

वृहद रोजगार मेले में कुल 33 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, तथा 2094 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

साक्षात्कार उपरान्त कुल 1282 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में से लगभग 100 अभ्यर्थियों को मंत्रीएवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिये प्रदान किये गये।

# असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**कुशीनगर।** जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों के 17 व्यक्तियों को गुण्डा घोषित करते हुए 06 माह की अवधि के लिए

**डीएम ने 17 को किया 06 माह के लिए जिला बदर**

जनपद कुशीनगर की सीमा से निष्काषित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा पुलिस आख्या, उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रकरणों की विस्तृत विवेचना तथा सुनवाई के उपरांत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जारी नोटिस की पुष्टि करते हुए आदेश पारित किया गया।

### इनको किया गया है जिलाबदर

जिन व्यक्तियों को जनपद बदर किया गया है, उनमें साकीर अली पुत्र जुम्मन, निवासी नवापार, थाना अहिरौली बाजार, सत्येन्द्र पुत्र खजान्ची, निवासी जमुआन, थाना कप्तानगंज, भुआल पुत्र श्याम नरायन, निवासी मुण्डेरा, थाना हनुमानगंज, गुलाब जायसवाल पुत्र स्व० हीरा जायसवाल, निवासी डुम्मरभार, थाना रविन्द्रनगर धूस, सूरज चौधरी पुत्र प्रेमनाथ उर्फ मामा चौधरी, निवासी पिपरही, थाना अहिरौली बाजार, कल्याण सिंह उर्फ डॉक्टर पुत्र राधेश्याम, निवासी लोहझार, थाना अहिरौली बाजार, विपिन तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी, निवासी छपिया, थाना अहिरौली बाजार, राम कृपाल यादव उर्फ धमारी पुत्र गुलाब यादव, निवासी रानीपार हरैया, थाना कप्तानगंज, निलेश चौबे पुत्र शिवशंकर चौबे, निवासी फरदहां, थाना कप्तानगंज, हिदायतुल्लाह अंसारी पुत्र बैतुल्लाह अंसारी, निवासी पचार, थाना कप्तानगंज, खुर्शीद उर्फ सोनू पुत्र यासीन, निवासी पचार, थाना कप्तानगंज, यासीन पुत्र रमजान, निवासी पचार, थाना कप्तानगंज, मेहताब अंसारी पुत्र कबरूद्दीन निवासी लक्ष्मीपुर थाना कप्तानगंज, गिरीश सिंह पुत्र गोमती सिंह, निवासी रानीकाफ थाना कप्तानगंज, दीपक सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह, निवासी रानीकाफ थाना कप्तानगंज।, बुन्ने सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह, निवासी वार्ड नं० 17 थरूआडीह कस्बा हाटा थाना हाटा व किशन उर्फ कृष्णा पुत्र हरिओम मिश्रा, निवासी झुगवां, थाना कसया शामिल है।

### दिए गए आदेश की प्रमुख शर्तें:

सभी निष्काषित व्यक्ति 06 माह तक बिना न्यायालय की अनुमति जनपद कुशीनगर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे।

जनपद सीमा के बाहर जहां भी रात्रि विश्राम करेंगे, उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देना अनिवार्य होगा। न्यायालय में आवश्यक उपस्थिति की स्थिति में पृथक अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी।

आदेश आरोपियों को तामिला की तिथि से प्रभावी माना जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थानाध्यक्षों को आदेशों का विधिवत तामीला सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## सड़क हादसे में दो घायल

अयोध्या। अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखनऊ हाइवे पर पूरे काशीनाथ क्षेत्र में किसी वाहन की टक्कर से साइकिल सवार कैंट थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी केशरी प्रसाद (70 वर्ष) पुत्र साहबदीन घायल हो गया। सूचना पर घायल केशरी प्रसाद को एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी अनुराग ने जिला अस्पताल पहुंचाया।

## भवनों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 46 लाख रुपये अवमुक्त करने की स्वीकृति

**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के क्रम मे उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जनपद के विकास खण्ड फाजिलनगर मे आवासीय व अनावासीय भवनो के निर्माण हेतु 2 करोड़ 46 लाख अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध मे आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी कर दिया गया है।जनपद कुशीनगर के अन्तर्गत विकास खण्ड फाजिल नगर के परिसर मे आवासीय भवनो के निर्माण कार्य हेतु आंकलित लागत रू 275.95 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति करते हुये प्रथम किस्त के रूप मे रू 92.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इसी विकास खण्ड मे अनावासीय भवनो के निर्माण हेतु रू 462.20 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये 154 .00 लाख की धनराशि प्रथम किस्त के रूप मे अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# पौधरोपण समिति की बैठक, स्थल चिन्हित करने के निर्देश

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को स्थान चिन्हित कर वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खुदाने के निर्देश दिये। उन्होंने अतर्रा, बबेरू एवं नरैनी रोड पर सड़क किनारे वृक्षारोपण को लेकर डीएफओ एवं अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को स्थान चिन्हित करने तथा नहर किनारे एवं तहसील में वृक्षारोपण के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए गॉव में हरित चैपाल आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिये कि सड़क किनारे कूड़ा नही फेंका जाए, कूड़े का उचित निस्तारण चिन्हित स्थानों पर ही डालकर किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेन्टरों का संचालन करने एवं संचालित आरआरसी सेन्टरों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए जीरो साइकिल पॉलीथिन के उपयोग को रोकने के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने तथा सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने के निर्देश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने ग्राम गंगा समितियों का गठन किये जाने तथा नदियों में प्रदूषित जल को प्रवाहित न किये जाने के निर्देश दिये तथा निम्नी नाला एवं करिया नाला में प्रदूषित जल की जांच कराये जाने के पश्चात ही जल प्रवाहित करने के निर्देश दिये। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिये जाने तथा किसान पाठशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। बताया गया कि जैविक खेती को बढाने के लिए पन्द्रह कलस्टरों का चयन नदियों के किनारे किया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्मल मन में ही होता है प्रभु का वासः स्वामी

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर आयोजित कथा में व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए स्वामी बालभरतजी महाराज ने कहा कि प्रभु का वास केवल निर्मल और पवित्र मन में ही होता है। जब हृदय में सच्ची आस्था और श्रद्धा जागृत होती है, तभी भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान पदार्थों के नहीं बल्कि भाव के भूखे होते हैं। स्वामी बालभरत ने कहा कि निर्मल हृदय की भक्ति ही भगवान श्रीकृष्ण को विदुर के घर साग खाने के लिए विवश कर देती है। इसी प्रकार राम अवतार में प्रभु श्रीराम प्रेमवश होकर शबरी के जूठे बेर स्वीकार करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपना निर्मल मन भगवान को अर्पित करें। सत्य, अहिंसा, दया और परोपकार जैसे गुणों को अपने जीवन और आचरण में स्थान देना ही सच्ची भक्ति है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जब महाराज परीक्षित श्राप से ग्रसित हुए तो उन्होंने गंगा तट पर ऋषियों के साथ श्रीशुकदेव जी महाराज से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। उसी कथा श्रवण से उन्हें मुक्ति प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा अमृतमयी है और उसका श्रवण मानव जीवन को पवित्र बनाता है। कथा के दौरान सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने मनु और शतरूपा के प्रसंग की विस्तृत व्याख्या की। इस अवसर पर महंत रामबालक दास जी महाराज, महंत सूर्यप्रकाश दास जी महाराज, महंत विष्णुदास जी महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव । सीएमओ



**देवरिया।** जनपद में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मार्च से कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 23 मार्च तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें कुष्ठ रोगियों की खोज कर रहीं हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआ-छूत की बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। यह आम रोगों की तरह ही है, जो मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से ठीक हो जाता है। लेकिन समय पर इलाज न किया जाए तो यह बीमारी बड़ा रूप भी ले सकती है। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत 3500 टीमों द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज की जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर पहुंचे तो इस बीमारी को छिपाये नहीं। दो वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों की जांच की जा रही है। कुष्ठ रोग की पुष्टि होने के बाद में एमडीटी से उनका निशुल्क उपचार शुरू किया जाएगा। जिससे ऐसा व्यक्ति कुष्ठ मुक्त होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर सके। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोज की जा रही है। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता विशेषज्ञ डॉ. इरशाद आलम ने बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रो वेक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है। यह साथ खाने, उठने, बैठने से नहीं फैलता है। यह आनुवांशिक एवं छुआछूत रोग नहीं है। इस कारण कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करें यदि किसी को कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई दें तो उसकी जांच कराएं। कुष्ठ रोग की जांच व उपचार निःशुल्क हैं। समय से जांच और उपचार कराने से दिव्यांगता से भी बचा जा सकता है।

# दरोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप, केस दर्ज




**कुशीनगर।** कानून का डंडा जब निष्पक्ष और ईमानदार हाथों में होता है तो वर्दी का रुतबा भी किसी को बचा नहीं पाता। कुशीनगर में यह नजारा उस

- नकद लाओ, चार्जशीट लगवा दो ऑडियो वायरल होते ही दरोगा पर मुकदमा
- कप्तान की सख़्ती से महकमे मे मचा हड़कंप।
- वर्दी का घमंड टूटा,

समय देखने को मिला जब जिले के पुलिस कप्तान केशव कुमार ने चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले दरोगा आलोक कुमार सिंह के खिलाफ उसी थाने में मुकदमा दर्ज कराकर यह साबित कर दिया कि अगर अधिकारी ईमानदार हो तो वर्दी की आड़ में भ्रष्टाचार करने वालों की जगह सीधे कानून के कठघरे में होती है।

### वायरल ऑडियो ने खोल दी रिश्वत की परत

मामला तरया सुजान थाने से जुड़ा है, जहां तैनात रहे दरोगा आलोक कुमार सिंह पर आरोप है कि उन्होंने मारपीट के एक मुकदमे में आरोपी पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए पैसों की मांग की।

भगवानपुर निवासी दीपक गिरी ने सोमवार को दरोगा के साथ हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

ऑडियो में दरोगा कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि ह्लकुछ नगद लेकर आओ, फाइल में चार्जशीट लगाकर न्यायालय में दाखिल कर देंगे। जल्दी चार्जशीट लग जाएगी तो किसी को पता नहीं चलेगा।

बातचीत के दौरान वह यह भी कहते हैं कि इसके लिए फाइल सीओ तमकुहीराज कार्यालय से मंगानी पड़ेगी और ज्यादा रुपये नहीं चाहिए, जो सुलह के लिए दे रहे थे वही दे देना। इतना ही नहीं, बातचीत में पीड़ित पक्ष के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग भी सुनाई दे रहा है।

### कप्तान की सख्ती, पहले निलंबन फिर मुकदमा

ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए।

प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर दरोगा को तत्काल निलंबित कर दिया गया। इसके बाद जब विस्तृत जांच में भी आरोप सही पाए गए तो मंगलवार को संबंधित थाने में दरोगा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### महकमे में हड़कंप, जिले में संदेश

दरोगा आलोक कुमार सिंह पर उसी थाने मे मुकदमा दर्ज किए जाने की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आम तौर पर ऐसे मामलों में विभागीय कार्रवाई तक ही सीमित रहने वाली प्रक्रिया यहां सीधे कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गई, जिससे यह मामला पूरे जिले में न सिर्फ चर्चा का विषय बन गया है बल्कि यह संदेश भी है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के राज मे पुलिस वालो की मनमानी नही चलेगी।

### जनता के बीच बढ़ा भरोसा

पुलिस अधीक्षक की इस सख्त कार्रवाई को लोग प्रशासन की पारदर्शिता और ईमानदारी की मिसाल मान रहे हैं।

आम लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई होती रही तो पुलिस और जनता के बीच विश्वास और मजबूत होगा।

लोगो का कहना है कि तेज-तर्रार एसपी केशव कुमार के कार्यकाल मे अब कानून का डंडा सिर्फ अपराधियों पर ही नहीं, बल्कि कानून की रक्षा करने वाले गलत करेगे तो वह भी बच नही पायेगे।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित




**नगीना, बिजनौर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ए0आर0पी0 छत्रपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बूढावाला में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके बाद शैक्षिक, खेलकूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक कामिनी दिवाकर, महीपाल सिंह, अनिल कुमार, रेनू रानी, प्रियंका जैन तथा राहुल पाल का विशेष योगदान रहा। शिक्षा मित्र नीतिका और अनुदेशक रीना रानी ने भी कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर ए0आर0पी0 हरि ओम प्रकाश शर्मा, एस0एम0सी0 अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, सदस्य चंद्रप्रकाश तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एचपीवी वैक्सीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**कुशीनगर।** महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए और इसके प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से एक दिवसीय 'एचपीवी वैक्सीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ?इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चिकित्साधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक और कोल्ड चेन हैण्डलर को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन के प्रशासन, इसके महत्व और जन-जागरूकता फैलाने की बारीकियों से अवगत कराना गया। जिला प्रतिराक्षण अधिकारी डा मुकेश यादव ने बताया कि 14 वर्ष की बालिकाओं का सही समय पर टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर के खतरे को 90 प्रतिशत तक कम कर सकता है। ?तकनीकी सत्र में वैक्सीन के स्टोरेज ( कोल्ड चेन मैनेजमेंट ), डोज की मात्रा और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विस्तृत जानकारी दी गई। समुदाय में वैक्सीन को लेकर फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए संचार कौशल पर सत्र आयोजित हुआ। सीएमओ ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। एचपीवी वैक्सीन एक जीवन रक्षक उपाय है जो महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा को कैंसर से बचाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के हर स्तर तक सुरक्षित और प्रभावी टीकाकरण पहुंच सके।₹ वर्तमान मे जनपद को 10600 एचपीवी वैक्सीन डोज प्राप्त हुए हैं जो 14 वर्ष की बालिकायों को प्राथमिकता के आधार पर पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर टीकाकृत किया जायेगा।

# मजदूरों का कमलापुर चीनी मिल गेट पर धरना शुरू



**सीतापुर।** कमलापुर चीनी मिल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान न दिए जाने से नाराज भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ ने बुधवार से चीनी मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया। मजदूरों ने तीन दिवसीय धरने का ऐलान करते हुए प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सिधौली और सीओ सिधौली ने हस्तक्षेप करते हुए कमलापुर थाने में मिल प्रबंधन के जीएम और मजदूर संघ के पदाधिकारियों के बीच वार्ता कराई, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। इसके बाद मजदूर संघ ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ तय कार्यक्रम के अनुसार चीनी मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया।

धरने में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह मानव, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू, भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्ध और भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ के सचिव अरुण कुमार तिवारी सहित कई संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि यदि मजदूरों की मांगों को जल्द नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह मानव ने कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को जिले स्तर से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने कहा कि मजदूरों की जायज मांगों को नजरअंदाज करना अन्याय है। संगठन मजदूरों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और जरूरत पड़ी तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि कर्मचारियों का बकाया वेतन और भविष्य निधि न देना गंभीर मामला है। जब तक मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने कहा कि मिल प्रबंधन लगातार कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।

संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्ध ने कहा कि मजदूरों की एकता से ही उनके अधिकार मिलेंगे। सभी संगठन मिलकर मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे। मजदूर संघ के सचिव अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे मजदूरों में भारी नाराजगी है। जब तक सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

## मजदूरों की प्रमुख मांगें

**सभी पुराने कर्मचारियों को तत्काल जॉइन कराया जाए**
**कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए**
**बकाया भविष्य निधि (पीएफ) जमा कराई जाए**
**बंदी के दौरान मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाए तथा मृतक व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।**
**धरना शुरू होने से चीनी मिल परिसर में हलचल तेज हो गई है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।**

## संक्षेप

### युवक की जहर खाने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। युवक की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम शाहपुर निवासी करीब 35 वर्षीय सोनू पुत्र कैलाश ने मंगलवार शाम अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि युवक खेत में काम करने गया था, इसी दौरान उसने जहर खा लिया। कुछ ही देर बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों को जब सोनू की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली तो वे उसे आनन-फानन में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए इलाज शुरू किया। लेकिन देर रात इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार युवक द्वारा जहर खाने के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और लोग युवक की अचानक हुई मौत से सदमे में हैं।

### मारपीट की घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं को लेकर दी गई शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र ग्राम दुबाई की मालती पत्नी धर्मेंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि मंगलवार को अपने मामा के यहां नहिलाल दुबई में रह रहा आंचल पुत्र सुरेंद्र जो शराब के नशे में था और गाली-गलौज कर रहा था मना करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया और मालती को मारने लगा बचाने आए कमलेश पुत्र राम बहादुर को भी मारा पीटा जिससे उसके चोटे आई हैं। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। थाना क्षेत्र में मारपीट की दूसरी घटना ग्राम रामनगरखेडा में पाइप डालने को लेकर घटी। पीड़िता रेनू पत्नी रामसजीवन ने देवर सर्वेश पुत्र मुन्नू लाल द्वारा अपने साथ गाली गलौज मारपीट व जान से मार देने की धमकी की शिकायत कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मारपीट की घटनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि घटना से प्रभावित लोगों की डॉक्टरी कराकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### लालजी यादव को मिली जिम्मेदारी समाज में खुशी

फतेहपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में जनपद जौनपुर के वरिष्ठ समाजसेवी लाल जी यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी बनाए जाने पर समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर फतेहपुर के समाजसेवी चौधरी राजेश यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। चौधरी राजेश यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा कि लाल जी यादव लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और जनसेवा के माध्यम से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनके अनुभव, कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, जिससे संगठन को निश्चित रूप से नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि लाल जी यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार होगा और समाज के लोगों को एकजुट कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। उनके संगठन प्रभारी बनने से युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और सामाजिक एकता को बल मिलेगा। चौधरी राजेश यादव ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि लाल जी यादव अपने नए दायित्व का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए कई सकारात्मक पहल देखने को मिलेंगी।

## संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ, निकाली कलश यात्रा



फतेहपुर। जिले में भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला, जब उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में रामलीला मैदान, ज्वालागंज में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिन भक्तिमय वातावरण में कलश यात्रा और कथा व्याख्या ने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता का भी संदेश दिया।प्रातःकालीन भव्य कलश यात्रा ने बांधा समांकार्यक्रम की शुरूआत सुबह-सुबह कालका मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। पीले वस्त्रों से सुसज्जित सैकड़ों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने कलशों को मंगल गीतों, भजनों और गाजे-बाजे की धुनों पर थामे हुए नगर का पूर्ण भ्रमण किया। यात्रा का मार्ग कालका मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजारों और गलियों से गुजरते हुए रामलीला मैदान पहुंचा। कथा स्थल पर विधि-विधान से कलश स्थापना कर यात्रा का समापन किया गया। इस दृश्य ने आने-जाने वालों को भी भक्ति रस में डुबो दिया, और पूरे इलाके में 'जय सिया राम' के नारे गूंजते रहे।व्यासपीठ से चंदन कृष्ण महाराज की भावपूर्णकथाव्यासपीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध कथावाचक चंदन कृष्ण महाराज ने प्रथम दिवस श्रीराम कथा की महिमा का जीवंत चित्रण किया। उन्होंने कहा, ₹श्रीराम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की करा है। जो व्यक्ति प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारता है, उसके जीवन की समस्त व्याधियां स्वतः ही दूर हो जाती हैं।₹कथा के मुख्य प्रसंग में महाराज ने सत्संग की महत्ता और रामचरितमानस की शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सत्संग के विवेक का जन्म नहीं होता, और बिना हरि कृपा के सत्संग सुलभ नहीं आता। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत मधुर भजनों जैसे 'राम नाम जपना परमानंद' और 'सीता राम जय जय राम' पर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। कई श्रद्धालु आंसुओं से भीग गए, जबकि युवा पीढ़ी ने तालियों और नृत्य से उत्साह बढ़ाया।प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति और समापनकार्यक्रम में मुख्य यजमान सरोज भदौरिया, आयोजन समिति के संयोजक कृष्ण कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के अंत में सभी ने सामूहिक आरती उतारी, उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। संयोजक कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि कल, द्वितीय दिवस की कथा में सती का भस्मीकरण, शिव द्वारा सती का त्याग और भगवान शिव-पार्वती विवाह का रोचक प्रसंग वर्णित होगा।उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की, ₹अपने परिवार के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुँचें, पुण्य लाभ अर्जित करें और इस भक्ति यात्रा का हिस्सा बनें।₹ आयोजन समिति ने बताया कि नौ दिवसीय कथा में रोजाना नए प्रसंग, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## अस्पताल में बेंच न मिलने पर फर्श पर बैठने को मजबूर दिखी महिलाएं



उन्नाव। जिला महिला अस्पताल में बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इससे महिलाओं को फर्श पर बैठकर बारी का इंतजार करना पड़ा। बेंच और कुर्सियां न होने से मरीजों और परिजनों को परेशानी हुई। जिला महिला अस्पताल में रोजाना गर्भवती महिलाएं, नवजात के टीकाकरण और जांच के लिए औसतन 500 महिलाएं आती हैं। भीड़ अधिक होने से गैलरी में बेंच कम पड़ गई। महिलाएं जमीन पर बैठ गई और अपनी बारी का इंतजार करने लगी। कुछ महिलाओं ने बच्चों को गोद में लेकर घंटों इंतजार किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फर्श में बैठने में अधिक कठिनाई हुई। कई बार फर्श गंदी होने और आवागमन के बीच फर्श पर बैठना भी मुश्किल होता है। लेकिन महिलाओं को इलाज के लिए बैठना मजबूरी है।

### बोले कार्यवाहक सीएमएस

इस मामले में जब महिला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ अरविन्द आंनद से बात की गई तो उन्होंने बताया हमारे ओपीडी में कुर्सियां पर्याप्त है अगर आप के पास महिलाओं की फर्श में बैठे फोटो हो तो आप हमें आकर दिखाओ।

## होली मिलन समारोह में बंटा प्रसाद



पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र बीघापुर में मां फूलमती सेवा समिति कुंन्दनपुर के तत्वावधान में होने वाला होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कन्या पूजन सहित कई कार्यक्रम संपन्न हुए। कलाकारों में सिंगर आर्टिस्ट अनुप्रिया, आरोही संजना वंदना राखी द्वारा मां के भक्ति मय गीतों द्वारा भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोला मिश्रा कुदी मास्टर, हरिओम मिश्र बबुनी मिश्र, गुड्डू मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, दुर्गा मिश्रा, कोषाध्यक्ष हर्षित बाजपेई, नारायण मिश्रा, पवन कुंदनपुर विशाल सिंह अजय बाजपेई उपस्थित रहे।

## पुरानी बाजार में लगी आग, दुकानें जलकर राख

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र की पुरानी बाजार में बुधवार तड़के करीब तीन बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर फल, सब्जी और कपड़ों की कई दुकानें जलकर राख हो गईं। इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार आग सबसे ज्यादा मुजीब अहमद, अमीन उर्फ पप्पू, अनीस अहमद और अदमान की दुकानों में फैली, जिससे वहां रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। देर रात लगी आग देखते ही देखते तेजी से फैल गई, जिससे आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर खैराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब जाकर आसपास की अन्य दुकानों को सुरक्षित किया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना खैराबाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चौकी इंचार्ज रजनीश ने बताया कि आग लगने के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन भी कराया जा रहा है।

## क्रिप्टो ऐप से 50 करोड़ की ठगी, पुलिस ने 5.11 करोड़ की संपत्ति कुर्क की



सीतापुर। क्रिप्टो एक्सचेंज एप के माध्यम से निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 करोड़ 11 लाख रुपये की संपत्ति कुर्कध्जब्त कर ली है। यह कार्रवाई बीएनएसएस की धारा 107 के तहत की गई है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस, साइबर सेल और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। मामले में रामकोट थाना क्षेत्र के नवीन चौक निवासी विराट राठौर समेत 25 पीड़ितों की शिकायत पर नवंबर 2025 में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार कंपनी के सीईओ व एमडी जयप्रकाश मौर्य, उनकी पत्नी आशा देवी, देवेंद्र मौर्य, नितिका मौर्य और दयाशंकर मौर्य ने मिलकर संगठित गिरोह बनाकर बॉम्बिटेक्स/ बीएमएएक्सएक्स क्रिप्टो एक्सचेंज के नाम से वेबसाइट और मोबाइल एप तैयार किया। इसके जरिए निवेशकों को विभिन्न स्कीमों में पैसा लगाने के लिए प्रेरित किया गया और हर महीने 15 प्रतिशत तक रिटर्न का लालच दिया गया। शुरुआत में कुछ लोगों को लाभ देकर भरोसा बनाया गया, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया गया। जांच में सामने आया कि गिरोह ने अलग-अलग जिलों के लोगों से करीब 50 करोड़ रुपये की ठगी की और रकम को क्रिप्टो वॉलेट व हवाला के जरिए विदेश भेजकर दुबई में संपत्ति खरीदी गई। सीओ सिटी विनायक भोंसले ने बताया कि पहले चरण में 3 करोड़ 30 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क और 51 लाख रुपये बैंक खातों में सीज किए जा चुके हैं। वहीं दूसरे चरण में 1 करोड़ 30 लाख रुपये की संपत्ति, जिसमें उन्नाव जिले के पिछवाड़ा गांव में जमीन और एक मर्सिडीज कार शामिल है, को कुर्क किया गया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह के लालच या गारंटी वाले रिटर्न के झांसे में आकर निवेश न करें और साइबर ठगी की शिकायत के लिए 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत संपर्क करें। अगर चाहें तो मैं इसे और ज्यादा तीखा अखबारी हेडिंग (5-6 विकल्प) में भी बना सकता हूँ, जिससे खबर और प्रभावशाली लगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के निदेर्शों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु बुधवार समय सायं साढ़े चार बजे रत्नेश दीप कमल आनन्द सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय सभागार जनपद न्यायालय में एक बैठक आहूत की गयी।

जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा द्वारा की गयी जिसमें राम राज, अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भव्या तिवारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारीगण उपस्थित रहें उक्त बैठक में इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अपर पुलिस अधीक्षक समस्त तहसीलदार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बिजली विभाग के पदाधिकारी एलडीएम एवं समस्त बैंकों के पदाधिकारीगण फाइनेंस कम्पनी के अधिवक्तागण व बीएस एनएल के पदाधिकारी एवं प्रभारी सम्मन सेल उपस्थित रहें। न्यायाधीश अध्यक्ष द्वारा बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिन बुधवार को सफल बनाये जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराये जाने के लिये वैकल्पिक मंच प्रदान करना है राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल वाद राजस्व सम्बन्धी वाद, श्रम सम्बन्धी वाद भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले आपदा राहत वाद आयकर वाद यातायात चालानी वाद बैंक ऋण वसूली से सम्बंधित वाद प्री लिटिगेशन वाद बैंक रिकवरी एन0आई0एक्ट मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम नगर पालिका अधिनियम उपभोक्ता फोरम वाद से सम्बन्धि मामले, विद्युत एवं जल कर से सम्बन्धित मामले तथा सभी प्रकार के शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराया जा सकता है। जिसके विरूद्ध कोई अपील योजित नही होती है तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वादों का शीघ्र निस्तारण हो जाता है जिससे आम जनमानस को सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त होता है।

## सड़क हादसों में तीन की मौत, एक घायल

सीतापुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए सड़क हादसों ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। अलग-अलग घटनाओं में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रहे एक छात्र और दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसों के बाद परिवारों में कोहराम मच गया और स्थानीय इलाकों में शोक का माहौल है। कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर निवासी मोहित, अंशुराज और शुभम बुधवार सुबह इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए एक ही मोटरसाइकिल से बिसवां स्थित परीक्षा केंद्र जा रहे थे। जब उनकी बाइक रामपुर कला थाना क्षेत्र में कंदुनी गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंशुराज और शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सदरपुर थाना क्षेत्र में संसारपुर गांव की 55 वर्षीय कंचाना बुधवार सुबह मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह पिसावा थाना क्षेत्र के गौरासी गांव की 58 वर्षीय रामा सड़क किनारे टेंपो का इंतजार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रामा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब चार घंटे तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं सिधौली में नेशनल हाईवे पर मानपारा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में अटरिया थाना क्षेत्र के रघुपुर नयागंज निवासी जुनैद (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पैर में फ्रैक्चर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने सभी मामलों में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामलाल सोनी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें उनके साथी अधिवक्ता हीरालाल की भूमि पर थानाध्यक्ष मौरावां के निर्देश पर जारी अवैध निर्माण व वर्तमान एसएचओ को हटाकर न्यायप्रिय अधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार बाजपेई ने सम्बंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भिजवाने का आश्वासन दिलाया है। मौके पर महामंत्री सुमेर सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, संगठन मंत्री प्रतीक दुबे, संयुक्त मंत्री राम नरेश राजपूत व कोषाध्यक्ष रामकृष्ण गौतम आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बार भवन को एसी भेंट किया

सफीपुर, उन्नाव। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ वाजपेयी (राजा बेटा) ने अपने पिता स्व. सुभाष चंद्र बाजपेई एडवोकेट की स्मृति में अधिवक्ताओं के बार भवन में एसी भेंट किया। अधिवक्ताओं ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। तहसील सफीपुर स्थित अधिवक्ता बार एसोसिएशन भवन में होली मिलन समारोह के दौरान नगर अध्यक्षा गरिमा बाजपेई के पति सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने बार भवन में अधिवक्ताओं को गर्मी से निजात दिलाने के लिए एसी भेट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिता स्व. सुभाष चंद्र बाजपेई जीवनभर न्याय व्यवस्था और समाज सेवा से जुड़े रहे। उन्हीं की प्रेरणा से अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए यह छोटा सा प्रयास उनके द्वारा किया गया है, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। अधिवक्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए सौरभ बाजपेयी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामखेलावन कुरील, महामंत्री संजीव शुक्ला, पूर्व महामंत्री श्याम सुंदर यादव, वरिष्ठ, कृष्ण कुमार गौड़, अशोक सेठ, प्रशांत त्रिपाठी, दीपक गौड़ आदि समेत काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान का मिला शव

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे एक वृद्ध किसान का शव खेत में बने फूस बंगले में बुधवार को मिला, मृतक के शव को देख परिवार में कोहराम मच गया, मृतक के शव में चोर के निशान मिलने के साथ ही शरीर पर मिलने से हत्या की आशंका से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भिखारीपुर निवासी कन्हैयालाल निषाद (55 वर्ष) मंगलवार की को शाम रोज की तरह घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत की रखवाली करने गए थे। बुधवार सुबह जब वह घर वापस नहीं लौटे तो उनके बड़े बेटे राकेश निषाद खेत पर पहुंचे। वहां चारपाई पर पिता का खून से लथपथ शव पड़ा देखा, सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को देख हैरान हो गए। परिजनों द्वारा घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मृतक के बेटे राकेश निषाद ने बताया कि करीब छह वर्ष पहले गांव के ही नंगू से एक बिसुआ जमीन खरीदी थी। करीब छह माह पहले उस जमीन पर निर्माण कराने को लेकर नंगू और उसके साथियों ने विरोध किया था और जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों को आशंका है कि इसी विवाद में किसान की हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर चैरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचंद्र ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। मृतक किसान के चार पुत्र राकेश निषाद, सर्वेश निषाद, प्रेमचंद निषाद, परमेश्वर निषाद एवं चार पुत्रियों में निधि, विमला, सरोजनी, किरन हैं। पत्नी राजरानी और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। कन्हैयालाल निषाद खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता व मतदाता जागरूकता अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय और तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संचालित कीं।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह स्वयंसेवकों के व्यायाम और योगाभ्यास से हुई। इसके बाद स्वयंसेवक गोद लिए गए ग्राम रामपुर जंगल पहुंचे, जहां मंदिर और प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान आर्थिक सर्वेक्षण के साथ मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैली निकाली गई। दोपहर के सत्र में डॉ. रविन्द्र नाथ वर्मा ने रक्त समूह और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानवता की सेवा बताया। वहीं विनीत सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. आनन्द कुमार पाण्डेय, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्र, डॉ. अनुप कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बांध सुरक्षा, जीवन रक्षा की मुहिम, सबकी भागीदारी हमारी जिम्मेदारी: राज्यमंत्री रामकेश निषाद

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के अंतर्गत आज बुधवार को जनपद ललितपुर के माताटीला परिसर में बांध सुरक्षा सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यकम में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी रमा निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी व पदश्री से सम्मानित जलप्रोधा उमाशंकर पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी, तकनीकि विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व तकनीकि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

- बांध सुरक्षा अधिनियम–2021, आपदा प्रबंधन एवं जल संरक्षण पर विशेषज्ञों ने दी विस्तृत जानकारी
- माताटीला बांध परिसर में बांध सुरक्षा सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य बांध सुरक्षा के प्रति जनसामान्य में जागरुकता बढ़ाना, सम्भावित आपदाओं के प्रति तैयारियों को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक दो चरणों में चला, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ, पंजीकरण एवं जागरुकता सामग्री किट वितरण से हुआ। इसके उपरान्त जल संकल्प के माध्यम से उपस्थित जनसमूहों को जल संरक्षण, जलस्त्रोतों की सुरक्षा तथा बांधों की सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने का संकल्प के साथ ही राज्यमंत्री द्वारा जल कलश भरा गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि बांध केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि यह लाखों लोगों की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि बांधों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार के साथ-साथ



समाज की भी साझा जिम्मेदारी है, उन्होंने कहा कि बांध सुरक्षा जीवन रक्षा की मुहिम है और इसमें सबकी भागीदार हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बांधों से जुड़े सुरक्षा मानकों, आपदा प्रबंधन, व्यवस्था और चेतावनी प्रणालियों के प्रति जागरुक रहें, बांध और नदियों में कूड़ा, कचरा न डाला जाए।

श्री निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदिथ्यनाथ के द्वारा लिये गए विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ विकसित बुन्देलण्ड का सपना भी तेजी से साकार हो रहा है, उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड जैसे शुष्क क्षेत्र में जल संरक्षण और संसाधनों का विस्तार किसानों की समृद्धि के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण तथा जल प्रबंधन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के डायरेक्टर हेमन्त कुमार, असिसटेंट डायरेक्टर सीडब्ल्यूसी देवेन्द्र कुमार, आईएमडी वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह, डिप्टी कमाण्डेंट एनडीआरएफ नीरज राय, अधिशासी अभियंता सिंचाई भूपेश सुहेरा, पंकज सिंह माताटीला बांध एवं अधिशासी अभियंता शैलेष कुमार राजघाट निर्माण खण्ड सहित सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**पद्मश्री जलप्रोधा व जल विशेषज्ञ उमाशंकर पाण्डेय ने दीं महत्वपूर्ण जानकारी**

कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित जलप्रोधा व जल विशेषज्ञ उमाशंकर पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को बांध सुरक्षा अधिकानियम-2021 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम बांधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी ढांचा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत बांधों के नियमित निरीक्षण, रखरखाव, सुरक्षा मानकों तथा आपातकालीन कार्ययोजनाओं की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बांध सुरक्षा के लिए केवल सरकारी तंत्र ही नहीं बल्कि स्थानीय सामुदायिक जागरुकता और भागीदारी भी अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने वेदवाक्य का उच्चारण करते हुए कहा कि जल रक्षति रक्षितः, जब हम जल की रक्षा करते हैं तो जल हमारे जीवन की रक्षा करता है।

कार्यक्रम के तकनीकि सत्र में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतियां दी गई, इस दौरान एनडीएसए के तकनीकि विशेषज्ञ समीर शुक्ला ने बांध सुरक्षा से जुड़े तकनीकि पहलुओं, जल स्तर निगरानी प्रणाली, आपातकालीन चेतावनी तंत्र तथा बांध टूटने की स्थिति में सम्भावित प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त विशेषज्ञों द्वारा डीआरआईपी परियोजना के उद्देश्यों, आपदा प्रबंधन ढांचे, सम्भावित जलमग्नता मानचित्र, मौसम पूर्वानुमान एवं बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली तथा उपग्रह एवं जीआईएस तकनीकि के उपयोग पर भी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया, इसमें सम्भावित आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा निकासी प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की प्रणाली का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

## बजाज फाइनेंस में 1.71 करोड़ की धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर पुलिस ने बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड व आम नागरिकों के साथ करीब 1 करोड़ 71 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक स्कॉर्पियो कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक कलाई घड़ी बरामद की गई है।

- स्कॉर्पियो कार व मोबाइल बरामद

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मु.अ.सं. 881/25 में वांछित अभियुक्त बैंक कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार उर्फ कार्तिक (31) पुत्र विनोद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक झांसी स्थित बजाज फाइनेंस लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर रिस्क संदीप सिंह सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि महेंद्र बराग, नवनीत सहित अन्य लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी को करीब 1,71,01,703 रुपये का नुकसान पहुंचाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच के लिए एसआईटी टीम गठित की थी। सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अब तक इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि इसी क्रम में वांछित आरोपी दिनेश कुमार को भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस की ललितपुर शाखा में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके आधार, पैन कार्ड आदि दस्तावेज लिए और फर्जी बिक्री व अन्य कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराकर बड़ी रकम हड़प ली। गिरोह में कंपनी के कुछ अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार गिरोह ने वर्ष 2024 और 2025 में फर्जी ऋण आवेदन और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की।

आरोपी ने इस पैसे से स्कॉर्पियो कार खरीदी और ऐशो-आराम पर खर्च किया।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी सतेन्द्र सिंह व महिला कांस्टेबल नीलम शामिल रहीं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## विधायक प्रकाश के प्रयास से होगा आधुनिक सड़क निर्माण



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के सतत प्रयासों के चलते शहर को एक अत्याधुनिक सड़क परियोजना की सौगात मिली है। इस परियोजना के तहत किरण कॉलेज चैराहा से पद्माकर चैराहा, बाकरगंज चैराहा, छावनी होते हुए बाबूलाल चैराहे तक आधुनिक सुविधाओं से युक्त सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग का निर्माण नाला निर्माण एवं रोड चैड़ीकरण के साथ किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान होने के साथ ही यातायात व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी।

- 2388.59 लाख स्वीकृत, 1194.30 लाख अवमुक्त

सड़क के साथ-साथ अंडरग्राउंड केबलिंग, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, छतरी (शेल्टर) एवं अन्य शहरी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा, जिससे यह मार्ग शहर की आधुनिक पहचान के रूप में विकसित होगा। इस परियोजना के लिए शासन से 2388.59 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है तथा 1194.30 लाख रुपए प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त किये गये हैं। मार्ग निर्माण से व्यापारिक गतिविधियों को लाभ मिलने के अलावा शहरवासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। परियोजना की स्वीकृति के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और लोगों की सुविधा के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे, जिससे शहर को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा सके।

## चकबंदी की नकल देने के नाम पर लेखपाल पर रुपये लेने का आरोप

ललितपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम बमरोला निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल पर चकबंदी की नकल देने के नाम पर अवैध रूप से रुपये लेने और बाद में अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बमरोला निवासी मुलायम पुत्र स्व.शिवलाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका गांव चकबंदी क्षेत्र में आता है। आरोप है कि मौजा देहा के लेखपाल प्रवेन्द्र यादव से पहले चकबंदी की नकल ली थी, जिसके बदले लेखपाल ने उससे रुपये ले लिए थे। पीड़ित का कहना है कि 11 अगस्त 2025 को जब उसने एक खाते की नकल मांगी तो लेखपाल ने दोबारा खर्चा देने की बात कही।

इस पर पीड़ित ने बताया कि वह पहले ही रुपये दे चुका है और उसके पास अतिरिक्त पैसे नहीं हैं। आरोप है कि इस बात पर लेखपाल ने उसे डांटकर भगा दिया और अभद्र व्यवहार किया।

## कोर्ट ने सुनाई हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**बिजनौर।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर जनपद में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपराधी को सजा दिलाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार 25 फरवरी 2024 को थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा रानी उर्फ नया गांव निवासी वादी किरन पत्नी शिवकुमार ने थाने में दर्ज कराए मुकदमें में कहा था कि 25 फरवरी 2024 की दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने पति शिवकुमार व अपने ससुर छोटे सिंह पुत्र मक्खन के साथ गांव के निकट अपने खेत पर काम कर रहे थी तभी गांव के ही अमर सिंह व नरपाल पुत्रगण रामेश सिंह व देवेन्द्र पुत्र कोमल व कामेन्द्र पुत्र ओमपाल हाथो में लाठी डण्डे थे अमर सिंह के हाथो में लोहे का सब्बल था हमारे खेत पर आये और आते ही खेत पर काम कर रहे मेरे ससुर छोटे सिंह के सर पर अमर सिंह ने अपने हाथो में लिये लोहे के सब्बल से मारना शुरू कर दिया तभी मेरे पति शिवकुमार मेरे ससुर को बचाने के लिये दौडे फिर इन चारो ने उनपर भी लाठी डण्डो व सब्बल से उनके सर पर वार कर दिया मेरे शोर मचाने पर आसपास पडोस में काम कर रहे कलवा, पीताम्बर व अन्य काफी लोग मौके पर आ गये जिन्होने हमें हमलावरों से बचाया और वह चारो लोग भविष्य में हमें देख लेने की धमकी देते हुए जंगलो में भाग गये। घटना में ससुर छोटे सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि गांव वालो की मदद से गम्भीर रुप से घायल अपने पति शिवकुमार को लेकर थाने आयी हूँ। विवेचना कर रहे उप निरीक्षक हम्बीर सिंह ने जांच के दौरान देवेन्द्र व कामेन्द्र की नामजदगी गलत पाई जिस कारण मुकदमें से उनका नाम निकाल दिया। शेष आरोपी अमर सिंह व नरपाल के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में दी गई जोरदार दलील एंव आरक्षी विपिन कुमार (पैरोकार) द्वारा की गई प्रभावी पैरवी एंव साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने मंगलवार को दो अभियुक्त अमर सिंह, नरपाल पुत्रगण रामेश सिंह को छोटे सिंह की हत्या व शिवकुमार पर जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए आजीवन कारवारस व 70 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## पूर्व एमएलसी, भाजपा नेता समेत 5 पर ईडी की छापेमारी



**बांदा।** लखनऊ से पहुंची ईडी और आईटी की टीम ने शहर में पूर्व एमएलसी व भाजपा नेता समेत 5 कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के शक में की गयी है। छापेमारी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग की संयुक्त टीम शहर के 5 बड़े कारोबारियों और ठेकेदारों के ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग और कथित काले धन के लेन-देन से जुड़े मामलों की जांच में सवेरे से ही जुटी है। सूत्रों का कहना है कि मौरंग कारोबारी सीरध्वज सिंह भाई पूर्व एमएलसी युवराज सिंह व भाजपा नेता दिलीप सिंह, दलजीत सिंह व हिम्मत सिंह से जुड़े दफ्तर, प्रतिष्ठान व आवास कार्रवाई के मुख्य केन्द्र हैं। जांच एजेंसियों की टीम उनके कार्यालयों पर वित्तीय लेन-देन और संपत्ति से जुड़े कागजात खंगाल रही है। बताया जाता है कि शहर के आधा दर्जन से अधिक बड़े कारोबारी बिजली ठेकेदार तथा मौरंग कारोबार से जुड़े लोग भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इस कार्रवाई में अन्य जिलों से आई अधिकारियों की विशेष टीम शामिल है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर में आईटी और ईडी की छापेमारी की जानकारी मिलते ही बड़े व्यापारियों में दहशत का माहौल देखने को मिला। सवेरे अचानक जांच एजेंसियों की टीम ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की तो शहर में चचाओं का बाजार गर्म हो गया।

## जल संचयन के लिए मनरेगा से मेड़बंदी तालाबों का निर्माण

**बांदा।** जल संचय भागीदारी योजना की बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा से मेड़बन्दी, तालाबों का निर्माण तथा नालों की सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को नये शोकपिट का निर्माण कराये जाने तथा पुराने शोकपिटों की सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी को खेत-तालाब योजना के तहत तालाबों की खुदाई, मेडबन्दी तथा छोटे चेकडैम बनाये जाने के निर्देश दिये, जिससे वर्षा जल का संचयन किया जा सके। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को तालाबों का निर्माण कराये जाने तथा चेकडैम बनाये जाने एवं रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संचयन एवं जन भागीदारी पोर्टल पर कराये गये कार्यों के फोटोग्राफ अपलोड करें तथा कराये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खुदवाने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी को रूफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल संचयन के कार्य में तेजी लायी जाए तथा आवश्यक कार्यों को समय से पूर्ण करायें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकरी अजय कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**महोबा।** मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त नें जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन समय से वितरित कराएं एवं वितरण में तौल सही हो इसकी मॉनिटरिंग की जाये तथा गैस की कालाबाजारी को रोका जाये। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मिठाई, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर नियमित जांच कराये तथा मिलावटी खाद्य पदार्थ न बिक्रय होने दें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं शहरी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण इलाके में समय पर पानी की सप्लाई हो। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जर्जर तारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और लोगों के घरों के ऊपर से जो तार निकले हैं, उनको तत्काल हटवाया जाए तथा ज्यादा बिल आने की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए। किसी



भी हालत में विद्युत चोरी ना हो पाए, इसकी चेकिंग की जाए तथा पेयजल आपूर्ति के समय विद्युत कटौती न की जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण किया जाए और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं उनको जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। नवीन कारागार का शेष कार्य जल्द पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य से संबंधित जितने प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं उनको हर हालत में बरसात के पहले पूरा कराया जाए और बड़े प्रोजेक्ट में काम तेजी से कराया जाए तथा सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका व नगर पंचायतों में जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी किए जाएं। त्योहारों को देखते हुए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सफाई कर्मियों की निगरानी की जाए इसके अतिरिक्त आउटसोर्स कर्मियों की तनख्वाह समय से दी जाए। ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जाए। एक सप्ताह में लेखपाल सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करें। नंदनी योजना के तहत लाभार्थियों का चयन करके समय पर लाभ पहुंचाएं। मंडलायुक्त नें कहा कि वरासत के मामले पेंडिंग ना रहें, समय पर सभी कर्मचारी तहसील में पहुंचे तथा सभी उपजिलाधिकारी तहसील में बैठें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में विधवा एवं विकलांग को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि 85 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी बन रही है। फार्मर रजिस्ट्री में 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंडलायुक्त नें कहा कि ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से तकनीकी का प्रयोग किया जाए तथा आईजीआरएस में लापरवाही ना बरती जाए एवं जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित कराया जाए। सभी कर्मचारी समय पर ऑफिस पहुंचे तथा अपने उत्तरदायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित



**बिजनौर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 नवदीप रिणवा (आई0ए0एस0) की अध्यक्षता में अपने भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विधायकगणों एवं राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधायकगणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए आश्वासन भी दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विधायक नजीबाबाद तस्लीम अहमद, विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश आदि द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके निकटतम मतदान केंद्रों पर मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा फार्म 6 का जल्द से जल्द निस्तारण करने के अनुरोध के सापेक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई और मतदाताओं के लिए मतदान करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएं। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिन लोगों के मैपिंग नहीं हो पाई है, ऐसे मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक अभिलेख उपलब्ध कराकर मैपिंग कर सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर फार्म 7 एवं 8 की अद्यतन सूची उपलब्ध है, जिसका कभी भी अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर से संबंधित राज्य स्तर पर लगभग 95ः काम पूर्ण हो चुका है, जबकि जिला बिजनौर में 92 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को उनके द्वारा संपूर्ण एसआईआर को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपत्ति करने के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं और वर्तमान में सभी कार्य पूरी तरह से निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत एसआईआर से संबंधित सभी दावे और आपत्तियों का निस्तारण आदि का कार्य पूरा कर लिया जाए। इस अवसर पर माननीय विधायकगण चांदपुर स्वामी ओमवेश, नगीना मनोज पारस, नहटौर ओम कुमार, नजीबाबाद तस्लीम अहमद, राजनीति के दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, समाजवादी पार्टी से अखलाक उर्फ पप्पू, नेशनल कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## खड़ी फसल में बालू डंप करने पर कार्रवाई की मांग



**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव के किसान ने खेत में खड़ी लाही की फसल में अवैध रूप से बालू डंप किए जाने की शिकायत की है। थाना चिल्ला में तहरीर देकर पपरेंदा निवासी अभय सिंह एडवोकेट ने न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि परिवार की भूमि भूखंड गाटा संख्या-494/495 में खड़ी लाही की फसल में कुछ लोगों ने अवैध बालू डंप करा दी है। पास में ही बालू का बड़ा अवैध भंडारण किया गया है। उसी बालू को जानबूझकर खेत में डलवा दिया गया, जिससे फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित का कहना है कि खड़ी लाही की फसल पूरी तरह खराब हो गई है। खेत को दोबारा ठीक कराने में करीब 50 हजार रुपये तक का नुकसान होने का अनुमान है। मामले की शिकायत चैकी में भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अवैध बालू डंप करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी एक किसान ने खेत में खड़ी लाही की फसल में अवैध रूप से बालू डंप किए जाने की शिकायत की है।

## बहुप्रतीक्षित ललितपुर-जखौरा संपर्क मार्ग का हुआ भूमि पूजन

**ललितपुर।** बुधवार को ललितपुर-जखौरा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं प्रदेश सरकार की विकासपरक नीतियों के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़कों का सुदृढ़ नेटवर्क इस विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि ललितपुरद्दजखौरा संपर्क मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन तथा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बुंदेलखंड में कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम
- विधायक सदर रामरतन कुशवाहा के अथक प्रयासों से मिली सौगात



कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ह्लसशक्त गांवद्दसशक्त भारतद्ध के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग राजेश गुप्ता, सहायक अभियंता विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर ललितपुर सुनील भारद्वाज, खंड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ बरनवाल, प्रभारी निरीक्षक जखौरा राजेश सिंह बैस प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चैबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव गौतम, जिला महामंत्री भाजपा बलराम सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष जखौरा कृपाल सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष जाखलौन देशपत कुशवाहा, भाजपा नेता उत्तम लोधी, कन्हैया कुशवाहा, दीपक चैरसिया, अरस्तु उपाध्याय, अनुराग कंचन, विपिन निरंजन, रोहित रावत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद की हुई बैठक

अयोध्या। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई अयोध्या की महत्वपूर्ण बैठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित की गई ,जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने बैठक की अध्यक्षता की और संचालन महामंत्री रत्नेश सिंह ने किया ,अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेवा पखवारा के अंतर्गत 15 मार्च को वृद्धावस्था आश्रम में मनाया जाएगा, जिसमें सभी परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ,साथ ही आने वाले चैत्र प्रतिपदा हिंदी नव वर्ष का कार्यक्रम 19 मार्च को मनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक अधिवक्ता के माथे पर तिलक लगाकर वर्ष की शुभकामना दी जाएगी।

## रेलवे ट्रेक किनारे घायलावस्था में मिला तेंदुआ, मौत

ललितपुर। रेलव ट्रैक के किनारे एक तेंदुआ घायल मिला। घायल तेंदुए को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। लोगों को देखकर तेंदुए ने उनकी ओर झपटने की कोशिश की। इधर-उधर भागता रहा। घायल होने की वजह से वह थोड़ी दूर चल के फिर जमीन पर गिर गया। थोड़ी देर बाद तेंदुआ बेहोश हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल तेंदुए को बेहोशी की हालत में पशु चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए के ट्रेन से टकराने की आशंका जताई है। जखौरा और बिजरौठा स्टेशन के बीच पोल नंबर 1098 के पास रेलवे ट्रैक किनारे बुधवार को करीब 9 बजे एक तेंदुआ घायल हालत में मिला। स्थानीय लोगों ने रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

इस बीच घायल तेंदुआ लोगों को देखकर घसीटते हुए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद बेहोश हो गया। स्टेशन अधीक्षक ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। करीब आधे घंटे बाद वन विभाग, जीआरपी, आरपीएफ और थाना जखौरा पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची।

तेंदुए को रेस्क्यू कर खौरा रेंज ले गए। वहां पशु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार वन विभाग की सुस्ती के कारण उक्त तेंदुआ तडफ तडफ कर मर गया क्योंकि उसे समय पर उपचार नहीं मिला और वह लोगों के भीड जुटने के कारण डर गया और रेल पटरी किनारे गिट्टीओं एवं पत्थरों पर दो पांवों से घिसटता रहा, लेकिन जानकारी मिलने के उपरांत भी सही समय पर वन विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच सके।

# क्रिकेट सम्राट भारत

भारत ही सही मायने में क्रिकेट का चैंपियन है। वह चाहे टेस्ट हो, एकदिनी हो, टी-20 हो, महिला क्रिकेट हो, अंडर-19 के मुकाबले हों अथवा दृष्टिबाधित क्रिकेट स्पर्धा हो। भारत क्रिकेट के हर फॉरमेट में आज बादशाह बन चुका है। ये तमाम वैश्विक खिताब टीम इंडिया की झोली में हैं। बेशक यह टीम करिश्माई और कमाल की है। टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप लगातार दूसरी बार जीता है। वह इकलौती टीम है। घरेलू जमीन पर, मेजबानी करते हुए, वह एकमात्र विश्व विजेता है। टी-20 के कुल तीन विश्व खिताब ( 2007, 2024, 2026 ) जीतने वाली टीम इंडिया ही इकलौती टीम है। विश्व चैम्पियन रही टीमों को धराशायी इसी टीम ने किया। विश्व कप फाइनल का अभी तक का सर्वोच्च स्कोर, 255/5 रन, भी टीम इंडिया के हिस्से दर्ज हो गया। प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट, संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 321 रन बनाये। लगातार तीन अर्द्धशतक ठोंके। प्लेयर ऑफ दि मैच बुमराह रहे, जिन्होंने टूर्नामेंट में कुल 14 विकेट उखाड़े। बुमराह ने फाइनल में सिर्फ 15 रन देकर न्यूजीलैंड के स्थापित 4 बल्लेबाजों को आउट किया और विरोधी टीम को घुटनों पर ला दिया। बुमराह वरुण चक्रवर्ती के साथ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। बुमराह को खेलने का मतलब है कि आप धुरंधर बल्लेबाज हैं। बहरहाल टी-20 का लगातार दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनकर टीम इंडिया ने कई मील-पत्थर पार किए हैं और स्थापित भी किए हैं। टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया के बल्लेबाज इस तरह खेले मानो कोई वीडियो गेम खेल रहे हों। बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट में कुल 106 छक्के उड़ाये। ऐसा करने वाली टीम इंडिया ही है। यकीनन अद्वितीय खेल, अतुलनीय हुनर, शानदार छक्के! वाकई यह मुख्य कोच गौतम गंभीर समेत सभी कोचों की रणनीति और शांत कप्तान सूर्यकुमार यादव के सटीक और सार्थक फैसलों की अद्भुत, अविस्मरणीय, अतुलनीय और बेशकीमती जीत है। देश जश्न में है। हालांकि कुछ विघ्नसंतोषी ऐसे भी हैं जो इस महाविजय को विवादित करने के लिए खिलाड़ियों के मंदिर दर्शन को लेकर कमेंट कर रहे हैं, लेकिन ऐसे लोगों और ऐसी मानसिकता पर फिलहाल कोई टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी समेत असंख्य हस्तियों ने बधाइयां दी है। यह विश्व चैम्पियन बनना इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह नई पीढ़ी की युवा टीम इंडिया है। इसमें विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल सरीखे विख्यात खिलाड़ी नहीं थे। संजू सैमसन, इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह आदि खिलाड़ी कई मैचों तक पेवेलियन की कुर्सियों पर बैठे रहे। उनका चयन अंतिम एकादश में नहीं किया जाता था। वे वैकल्पिक खिलाड़ी थे। संजू को 4 मैच बैठे रहना पड़ा। अंततः विश्व कप में उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने गेंद के धुएं उड़ा दिए। चौकों-छक्कों की बौछार से सजी पारियां खेलीं। अभिषेक टूर्नामेंट में लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए, लेकिन फाइनल में 18 गेंद पर अर्द्धशतक जड़ दिया। बेशक ये नौजवान खिलाड़ी टीम इंडिया के नगीने हैं। संजू ने 8 छक्कों की 89 रन की पारी फाइनल में खेली, जो विश्व कप क्रिकेट का सर्वोच्च, सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर है। उन्होंने महान विराट कोहली के 77 और 76 रनों के विश्व कप फाइनल के कीर्तिमानों को भी बेहतर किया। यहां सवाल कोच, चयनकर्ताओं और प्रबंधकों की निष्पक्षता, ईमानदारी, पूर्वाग्रही मानसिकता पर है। इस विश्व विजयी उपलब्धि के साथ ही यह सब कुछ बदलना, खत्म होना चाहिए, क्योंकि टीम इंडिया हमारी राष्ट्रीय पहचान भी है। आज टी-20 क्रिकेट में हम दुनिया की नंबर वन टीम हैं। यह सर्वोच्चता बरकरार रहनी चाहिए। टीम इंडिया के ये विश्व चैम्पियन खिलाड़ी भी गली-मुहल्ले की क्रिकेट खेल कर इस स्तर तक पहुंचे हैं। आज क्रिकेट से अजेय रहने की राष्ट्रीय अपेक्षाएं ऐसी हैं, जैसी ब्राजील वाले अपनी फुटबॉल टीम से करते थे कि उसे खेल में नंबर दो भी नहीं होना है। बहरहाल यह ज्यादती और अतिशयोक्ति है, क्योंकि खेल में जीत और हार अपरिहार्य हैं। आज भारत ऐसा देश है, जिसमें क्रिकेट के विश्व चैम्पियनों की पूरी फौज है। उन्हें सलाम और शाबाश! टीम इंडिया के पराक्रम को सलाम।




**भारत में क्रिकेट महज एक खेल नहीं बल्कि देशवासियों की दीवानगी है, यही कारण है कि क्रिकेट के हर फॉर्मेट की बादशाहत भारत के पास है।**

## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

# भारत कर रहा भविष्य के युद्ध की तैयारी


संजय श्रीवास्तव

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना द्वारा भविष्य में होने वाले तकनीक आधारित अत्याधुनिक हथियारों वाले युद्धों की तेज की गई तैयारी को देख, कई देश सहमे और सकते में हैं। मगर यह तैयारी न तो किसी कमजोर को भयाक्रांत करने और न ही बेजा आक्रमण के लिये है। उसकी यह तैयारी भविष्य के युद्धों में अजेय रहने के लिए है।**



एयरफोर्स के डिजाइन ब्यूरो की बनाई प्रणाली ड्रोन को एमएम आई-17 हेलीकॉप्टर से दुश्मन के इलाके के ऊपर हवा में छोड़ेगा। ये हेलीकॉप्टर ड्रोन 50 किलो के हथियार लेकर 40 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। चूंकि ड्रोन भविष्य के नए सूरमा हैं सो वायु सेना कई तरह के अलग अलग क्षमता वाले ड्रोन विकसित करने और खरीदने जा रही है। वह आठ हजार फीट पर उड़ने वाला लाइटरिंग एरियल इंटरसेप्टर, तीन तरह से दुश्मन को चकमा देने, घेरने, मारने वाले स्वार्म एंटी ड्रोन, एयरलांच स्वार्म ड्रोन, एलास्ट्कॉप्टर और दुश्मन के राडार को जाम करने वाले एमुलेटर ड्रोंस, एंटी-राडार डिकॉय स्वार्म, 500 किमी या उससे अधिक की रेंज वाला हाई-स्पीड ड्रोन, टेथर्ड ड्रोन प्रणाली जैसे कई ड्रोन और ड्रोन प्रणालियां अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। वायु सेना चारों दिशाओं से 200 ड्रोन की आमद को एक साथ भांप लेने वाला स्थिर राडार, हवा में एक ऐसा एयर-माइन सेंसर सिस्टम भी स्थापित करने जा रही है जो 2 हजार मीटर की ऊंचाई तक और एक किमी के दायरे में किसी भी तरह के ड्रोन द्वारा हवा में पैदा हलचल को पढ़ लेगा। यहां तक तो ठीक पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद संसार में सबसे सक्षम, इजराइल के आयरन और अमेरिकी गोल्डन डोम से बेहतर आंके गए अपनी वायु रक्षा प्रणाली एस 400 से भी आधुनिक तकनीक वाला स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम विकसित करने जा रही है। इन तैयारियों का सबब क्या है?

बेशक भविष्य के युद्धों के मद्देनजर भारतीय सेना को तकनीकी रूप से उन्नत हथियार, साइबर युद्ध और हाइब्रिड युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए, आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और नई तकनीकों से लैस रहना होगा मगर क्या यह सब इस अनिश्चितता और आशंका के चलते कि पाकिस्तान और चीन मिलकर सेना को ढाई मोर्चे पर फंसा सकते हैं, बांग्लादेश को भड़काकर उधर से भी दिक्कत दे सकते हैं? भारतीय सेना भविष्य के बहुआयामी चुनौतियों वाले युद्ध की तैयारियां तेजी से करती दीख रही है, जो जरूरी है, बदलते भू-राजनीतिक समीकरण, वैश्विक सामरिक परिदृश्य तथा तकनीक के दौर में भविष्य के युद्ध के लिए तैयार रहना लाजिमी है। ऐसे में सेना द्वारा मेजर से लेकर मेजर जनरल और उनके समकक्षों, सभी सैन्य शाखाओं के उच्चाधिकारियों हेतु फ्यूचर वॉर फेयर कोर्स या 'भविष्य के युद्ध' जैसे पाठ्यक्रम चलाना ताकि सैन्य नेतृत्व को युद्ध की बदलती गतिशीलता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और साथ ही सेना के तीनों अंगों के जुड़ाव तथा एकीकरण को भी बल मिले, समझा जा सकता है। बंग्लुरू में एआई इनक्यूबेशन सेंटर चलाया जा रहा है कि सेना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को कुशलता से इस्तेमाल करने के नए तरीके तलाशे जा सकें। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा के सवालों के व्यवहारिक उत्तर पाने के लिये रक्षा शोध एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पिलानी, सेंटर फोर रिसर्च एंड एक्सीलेंस इन नेशनल सिक्योरिटी को जोड़कर दल बनाए जाने से भी साफ होता है कि वह भविष्य के युद्ध के लिये बहुत गंभीर है।

## सामरिक तैयारी

इस दल को इसरो, सेना के डिजाइन ब्यूरो जैसी महत्वपूर्ण एजेंसियों की मदद हासिल है, ये सब भविष्य की रक्षा तैयारियों से संबद्ध रक्षा संबंधी समस्याओं, सवालों और भविष्य की अनसुलझी चुनौतियों का जवाब तलाशेंगी। सेना अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करने के अलावा सीमाओं पर बेहतर निगरानी तथा सुरागरसी के लिये पचासों उपग्रह प्रक्षेपित करने का उपक्रम कर रही है। भविष्य के युद्ध लंबे चलेंगे सो गोला बारूद तथा हथियारों के बारे में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर सत्वर होना स्वाभाविक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना की करिश्माई कारगुजारी और वायु रक्षा का अचूक प्रदर्शन के बावजूद सेना अपनी सुदृढ़ वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह अभेद्य बनाने के लिये नए एयर डिफेंस सिस्टम कुछ ऐसे असुरक्षित क्षेत्रों में तैनाती का विचार उत्तम है। सेना के ऐसे उद्यम देख सामान्यजन यह प्रश्न कर सकता है कि आखिर इतनी तत्परता क्यों? हमारी सेना अपने दुश्मनों के मुकाबले बहुत सक्षम और ताकतवर है, उसका प्रदर्शन शानदार है, फिर किस आशंकित युद्ध के प्रति यह तैयारी है?

सच तो यह है कि भारतीय सेना द्वारा जारी विजन 2047 का लक्ष्य है कि उसे जल्द ही आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और ऐसे आत्मनिर्भर बल में बदलना होगा, जो हर वक्त युद्धस्तर पर तैयार रहे, युद्ध के संचालन में सभी अंगों-उपांगों पर प्रभावी नियंत्रण रख सके, युद्धों को अपने पक्ष में रोकने और जीतने में सक्षम हो। सेना युद्ध के समय देश की दीगर जरूरी जनसेवाओं को सुचारु रखने में सहायक हो और युद्ध मैदान के बाहर भी राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। यह सदैव आवश्यक रहा है कि भारतीय सेना राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए लगातार खुद में विकसित होती रहे, मजबूत, प्रासंगिक और तैयार बनी रहे। किसी भी अप्रत्याशित आक्रमण का तत्काल प्रत्युत्तर दे सके। विदेशी सैन्य उपकरणों पर निर्भरता और युद्धकाल में उसकी आपूर्ति के संकट को देखते हुये रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जरूरत कोई अभी का चलन तो नहीं। इस आरोप के साथ कि नई तकनीक को अपनाने की हमारी गति कुछ धीमी है, रक्षा के क्षेत्र में नई युद्ध रणनीतियों के मद्देनजर अनुसंधान और विकास की प्रक्रिया तेज करने का प्रयास लंबे समय से चल रहा है, बेशक विगत कुछ महीनों में इस दिशा में अपेक्षाकृत तेजी आयी है और कई नए क्षेत्र भी जुड़े हैं पर सच तो यह है कि सेना की यह स्वाभाविक गति है, ऑपरेशन सिंदूर के तत्काल बाद यह गति किंचित तेज इसलिये लग रही है कि उसने 2023 तक को 'परिवर्तन दशक' के रूप में मना रही है और 2024-25 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' नामित किया हुआ है, ताकि भविष्य में वह प्रौद्योगिकी द्वारा चालित एक घातक सैन्य बल बन सके। सेना को तकनीक और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में अत्युन्नत बनाने का यह अभियान तेजी से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। वास्तव में ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना की कारगुजारियों में अचानक आमजन की रुचि बढ़ी है, संचार माध्यमों, सोशल मीडिया ने भी अवसर देखकर संबंधित समाचारों को प्रमुखतापूर्ण स्थान दिया है, जबकि यह उसकी सतत प्रक्रिया का अंग है।

भविष्य में युद्ध के दौरान सैन्य टेक्नोलॉजी के महत्ता बहुत बढ़ जायेगी स्पष्ट है कि दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमले तकनीक दक्षता से ही किए जा सकते हैं और उसी के सहारे जंग जीती जा सकती है। पाकिस्तान को सैन्य तकनीक देने वाले कई हैं। हमें पाकिस्तान की सैन्य क्षमताओं का आकलन अनवरत करते रहने के साथ उसकी सैन्य तैयारियों पर भी पैनी नजर रखनी होगी। पाकिस्तान के मुकाबले हमारी सैन्य शक्ति अधिक है, लेकिन भविष्य का युद्ध अनिश्चितताओं से भरा हो सकता है, परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान भारत के पक्ष में झुके सैन्य संतुलन को बिगाड़ भी सकता है। हालांकि सेना को किसी का भय नहीं, भारतीय सेना और सरकार निर्भीक तथा शांतिप्रिय है। ऐसे में इस कवायद को किसी आसन्न आशंका, किसी देश से भय, अतिशय आक्रामकता अथवा युद्धप्रियता, कूटनीतिक सफलता में संदेह से जोड़कर देखना अतार्किक होगा। यह मानना ही उचित होगा कि ये सारी कवायदें सेना किसी आशंका के चलते नहीं हैं बल्कि परिस्थिति के अनुसार पहले से ही सचेत तथा तैयार रहने की स्वाभाविक बुद्धिमत्ता और वक्त की मांग के तौरपर कर रही है।

## सोशल मीडिया


स्पीकर की कुर्सी द्वि-दलीय होती है, संविधान में यह प्रावधन है कि यदि विपक्ष को लगता है कि अध्यक्ष पक्षपातपूर्ण कार्य कर रहे हैं तो विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। प्रियंका चतुर्वेदी.


कोलकाता पं. बंगाल में स्वामी रामकृष्ण परम हंसजी की साधना स्थली के रूप में प्रसिद्ध पावन दक्षिणेश्वर काली मंदिर में माँ काली के दर्शन व पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। केशव प्र. मौर्य.


ममता बनर्जी सरकार ने एक बार फिर लोक-तांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया। अं. संथाल सम्मेलन के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन राष्ट्रपति का अपमान है। सुधांशु त्रिवेदी.

# ईश्वर का संदेश

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

# साहित्य इवेंट मैनेजमेंट

व्यंग्यलोक

जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, ह्य कौन से से क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।


अशोक गौतम

# शहरीकरण से बढ़ती गर्मी निपटने के प्राकृतिक उपाय


पर्यावरण

चूंकि देश के ज्यादातर राज्यों में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और हम न चाहें तो भी यह अगले दो से तीन दशकों तक बढ़ता रहेगा। इसलिए लगातार बढ़ती गर्मी के साथ न सिर्फ जीना सीखना होगा बल्कि इसका मुकाबला करने के लिए भी उपाय करने होंगे। ठंडी छत ऐसा ही एक उपाय है जिसे एक उम्मीद के रूप में तेलंगाना की सरकार लेकर आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिलेगी ही, उनके बिजली के बिल में भी राहत दिखेगी। हाल के दशकों में जिस तरह लगातार धीरे धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ा है, उसकी कई वजहों में से एक 80 के दशक के बाद देश में हुआ बेतहासा शहरीकरण भी है।

पिछले तीन दशकों में भारत के सभी शहरों में औसतन 1.5 से 2.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढ़ गया है, जिसका कारण छोटे से लेकर बड़े शहरों तक में उगा सीमेंट और स्टील से बना कंक्रीट का जंगल है। जिस बंग्लुरु में पहले मई-जून में जाकर पंखा चलाने की जरूरत पड़ती थी, अब उस बंग्लुरु में फरवरी-मार्च में एसी चलाना पड़ता है। दिल्ली, अमृतसर, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद का हाल इससे बुरा है। मौसम विभाग के आंकलन के मुताबिक पिछले तीन दशकों में पुराने हैदराबाद शहर का सालाना तापमान 1.5 से 2 डिग्री तक बढ़ गया है। सिर्फ हैदराबाद का ही नहीं बल्कि दक्षिण के पठारी राज्यों में लगातार हर गुजरते साल के साथ गर्मी बढ़ रही है। पश्चिमी भारत में इसका क्लासिक उदाहरण पुणे ह। पुणे में भी पहले अप्रैल तक पंखा नहीं चलता था, लेकिन अब यहां भी फरवरी-मार्च में पंखा चलने लगा है। इस गर्मी से निपटने के लिए हम समय समय पर कई तरह के उपाय करते रहे हैं, जैसे एयर कंडीशनर का इस्तेमाल आदि। लेकिन ज्यादातर ये उपाय तात्कालिक रूप से तो गर्मी कम कर देते हैं, लेकिन समग्रता में और दीर्घकालिक स्तर पर ये गर्मी ही बढ़ाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हाल के दशकों में लगातार आर्किटेक्ट भी घर को मौसम के अनुकूल डिजाइन करने पर जोर देते रहे हैं, लेकिन पहली बार तेलंगाना की राज्य सरकार ने गर्मी की इस समस्या से निपटने के लिए एक समग्र नीति और डिजाइन लेकर सामने आयी है, जिसे ठंडी छतों की नीति या 'कूल रूफ' पॉलिसी के नाम से जानते हैं। हालांकि दुनिया में गर्मी से निपटने के लिए पहले से यह तकनीक कई देश और विशेषकर कई शहर अपनाते रहे हैं। लेकिन हिंदुस्तान में किसी राज्य सरकार के रूप में पहली बार 3 अप्रैल 2023 को तेलंगाना सरकार ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती बेतहासा गर्मी से निपटने के लिए एक किफायती और जलवायु अनुकूलन समाधन कूल रूफ नीति लेकर आयी है। राज्य की राजधानी हैदराबाद में जल्द ही चरणबद्ध तरीके से सरकारी, कॉमर्शियल और आवासीय इमारतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। इस प्रक्रिया में उन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जायेगा, जो कुदरती तरीके से धूप का असर कम करती हैं। अगर यह योजना सफल होती है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि सौ फीसदी सफल होगी, तो यह मई-जून की गर्मियों से निपटने के लिए शहरीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा बन जायेगी। हैदराबाद से शुरू होने जा रही इस पॉलिसी को पूरे देश में अपनाया और आजमाया जायेगा। इस योजना के चलते इमारत के तापमान को कम करने की कोशिश की जाएगी।

अगर किसी बिल्डिंग का तापमान कम होगा यानी वो ठंडी रहेगी तो एयर कंडीशनर चलाने की कम जरूरत पड़ेगी, जिससे अच्छी खासी मात्रा में ऊर्जा की बचत होगी। यह अपने आपमें इस योजना का एक बड़ा लाभ होगा। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा साल 2023 से 2028 के बीच हैदराबाद में करीब 300 वर्ग किलोमीटर छतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। साल 2023-24 में 5 वर्ग किलोमीटर की छतों को ठंडी छतों में बदलने का लक्ष्य है। तेलंगाना के आईटी और नगरपालिका प्रशासन मंत्री केटी रामाराव कहते हैं, ठंडी छतें बढ़ती गर्मी से लड़ने और थर्मल कंफर्ट में सुधार करने के लिए काम करेंगी। इस नीति के जरिये राज्य सरकार को अपने शहरों में अर्बन हीट आइलैंड कम करने में मदद मिलेगी। दरअसल अर्बन हीट आइलैंड का मतलब उस स्थिति से है, जब किसी शहर के कुछ खास इलाके शहर के बाकी हिस्सों के मुकाबले ज्यादा गर्म हो जाते हैं। शहर के भीतर मौजूद ऐसे इलाकों को हीट आइलैंड कहते हैं। दरअसल हर शहर में कुछ इलाके ऐसे होते हैं, जो ज्यादा गर्म होते हैं। **इमेज.**

## आप की बात

### युवाओं की भागीदारी बढ़ायें

पार्टियें बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे। यह अच्छी बात है कि भाजपा एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा कर रही है, जो न सिर्फ समय की जरूरत है बल्कि बहुप्रतीक्षित भी है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मौका देने, जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अगर ईमानदारी से काम किया जाये तो राजनीति में जो युवा आगे आयेंगे वे दरअसल 'अपने कर्म और विचार में ताजा हवा के झोंका की तरह होंगे।' ऐसी खबरें मीडिया में चल रही हैं कि भाजपा युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 150 नये चेहरों को मौका देगी। यह भी किएक व्यक्ति को दो-तीन बार से ज्यादा मौका नहीं दिया जायेगा। दो-तीन बार टिकट देने के बाद उनकी सेवाएं पार्टी संगठन में ली जायेंगी और उस स्थान पर नये लोगों का मौका दिया जायेगा। इसी तरह राज्यसभा में किसी व्यक्ति को अधिकतम दो बार मौका दिया जायेगा। यह विचार नया है और इसे पार्टी को आगे बढ़ाना चाहिए।

**जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### स्वच्छ ईंधन को प्रोत्साहन

धरती को बचाने के लिए अब हमे ठेस पहल करनी होगी। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। हमे अपने प्रयासों को और तेज गति से आगे बढ़ाना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिग के भयानक संकट से दुनिया बच जाये।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## कम नहीं हो रही रसोई गैस की समस्या

सोहावल-अयोध्या। उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए क्षेत्र में स्थापित इंडियन और हिंदुस्तान पैट्रोलियम दोनों के गैस गोदाम पर बुधवार को गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी लाइन देखने को मिली है हो हल्ला और अफरा तफरी के बीच गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। बुकिंग के तुरंत बाद आपूर्ति व्यवस्था बदलकर अब तीन दिन बाद आपूर्ति किए जाने की बाद उपभोक्ताओं को बता कर एजेंसी से वापस किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में की जाने वाली होम डिलीवरी पूरी तरह बंद है। इसके बावजूद एजेंसी संचालकों द्वारा होम डिलीवरी कराए जाने का पैसा वसूल किया जा रहा है।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे से पहले आज अयोध्या पहुंचेंगे सीएम योगी

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। महामहिम राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री यहां पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लगभग सुबह 10:05 बजे अयोध्या पहुंचेंगे।यहां पहुंचने के बाद वह सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री राम जन्मभूमि मंदिर में भी भगवान श्रीराम के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री 19 मार्च को प्रस्तावित महामहिम राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे।इस दौरान वह वहां की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात तथा अन्य जरूरी तैयारियों का जायजा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री राम जन्म भूमि परिसर में बने (पी.एफ.सी. सभागार) में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पार्किंग, प्रोटोकॉल व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण और बैठक के बाद मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 12 बजे अयोध्या से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

● हनुमानगढ़ी व श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री अधिकारियों संग करेंगे समीक्षा बैठक

# डीएम ने सुनी शिकायतें



अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# 1.90 करोड़ से बनी टंकी से ग्रामीणों को मिलने लगा स्वच्छ जल



अयोध्या। जिले के बीकापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत भीखी सराय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी से अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया है।इस अवसर पर गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव में करीब एक करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है।इस योजना के तहत अब तक 321 ग्रामीणों को घर-घर पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने लगी है।इससे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। उनके अनुपस्थित रहने पर ग्राम प्रधान ने फीता काटकर जल अर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गिरिना सिंह ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि जल ही जीवन है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कई बार लोग नल खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी बेकार बहता रहता है, ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए।उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मनुष्य, पशु-पक्षी सभी के लिए पानी अत्यंत आवश्यक है, इसलिए हमें जल को बचाकर रखना होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सहित इस योजना से जुड़े कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर विक्रम पांडेय (पंप ऑपरेटर), अनंतराम, इंजीनियर कृष्णा, प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिद्धार्थ शंकर पांडेय, अवर अभियंता कर्मवीर गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के संबंध में डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



बहराइच 11 मार्च। उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 14 एवं 15 मार्च 2026 को 02 पालियों में सम्पन्न होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर बोर्ड की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कलकूलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूट्यूब, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल को लेकर सचेत करते हुए कहा कि शासन द्वारा नकल कराने पर सम्बन्धित के विरूद्व आवष्यक दण्डात्मक कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक नकल को लेकर पूरी से संवेदनशील रहेंगे।जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे।डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। जनपद में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को पहुचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए बस व रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी तैनात किये गये है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत भर्ती परीक्षा में पुरूष व महिला परीक्षार्थियों की तलाशी का कार्य पुरूष व महिला आरक्षियों द्वारा किया जायेगा। उन्होनें कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे।परीक्षा में नकल कराने वालों से पूरी कड़ाई के साथ निपटा जायेगा। परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो इसके लिए कमाण्ड सेन्टर से सीसीटीवी स्क्रीनों पर नजर रखी जायेगी।उन्होनें बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को देवीपाटन मण्डल के आई.जी. अमित पाठक द्वारा भी वर्चुअली सम्बोधित करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## मनुष्य को गंभीर बीमारियों से बचाता है श्री अन्न

अयोध्या। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मोटे अनाजों पर आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण विषय पर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन मोटे अनाजों से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने, मिलेट, पास्ता बनाने की विधि, पोषण महत्व तथा इसके माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि आने वाला समय श्रीअन्न का है।यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा क्योंकि यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी होते हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा साधना सिंह ने बताया कि मोटे अनाज से मूल्य संवर्धन उत्पादन तैयार कर घर बैठे-बैठे आप अपनी आय को बढ़ा सकती हैं।उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों को पीसकर महिलाएं घर में ही बिस्कुट और कुकीज, ब्रेड, नूडल्स और पास्ता, बेबी फूड आदि बना सकतीं हैं। डा. साधना ने बताया कि मोटे अनाजों को पीसकर प्रोटीन पाउडर भी बनाया जा सकता है।

# युद्ध स्तर पर आबकारी विभाग का चल रहा अभियान, 2 गिरफ्तार






बाराबंकी। कच्ची शराब की तस्करी व सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले शराब माफियाओ के खिलाफ युद्ध स्तर पर आबकारी विभाग की छापेमारी कार्यवाही जारी है। खुलेआम राजस्व को नुकसान पहुंचाकर अपनी जेब गरम करने वाले शराब तस्कर भी विभाग की कार्यवाही से भय के माहौल मे देखने को मिल रहे है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन पर चल रहे अभियान के अन्तर्गत आज मंगलवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम इरशाद नगर, अकबर पुर, आल्हनमऊ सहित 18 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी कर 200 एमएल के 25 पौवा टेट्रा पैक विंडीज ब्रांड सहित 45 लीटर शराब को बरामद किया।

मौके पर 2 लोगो को गिरफ्तार करते हुये 1 को जेल भेजा। छापेमारी के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

● 25 पौवा टेट्रा पैक विंडीज ब्रांड सहित 45 लीटर शराब बरामद

# भारत की संप्रभुता, नीतियों, स्वतंत्रता को अमेरिका के हाथों रख दिया गिरवी: रणधीर सिंह सुमन

बाराबंकी। एपस्टीन फाइल्स में भारतीय राजनेताओ के नाम होने के कारण ब्लेकमेलिंग हो रहे नेता ईरान में जनता के नरसंहार का विरोध नहीं कर पा रहे हैं। तथा अमरीका उन्हें कठपुतली की तरह नचा रहा है। उक्त प्रतिक्रिया भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वाधान मे आयोजित प्रदर्शन मे राज्य परिषद रणधीर सिंह सुमन ने व्यक्त किये। पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी से आजादी के बाद नेता में संविधान की व्यवस्था द्वारा जनता द्वारा चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारें बनी और देश के विकास एवं जनता की खुशहाली के प्रयास हुए और साथ में भारत की सरकारों की विदेश नीति एवं कूट-नीति के द्वारा विश्व में भारत को मान-सम्मान और शांति एवं अहिंसा का दूत माना जाता रहा है। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि देश को मजबूरन कई युद्ध भी लड़ने पड़े, और सोवियत संघ जैसे मित्र देशों ने भारत का खुलकर साथ दिया, जिसके चलते पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में देश ने पकिस्तान के दो टुकड़े किये। ज्ञात हो तब अमेरिका पाकिस्तान की मदद कर रहा था। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अमेरिका को कड़ा जवाब दिया था। कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई हैं। तब से प्रधानमंत्री ने लगभग हर मित्र और शत्रु देशों का दौरा किया और देश में प्रचार किया गया की मोदी जी का डंका विश्व में बज रहा है। किसान सभा अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध मैंने रोकवाया। विपक्ष द्वारा बार-बार यह पूछा गया कि ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं, उसे यह अधिकार किसने दिया, परन्तु सरकार के जिम्मेदार मंत्री चुप्पी साधे रहे। सवाल यह है क्या भारत की संप्रभुता, नीतियों, स्वतंत्रता को अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया गया है। इसके उपरान्त महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर नायब तहसीलदार आशूतोष उपाध्याय को सौपा गया। प्रदर्शन करने वालो मो0 कदीर, रामनरेश वर्मा, श्याम सिंह, संतोष कुमार, राजेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक कुमार, आदित्य वर्मा, रीना मोर्या, आफरीन, अंकुल वर्मा, प्रेम चंद वर्मा, करन राजपूत, धर्मेन्द्र शर्मा, सर्वेश यादव, राम नरेश वर्मा, दीपक वर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, मो0 कासिफ, पवन वर्मा, राजकुमार वर्मा, लवकुश वर्मा, दीपक शर्मा, सुन्दर लाल सोनी, संदीप तिवारी, संदीप वर्मा आदि शामिल रहे।

● ईरान में नरसंहार पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन
● एपस्टीन फाइल्स में भारतीय राजनेताओ के नाम होने के कारण हो रहे ब्लेकमेल

# सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग में तृतीय और आईजीआरएस में द्वितीय स्थान किया हासिल

जिला संवाददाता



बाराबंकी। शासन स्तर से विभिन्न विकास कार्यों, लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति तथा जन शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग के आधार पर सीएम डैशबोर्ड में जारी रैंकिंग मे जनपद ने फरवरी माह में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेहतर स्थान प्राप्त किया है।

विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति के आधार पर जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में तृतीय स्थान एंव जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संचालित आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता के आधार पर रैंकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, सतत मॉनिटरिंग एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिसके क्रम में जनपद के सभी अधिकारी जन शिकायतों के समाधान को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

जनपद के सभी अधिकारियों के समन्वित प्रयास, मॉनिटरिंग एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है उपलब्धि: जिलाधिकारी

# तंबाकू छोड़ने की दिलायी गयी शपथ निकाली गयी जागरूकता रैली



बहराइच। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तंबाकू उत्पादों से होने वाली जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। ?मुख्य कार्यक्रम सीएमओ कार्यालय के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पारितोष तिवारी ने किया, जिन्होंने उपस्थित लोगों को धूम्रपान न करने और तंबाकू छोड़ने की शपथ दिलाई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि तंबाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप, अनिद्रा और कैंसर जैसी घातक बीमारियां जन्म लेती हैं। उन्होंने कोटपा (उडळढअ) अधिनियम-2003 की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू की लत छोड़ने के लिए टोल-फ्री नंबर 1800112356 पर मदद ली जा सकती है। उन्होंने आगाह किया कि स्मोकिंग से लंग कैंसर, सीओपीडी, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पैकेट पर चेतावनी लिखे होने के बावजूद लोग इसे नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे पूरा परिवार संकट में पड़ जाता है।युवाओं और युवतियों में तेजी से बढ़ रही स्मोकिंग की लतकैंसर डे केयर सेंटर के प्रभारी डॉ. पारितोष तिवारी ने चिंता जताते हुए कहा कि लड़कों के साथ-साथ लड़कियों में भी स्मोकिंग की लत तेजी से बढ़ रही है। पहले यह हाई-प्रोफाइल सोसायटी तक सीमित था, लेकिन अब आम युवतियां भी सिगरेट, वीड, केनेबिस और निकोटीन गम्स का सेवन कर रही हैं। वहीं, एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि तंबाकू की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। युवाओं को जागरूक कर इन बीमारियों से बचाना हम सभी का कर्तव्य है।शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू बिक्री पर है प्रतिबंध

जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धारा-4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं, धारा-6 के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में और नाबालिगों को तंबाकू बेचना अपराध है।

## बैंको की कार रैली को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी



बाराबंकी। 14 मार्च आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आम जनमानस को जागरुक किये जाने को लेकर विभिन्न बैंको द्वारा कार जागरुकता रैली को जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं लाभों के प्रति जागरूक करना है और बैंक एवं आम जनमानस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। ऋण वसूली मामलों के बैंकों के द्वारा अधिकतम छूट प्रदान कर एन0पी0ए0 मामलों को अधिकाधिक निस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी बैंकों को दी गई है। बैंक मित्र भी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हों और लोग इसका लाभ उठा सकें। सिविल जज सी0डि0 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत ने आगामी लोक अदालत हेतु तैयार कराये गये पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि को प्राप्त कर उसके द्वारा जन जन तक लोक अदालत की सूचना पहुंचाने के लिए सहयोग दिये जाने की अपील की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं प्रभाव के बारे में छात्राओं को दी जानकारी




जैदपुर, बाराबंकी। सहयोगी आरबीपीजी कॉलेज खुशहालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के विशेष शिविर के दूसरे दिन चयनित ग्राम रहीमाबाद एवं सतावां मे मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्येंद्र कुमार कुमार वर्मा ने बौद्धिक सत्र विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना का जीवन में महत्व एवं पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बहुत ही गहनता से चर्चा की। कार्यक्रमाधिकारी हनुमान ज्ञानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व पढ़ाई के साथ साथ सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार वर्मा, रामरूप वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम मे स्वागत गीत ज्योति देवी, रोली, साविका कुमारी, सरस्वती वंदना पूजा देवी, निधि सिंह एंव लक्ष्यगीत बुशरा खातून, शीतांशी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपूर्व वर्मा, दिनेश चंद, इंद्रराज वर्मा, उदय राज, अमरेश कुमार वर्मा, इनायत अली आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सा महाविद्यालय में वैध ब्लड कलेक्शन वायल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है: प्राचार्य मेडिकल कालेज

बहराइच। प्राचार्य, मेडिकल कालेज ने बताया कि महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में इलाज हेतु आये समस्त मरीजों का रक्त की जाँचें एवं सामग्री की उपलब्धता पी.ओ.सी.टी. द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को प्रातः ओ.पी.डी. शुरू होने के पश्चात कुछ अराजक व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय की छवि को धूमिल किये जाने हेतु सेन्ट्रल लैब में निष्प्रयोज्य ब्लड कलेक्शन वायल की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठी खबरें अपलोड/प्रसारित किया गया है, जो पूर्णतया गलत एवं निराधार है। प्राचार्य ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय में प्रयोग हेतु वैध ब्लड कलेक्शन वायल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय की छवि को धूमिल किये जाने हेतु सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठी खबरें अपलोड/प्रसारित की गयी है जो कि पूर्णतया गलत एवं निराधार है।

## आयल और गैस की सुगम आपूर्ति के लिए जारी किये गये सेल्स ऑफिसर्स के मोबाइल नंबर

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में स्थापित पेट्रोल पम्पों पर डीजल-पेट्रोल लेने तथा गैस एजेन्सियों से घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल लेने में यदि आमजनमानस को कोई समस्या होती है, तो सम्बन्धित ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि जनपद में कार्यरत एल.पी.जी. गैस एजेन्सी आई.ओ.सी.एल. के सेल्स आफिसर विवेक शुक्ला मो.न. 8858373148, बी.पी.सी.एल. के सौरभ आनन्द का मो.न. 9735959515 तथा एच.पी.सी.एल. के सेल्स आफिसर अभिषेक कुमार का मो.न. 8090200153 है। इसी प्रकार जनपद में कार्यरत ऑयल कम्पनी आई.ओ.सी.एल. के सेल्स आफिसर शुभम प्रताप सिंह का मो.न. 9450099920, आई.ओ.सी.एल. के सुशील कुमार मीना मो.न. 6377085160, एच.पी.सी.एल. के संजय पाण्डेय मो.न. 9872529281, रिलायन्स/जीयो के हर्ष भारद्वाज मो.न. 9696650945 तथा एस्सार/न्यारा के सेल्स आफिसर मयंक के मो.न. 9910235189 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह के जन्मदिन पर प्रबुद्ध लोगों ने दी बधाई

बहराइच जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह के 57वें जन्मदिवस पर जिला कार्यालय कांग्रेस भवन सभागार में उपस्थित कांग्रेस जनों तथा प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें दीघार्यु और स्वस्थ और सुखी खुशहाल जीवन की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी तथा कांग्रेस भवन सभागार में होली मिलन और रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कर हिन्दू मुस्लिम एकता और सद्भाव कायम रखने का मिशाल पेश किया।इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, उर्फ ज्ञानू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित राजेश शुक्ला डाक्टर एन सिद्दीकी रवि श्रीवास्तव जीतेन्द्र सिंह जीतू गीता सिंह वशीर अंसारी हसन इश्तियाक हमजा शाहिद अनिल सिंह अब्दुल मोईद हुमायूं हामिद अली खान डाक्टर अजीमुल्ला शकील अहमद मोहम्मद आवेश, शरीफ बाबू खान भावेश पाठक शरीफ बाबा सईद अहमद डाक्टर हलीम पूजा भारती मोहम्मद इस्लाम लक्ष्मी देवी सहित तमाम सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने एक दूसरे गले मिलकर तथा पुष्प वर्षा कर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।और विनय सिंह को सफलतापूर्वक देश और समाज में अग्रसर रहने की कामना की।

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम सीज



बहराइच। नगर के देहात कोतवाली इलाके में बिना वैध दस्तावेजों के संचालित एक निजी नर्सिंग होम को जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट व स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंच पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया गया। ये नर्सिंग होम करीब तीन साल से आवासीय भूखंड पर संचालित हो रहा था। देहात कोतवाली इलाके में स्थित जेल रोड इलाके में आर पी चौधरी नाम के व्यक्ति की और से निजी नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से बिना वैध दस्तावेजों के इसका संचालन होने की शिकायत की थी। जिसके बाद बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अनुराग वर्मा व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान चिकित्सक को ओर से कोई भी वैध दस्तावेज न देने पर उसे सीज कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मौके पर संचालित पैथोलॉजी, मेडिकल स्टोर व नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था। इसके साथ ही आवासीय भूखंड का इस्तेमाल किया जा रहा था, चिकित्सक मौके पर अपनी डिग्री भी नहीं दिखा पाए जिसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी की मौजूदगी में सीजर की कार्यवाही की गई है।

संक्षेप

## राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा आज

**अमेठी/रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का अमेठीइरायबरेली संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी 12 मार्च को फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे रायबरेली जाकर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के उपरांत उनका रात्रि विश्राम भूएमऊ में निर्धारित है। दौरे के दूसरे दिन 13 मार्च को सुबह राहुल गांधी जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद वे अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित बहादुरपुर में नैना रिजॉर्ट पहुंचकर अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में राहुल गांधी अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय योगेंद्र मिश्रा के निवास पर आयोजित उनकी तेरहवीं (श्रद्धांजलि) संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे। इस दौरान अमेठी के लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा की विशेष उपस्थिति रहेगी। उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित अमेठी व रायबरेली के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रमों के उपरांत राहुल गांधी लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां से वे दिल्ली रवाना होंगे। उक्त आशय से की जानकारी अनिल सिंह प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी ने दी है।

## तीन के खिलाफ कुर्की का नोटिस जारी करने का आदेश

**सुलतानपुर।** अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एसीजेएम द्वितीय स्मृति चैरसिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए मोतिगरपुर थाने के गौरा गांव की सगी बहनों श्वेता मिश्रा व लाजो मिश्रा पुत्री शिव पूजन मिश्रा और आरोपी रमन मिश्र की संपत्ति कुर्क करने के लिए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही तीनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी। मोतिगरपुर थाने के गौरा गांव निवासी अधिवक्ता रवींद्र मिश्रा ने सात नवंबर 2021 को गांव के रमन मिश्र, मोहन मिश्र, शुभम मिश्र, शिवपूजन मिश्र और उनकी पुत्री श्वेता मिश्रा व लाजो मिश्रा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

## पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में फाइनल बहस जारी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चैधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज मुकदमे में फाइनल बहस जारी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि मामले में बुधवार को बहस शुरू हुई, लेकिन पूरी नहीं हो पाई। एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने शेष बहस के लिए 16 मार्च की तिथि तय की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। इससे नाराज लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

## जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोडने के लिए करें प्रेरित : राहुल




**रायबरेली।** विकास क्षेत्र राही का ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा को लोकेटेड आगनबाड़ी केन्द्रों पर बढावा देने के लिये है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा० सत्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में प्रा.वि राजापुर, प्रा०वि० बेहटा खुर्द, प्रा०वि० कोडर जहानपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उ०प्रा०वि० सराय मुगला के छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश रमण त्रिपाठी, ए०आर०पी० राही द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्री प्राइमरी विद्यालयों में भेजने एवं सम्य-समय पर आयोजित विद्यालीय बैठकों में प्रतिभाग करने की अपील करते हुए जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोडने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों को पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। चहक कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले वंदना प्रावि दिल्लीहार, ललिता बाजपेयी प्रा०वि० दरियापुर व बंदना प्रावि राजापुर, अंजुल यादव प्रा०वि० विनोहरा, शिवानी सिंह प्रा०वि० बेहटाखुर्द, तृप्ति चौहान प्रावि भैदपुर, कल्पना प्रा०वि० एकौना, अनुराग राठौर कपो०वि० कचैदा मो०पुर, प्रीती वर्मा प्रा०वि० पुरे जमुनिहा, जावित्री यादव प्रा०वि० बेला भेला, शिवकली गोंदवारा, श्यामलली राजापुर व वंदना श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहटा खुर्द को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, आशीष कुमार साहू, दिलीप कुमार, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, राजकुमार त्रिपाठी, जतिन मौर्या, गिरजा शंकर, अमृतलाल आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, समस्त नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

## स्वच्छ व हरित विद्यालय रेटिंग प्रतियोगिता के लिए टीमों ने किया निरीक्षण

**महराजगंज/रायबरेली।** स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत विकास क्षेत्र महराजगंज के प्राथमिक विद्यालय दौतरा का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं नीरमन रिसर्च एजेंसी, मुंबई की दो अलग-अलग जाँच समितियों ने विद्यालय पहुँचकर निर्धारित मानकों के आधार पर निरीक्षण किया। विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय दौतरा इससे पूर्व जनपद एवं राज्य स्तर पर निर्धारित 60 मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जिसके बाद विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर के आकलन हेतु किया गया। आकलन के दौरान एनसीईआरटी नई दिल्ली से आए नितेश तिवारी ने विद्यालय के भौतिक परिवेश का निरीक्षण किया तथा बच्चों से स्वच्छता एवं पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे। साथ ही विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता से विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए। इसी क्रम में नीरमन रिसर्च एजेंसी, मुंबई से आए जीवन सिंह ने विद्यालय के स्वच्छता से संबंधित भौतिक संसाधनों का 200 से अधिक मानकों पर विस्तृत आकलन किया तथा बाल संसद एवं ईको क्लब के सदस्य बच्चों से इस प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। जाँच समिति द्वारा विद्यालय के कायाकल्प, भौतिक संसाधनों तथा बच्चों द्वारा संचालित शैक्षणिक, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय गतिविधियों की वीडियोग्राफी भी की गई। इस आकलन के पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर 200 विद्यालयों को विजेता घोषित करते हुए ह्यह्यस्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग प्रतियोगिता पुरस्कार 2025-26ह्व से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा चयनित विद्यालयों के लिए अप्रैल माह में नई दिल्ली में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

- जनपद व राज्य स्तर पर निर्धारित 60 मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राप्त कर चुका है प्रथम स्थान

# छात्र की आत्महत्या मामले में हंगामा, सिटी मजिस्ट्रेट पर अभद्रता का आरोप, एबीवीपी का कलेक्ट्रेट में धरना



**रायबरेली।** जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहर कोतवाली क्षेत्र के तिलक नगर में हाल ही में हुए एक छात्र की दुखद आत्महत्या के मामले से जुड़ा है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट राम औतार पर अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। छात्र नेताओं की मांग है कि सिटी मजिस्ट्रेट सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और कॉलेज के छात्र राम तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच कराई जाए।बुधवार दोपहर करीब 1 बजे एबीवीपी के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय पहुंचे थे। उनका उद्देश्य राम तिवारी की आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपना था। ज्ञापन देने के दौरान छात्र नेताओं और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच तीखी बहस हुई। एबीवीपी कार्यकताओं का आरोप है कि सिटी मजिस्ट्रेट ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपमानजनक व्यवहार किया। इससे नाराज होकर छात्र नेता कार्यालय से बाहर निकल आए और वहीं धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे एबीवीपी पदाधिकारियों ने घोषणा की कि जब तक सिटी मजिस्ट्रेट सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में छात्र जुट गए, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के वर्णन से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दूबेपुर विकास खंड के ग्राम हुबदार तिवारी का पुरवा, पोस्ट दखवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को भक्तिमय वातावरण में समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान की पावन कथा का श्रवण किया। भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा। कथा का वाचन चक्रेश्वरानन्द जी महाराज, श्रीधाम वृन्दावन द्वारा किया गया। अंतिम दिन महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्तों के प्रति उनकी असीम कृपा तथा भक्ति मार्ग के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके प्रेरक प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और भगवान के नाम का स्मरण करते रहे। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान उमाशंकर तिवारी एवं श्रीमती शिव कुमारी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव दर्शन तिवारी, तेज बहादुर तिवारी, काशी प्रसाद तिवारी, बनारसी प्रसाद तिवारी, शिव कुमार तिवारी, संतोष तिवारी, आशीष तिवारी, अनिल तिवारी, सुनील तिवारी और अजय तिवारी सहित तिवारी परिवार के सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया। कथा में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। विपिन तिवारी (गुड्डू), वरुण तिवारी, अनुपम तिवारी, शिवम तिवारी, विशाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि 12 मार्च को हवन तथा 13 मार्च को सायं 4 बजे से ब्रह्मभोज का आयोजन किया जाएगा। कथा समापन के अवसर पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ब्रह्मभोज में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।।

# सार्वजनिक रास्ते पर जलभराव से ग्रामीण त्रस्त

- बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं थमा गंदे पानी का बहाव, डीएम दरबार पहुंचे ग्रामीण



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ थाना के ग्राम दरबानीहार में सार्वजनिक रास्ते पर गंदा पानी बहाए जाने से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को डीएम की चैखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा निजी हित पूर्ण होने के बावजूद जानबूझकर खड़ंजे पर घर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है और आए दिन बच्चे व बुजुर्ग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। जनता दर्शन में पहुंचे ग्रामीणों श्याम दुलारी, राजवती, सुमन, मीना सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के आम रास्ते पर संजय पुत्र श्रीकृष्ण द्वारा लगातार घर का गंदा पानी बहाया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा उसके घर से लेकर श्याम दुलारी के घर तक अंडरग्राउंड नाली का निर्माण भी कराया गया है, ताकि पानी का समुचित निकास हो सके। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली की व्यवस्था होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है और जानबूझकर रास्ते पर गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इससे खड़ंजे पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है और पिछले दो-तीन महीनों से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है। उच्चाधिकारियों के निदेर्शों पर स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचते एपीओ डलमऊ व वीडीओ सरांय दिलावर जैसे अधिकारियो के साथ संजय के घर वालों द्वारा इस कदर अभद्रता की जाती कि उन्हें बचकर भागना पड जाता। वही बीडीओ डलमऊ समेत इंजीनियर व अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की और रास्ते पर गंदा पानी न बहाने की हिदायत दी। लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस वजह से गांव के बच्चे और बुजुर्ग आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और पूरे गांव का रास्ता गंदगी से पट गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत सुनकर निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वही संबंधित मामले में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरांय दिलावर आलोक ऊर्फ विक्की यादव का कहना कि एक घर का पानी तीन तीन जगह से नहीं निकलवाया जा सकता, संजय यादव के कहने पर उनके व्यक्तिगत घर के लिए एक अंडरग्राउंड नाली निर्माण हम लोगों द्वारा करवाया गया है पर अब वो मुख्य मार्ग से गांव के अंदर पानी लाना चाह रहे जो संभव इसलिए क्योंकि कई घरो में जलभराव की प्रबल संभावनाएं इसलिए काम हमेशा जनहित में होगा और निष्पक्षता से।

## बरौंसा में श्री कथा ज्ञान यज्ञ का समापन तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बरौंसा बाजार स्थित जयसिंहपुर रोड पर उर्मिला फ्लोर मिल के बगल ग्राम बरौंसा-अठैसी में आयोजित तीन दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ का बुधवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल में समापन हो गया। समापन दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन अनंत विभूषित भगवान जगदगुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी की कृपा, आशीर्वाद और प्रेरणा से आयोजित किया गया। तीन दिनों तक चले इस कथा ज्ञान यज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा और शिवपुराण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। कथा के दौरान प्रतिदिन पूजन, हवन, आरती, भजन-कीर्तन और रासलीला का आयोजन भी हुआ। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति का भाव देखने को मिला। समापन के अवसर पर भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन बरौंसा, जिला सुल्तानपुर सेवा समिति की ओर से किया गया, जिसमें रामानंद संप्रदाय के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में अविनाश जागुष्ठे, सखाराम भाई जामदार, चंद्रभूषण द्विवेदी, शैलेन्द्र द्विवेदी, शिवेंद्र द्विवेदी, देवीप्रसाद द्विवेदी, राजेंद्र तिवारी, साधु माली, प्रेम शंकर शुक्ला और ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 14 मार्च से कर सकेंगे श्रीराम कथा का अमृत पान

**सलोन, रायबरेली।** नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में रामचरित मानस सम्मेलन समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। समिति के मार्ग दर्शक अमित भारती प्राचार्य व अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी ने सन्युक्त रूप से बताया कि 14 से 18 मार्च तक कस्बे के रामलीला मैदान में विगत वर्षो की भांति राम चरित मानस सम्मेलन व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 1008 श्री श्री महामंडलेश्वर विश्वभूषण दास जी महाराज तुलसी आश्रम चिरगांव झांसी, मानस मर्मज्ञ सिद्ध सदन रिछारिया झांसी, प. देवेंद्र जी रामायणी डबरा, बलराम जी शास्त्री झांसी, दीदी निहारिका जी चित्रकूट, शास्त्री मंजू देवी उरई, अशोक जी शास्त्री झांसी व राम किशोर तिवारी दतिया राम की कथाओं का अमृत पान करायेंगे।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता और बेटी बचाओ रैली




**सुलतानपुर (वीओएल)।** गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन विविध शैक्षिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लेने के साथ हुई।

इसके बाद शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवींद्र शुक्ला तथा डॉ. विक्रमादित्य यादव के निर्देशन में स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए बताया कि नियमित योग और व्यायाम स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सुबह 09:00 बजे योग एवं ध्यान के माध्यम से जीवन का सर्वांगीण विकास विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के प्रशिक्षक अंजनी कुमार दुबे, योग प्रशिक्षक श्नीलम सिंह तथा मनीष कुमार गुप्ता ने हार्टफुलनेस ध्यान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को ध्यानाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि ध्यान से मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और व्यक्तित्व विकास संभव है। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्राम दिखौली में ह्लबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बालिका शिक्षा, महिला सम्मान और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि, डॉ. देवेंद्र मिश्र और डॉ. भोलानाथ सहित कई शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं ज्वाला गुप्ता, शुभी, भूमि सिंह, खुशी शर्मा, निधि, रजिया और अन्य स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## टेबल टेनिस, बास्केटबॉल और हैंडबॉल में खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सुलतानपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल- 10 पदक अपने नाम किए और अयोध्या मंडल में जिले का गौरव बढ़ाया। अयोध्या में 9 से 11 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सुलतानपुर की टीम ने विभिन्न खेल विधाओं में दमदार प्रदर्शन किया।

टेबल टेनिस में सुलतानपुर ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर भदैया की लबी पाल, रिचा यादव और कृतिका शर्मा ने बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि मंजीत और ऋषभ ने बालक वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही के अंशिका, नैंसी, नैतिक, अनुराग और प्रीतम ने भी टीम को स्वर्ण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हैंडबॉल बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय देवगढ़ और उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर की संयुक्त टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं बास्केटबॉल बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय करसा की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिम्नास्टिक बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय वैदहा की आरिफा बानो और साक्षी ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि कुश्ती में रामनगर चेती धनपतगंज की आरती और बारियौना की प्रतिभा ने भी कांस्य पदक जीता। इसके अलावा मास पीटी में उच्च प्राथमिक विद्यालय टेहसा ने रजत पदक प्राप्त कर नया इतिहास रचा। जिले की इस उपलब्धि पर उपेन्द्र गुप्ता ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान कई शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# नगर पालिका परिषद जायस में नारी शक्ति का सम्मान




**अमेठी।** नगर पालिका परिषद जायस में महिलाओं के अद्वितीय साहस, समर्पण और समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा सिंह, अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र तथा डीपीएम सूर्य प्रताप की उपस्थिति में महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज की प्रगति और विकास की आधारशिला है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता के बल पर समाज को नई दिशा दे रही हैं। अध्यक्ष मनीषा सिंह ने कहा कि महिलाओं के साहस, समर्पण और संघर्ष की भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और समाज के विकास में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

## कागजों में हरियाली, जमीन पर सूखे पौधे

**शुकुल बाजार, अमेठी।** पर्यावरण संरक्षण के नाम पर हर साल बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है और लाखों पौधे लगाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन विकासखंड शुकुल बाजार में पिछले वर्ष किए गए वृक्षारोपण अभियान की जमीनी हकीकत अब सवालों के घेरे में है। जानकारी के मुताबिक विभिन्न विभागों को मिलाकर करीब 9 लाख पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था। गांवों के स्कूल परिसरों, सड़क किनारों, तालाबों के आसपास और खाली सरकारी जमीनों पर पौधरोपण कराया गया था। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधे लगाकर फोटो भी खिंचवाई थी, लेकिन समय बीतने के साथ कई स्थानों पर लगाए गए पौधों का कोई निशान तक नहीं दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल पर ध्यान नहीं दिया गया। ट्री गार्ड और नियमित सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण कई पौधे सूख गए या पशुओं द्वारा नष्ट कर दिए गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक यदि पौधों की सही तरीके से देखभाल की जाती तो आज यह पौधे बड़े पेड़ों का रूप ले सकते थे और क्षेत्र में हरियाली बढ़ सकती थी। सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि जहां एक ओर पौधरोपण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में जंगलों की कटाई और वन भूमि पर अतिक्रमण की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। ऐसे में लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर वृक्षारोपण की निगरानी और संरक्षण व्यवस्था कितनी प्रभावी है। क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि शुकुल बाजार में हुए वृक्षारोपण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह सार्वजनिक किया जाए कि लगाए गए करीब 9 लाख पौधों में से कितने पौधे वर्तमान में जीवित हैं।

## डीएम व एसपी ने परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आयोजित की जा रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज व चंद्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निरीक्षक ना०पु० एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 14 तथा 15 मार्च, 2026 (पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में किया जायेगा। इसी क्रम में जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर 14 व 15 मार्च 2026 को दोनों पालियों में परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 3600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के दृष्टिगत जो भी तैयारियां की जानी थी वह सभी पूर्ण कर ली गई है। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## शहीद के अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब



**रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र के गहरौली गांव के वीर सपूत भारतीय सेना का जवान प्रदीप कुमार शर्मा ड्यूटी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में शहीद हो गया। बताया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र में सेना का वाहन खाई में गिरने से यह हादसा हुआ, जिसमें जवान प्रदीप कुमार शर्मा ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की। जैसे ही शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव गहरौली पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। अंतिम दर्शन के लिए गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग उमड़ पड़े। हर किसी की आंखें नम थीं और वातावरण ह्लभारत माता की जयह्व तथा ह्लशहीद प्रदीप शर्मा अमर रहेंह्व के नारों से गूंज उठा। शहीद प्रदीप कुमार शर्मा वर्ष 2010 में भारतीय सेना की 19 सिख रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। अपने पीछे पत्नी कल्पना शर्मा और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पार्थिव शरीर को देखते ही पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।शहीद का अंतिम संस्कार आज सुबह 11बजे बक्सर घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। देश की रक्षा में शहीद हुए इस वीर सपूत को पूरा रायबरेली जनपद नम आंखों से श्रद्धांजलि दिया।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला महिला अस्पताल आंगनबाड़ी केंद्र, जिला कारागार का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नवजात बच्चियों की दादी, नानी, बुआ, मौसी आदि के साथ केक काटकर व 60 महिलाओं को बेबी किट और मिठाई वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना के लाभ व महिला आयोग के हेल्पलाइन नंबर 1800 180 5220 सहित अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार में पाकशाला, महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया तथा महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना एवं माता से साथ आवासित बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टॉफी का वितरण किया। इसके पश्चात वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

संक्षेप

## मुठभेड़ में दो बाइक लुटेरे गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने मंगलवार रात्रि मुठभेड़ के बाद बाइक लूट गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तो के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके पास से तीन लूटी हुई बाइक, दो मोबाइल, अवैध तमंचे बरामद किए हैं। थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि लूट की घटनाओं में शामिल बदमाश पुराना बाईपास रोड स्थित गेल गैस के पास एक खाली प्लॉट में लूटी हुई बाइको को बेचने की फिराक में है। तभी टूंडला पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके से पकड़ लिया गया। इस दौरान पकड़े गये अभियुक्तो ने अपने नाम ओमवीर पुत्र पप्पू और अमन पुत्र सतीश चंद्र निवासीगण नगऊ, थाना टूंडला बताया है। इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे चार खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस तीन लूटी हुई बाइकें और दो मोबाइल बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्तो ने विगत 28 फरवरी को नया रसूलपुर निवासी अमित की बाइक लूटी थी। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों सौरभ विक्रम और अर्जुन उर्फ पूर्वी के भी इस गिरोह में शामिल होने की जानकारी दी है। पुलिस इन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## 18 से 20 मार्च मथुरा-वृंदावन में रहेंगीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु तीन दिवसीय मथुरा ब्रज भ्रमण पर आ रही हैं। वह 18 से 20 मार्च तक मथुरा और वृंदावन में रहेंगी। वह गोवर्धन परिक्रमा लगाने के साथ ही रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम की कैंसर यूनिट का लोकार्पण भी करेंगी। इसके अलावा भी कई मंदिरों में दर्शन करेंगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु अपने दूसरे दौरे पर तीन दिवसीय यात्रा पर 18 मार्च को वह गोवर्धन की परिक्रमा लगाएंगी। 19 मार्च को राष्ट्रपति विभिन्न मंदिरों में दर्शन करेंगी। 20 मार्च को वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नव स्थापित कैंसर यूनिट का लोकार्पण करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर, इस्कान मंदिर, प्रेममंदिर, दावानल कुंड स्थित उड़िया बाबा आश्रम, वात्सल्य ग्राम भी पहुंचेंगी।

## बहू ने प्रेमी संग मिलकर कर दी थी सास की हत्या

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव भंकरपुर बसैला में पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व बृद्ध महिला की हत्याकांड का खुलासा किया है। पुत्रबधू को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में देख लेने पर बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की तकिया से मुहं दबाकर हत्या कर दी। और इसे हार्ट अटैक का रूप देकर मृतका के शव को कब्रिस्तान में दफन करवा दिया गया। क्षेत्राधिकारी महावन स्वेता वर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया की 2 मार्च को भंकरपुर बसेला निवासी अनवरी बेगम की मौत हो गयी थी उस समय मृतका के पति अनवर गांव से बाहर थे। 3 मार्च को अनवरी के शव को दफना दिया गया। दो दिन बाद पुत्रवधु हिना का ननद से झगड़ा होने पर हिना ने हत्या करने की बात कही। इसको लेकर पति अनवर को शक होने पर 8 मार्च को महिला के पति अनवर खान ने एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया वही डीएम मथुरा से मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने की गुहार लगायी।

# 76 छात्रों का प्रिसाइस रिसर्च सोल्यूशन ने किया चयन



संस्कृति विवि

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के बीसीए, बी.टेक, डिप्लोमा सीएसई और एमसीए के 76 विद्यार्थियों को डेटा एनेलिसिस करने वाली प्रतिष्ठित कंपनी प्रिसाइस सोल्यूशन ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल के आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि प्रिसाइस रिसर्च सोल्यूशन अलग-अलग तरह के शोधकताओं, जानी-मानी एमआर कंपनियों और अंतिम ग्राहकों को शुरू से आखिर तक की शोध डेटा इकट्ठा करने की पूरी रेंज वाली सेवाएँ दे रहा है। कंपनी की टीम सबसे मुश्किल शोध जरूरतों को भी संभालने में माहिर है और हर शोध काम से ग्राहकों को पूरी, सही और काम आने वाली जानकारी पाने में मदद करती है।

कैंपस प्लेसमेंट के दौरान तीन स्तरीय चयन प्रक्रिया में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में सफलता हासिल की है। कंपनी ने संस्कृति विवि के बीसीए, बी.टेक., एमसीए, और डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को अपनी कंपनी के लिए चयनित किया है। कंपनी में चयनित संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में दानिश सिंह, हनी कुमार, मोहम्मद अली, पुनीत शर्मा, अभय सिंह, अर्जुन चैधरी, राजन शर्मा, कशिश यादव, कमलकांत शर्मा, प्रवीन कुमार, आशीष, विवेक सिकरवार, अर्पित कुमार, रोहित मणी त्रिपाठी, सचिन कुमार, सौरभ कुमार, हेमंत कुमार, माधव गुप्ता, अमित सिंह, गौरव शर्मा, मनोज, गौरव, हरीओम, सचिन राठौर, आशीष यादव, रोहित कुमार, सचिन बघेल, लोकेंद्र सिंह, हसन रजा, प्रिंस शर्मा, जतिन कुमार, मुकेश चाहर, गिरीश गौर, चंदन पांडे, देवेंद्र सिंह, करन सिंह, विशाल, राकेश, लक्षमन, सीताराम, पुनीत कुमार नागर, शिवम शर्मा, योगेश, विक्रम, सचिन, जीतू सैनी, हेमंत शर्मा, अमित राम, गजराज, ईश्वर, विष्णु कुमार, हेतराम, माधवी, मनीष, लक्षमण, ललित, ईशा शर्मा, कौशिकी दुबे, सूरज प्रजापति, संस्कार, श्याम, राहुल कुमार, अनुज, पुष्पेंद्र, दिवांशु कुमार, श्याम सिंह हैं। संस्कृति विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## जिलाधिकारी ने निराश्रित-बेसहारा को संरक्षित करने के दिये निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी की अध्यक्षता में निराश्रित बेसहारा गौवंशों को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित एवं भरण पोषण की व्यवस्था हेतु जनपद स्तरीय गो-संरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेंद्र नारायण शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त उप-मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि जनपद में समस्त निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित करें। गौशालाओं में संरक्षित सभी गोवंश का नियमित हेल्थ चेकअप किया जाना सुनिश्चित करें। बीडीओ को निर्देशित किया कि वह नियमित गौशालाओं का निरीक्षण करें एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में निर्माणाधीन गौशालाओं की प्रगति से अवगत कराने के साथ-साथ लगातार भ्रमण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं को भुगतान ससमय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर तथा उक्त कैमरों का लिंक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में उपलब्ध कराए,



जहां से निरंतर गौशालाओं की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गौवंशों हेतु हरा-चारा, भूसा, खर, शेड, पेयजल आदि की व्यवस्था में कमी नहीं होनी चाहिए। गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में शेड की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। उक्त कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सोत नदी पर्यावरण पुनर्जीवन ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष बने करतार पोनियां



**टूण्डला।** सोत नदी के संरक्षण व पर्यावरण सुधार के लिए कार्यरत सोत नदी पर्यावरण पुनर्जीवन संगठन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने करतार सिंह पौनिया को संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह निर्णय ट्रस्ट की समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। नियुक्ति की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने कहा कि करतार सिंह पौनिया लंबे समय से सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि पौनिया के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सोत नदी के संरक्षण स्वच्छता और पुनर्जीवन के लिए चलाए जा रहे अभियान को और अधिक गति मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद करतार सिंह पौनिया ने ट्रस्ट के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सोत नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने, उसके प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्जीवित करने और लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस नियुक्ति की सूचना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को भी भेज दी गई है, ताकि प्रदेश स्तर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में समन्वय स्थापित किया जा सके। करतार सिंह पौनिया की इस नियुक्ति पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है तथा आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगा।

# पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को बैठक



**फिरोजाबाद।** आगामी 14 एवं 15 मार्च को होने वाली पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई, इस दौरान एडीएम न्यायिक अरविंद द्विवेदी मौजूद रहे, बैठक में जानकारी दी गई कि इस परीक्षा के लिए कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, परीक्षा दो दिनों में कुल चार पालियों में आयोजित की जाएगी, हर पाली में 1920 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि चार केंद्रो पर प्रति पाली 240 छात्र, जबकि एमजी बालिका इंटर कॉलेज व एमजी बालिका पीजी कॉलेज में प्रति पाली 480-480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, निर्धारित परीक्षा केंद्रों के नाम एमजी बालिका इंटर कॉलेज एमजी बालिका पीजी कॉलेज सीएल जैन डिग्री कॉलेज, एसआरके डिग्री कॉलेज दाऊ दयाल डिग्री कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज डीएम ने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देश जारी किए कि परीक्षार्थी की पहचान सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी फर्जी अभ्यर्थी किसी दूसरे के स्थान पर परीक्षा न दे सके, परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले मुख्य गेट अनिवार्य रूप से बंद कर दिया जाए, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक क्लासरूम में दीवार घड़ी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, साथ ही साथ परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हर सेंटर पर क्लॉर्क रूम अवश्य होना चाहिए, परीक्षा कक्ष में मोबाइल स्मार्ट वॉच या किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा, पानी पिलाने या अन्य सहायक स्टाफ की संख्या सीमित रखी जाए, हर केंद्र पर आपातकालीन स्थिति के लिए डॉ0 की टीम तैनात कर दी गई है। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है की सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें।

# सामौर बाबा महोत्सव में कन्हैया मित्तल के भजनों से झूमा शहर

- श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब
- भक्ति महोत्सव में पहुंचीं मंत्री बेबी रानी मौर्य, महोत्सव की सफलता में मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की खूब प्रशंसा, भजन संध्या बनी यादगार आयोजन



**फिरोजाबाद।** सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव में मंगलवार को आयोजित भजन संध्या अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुई। इस संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं के दिलों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर भक्तों ने तालियां बजाकर और भक्ति में डूबकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में सिर्फ सिरसागंज और फिरोजाबाद ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ी। भक्तजन जो राम को लाए है, और भगवान खाटू श्याम व भगवान राम की भक्ति में रचे गीतों पर झूम उठे। पूरा धाम भक्ति की अद्भुत ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजकों ने इस भजन संध्या को महोत्सव का सबसे यादगार और आकर्षक आयोजन बताया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे अद्भुत, प्रेरणादायक और दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। इस दौरान महिला विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा, कि सामौर बाबा महोत्सव में भक्तों की इतनी बड़ी संख्या देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। यह आयोजन न सिर्फ भक्ति और संस्कृति को आगे बढ़ाता है, बल्कि समाज में सामूहिक प्रेम और श्रद्धा की भावना को भी मजबूत करता है। मैं विशेष रूप से जयवीर सिंह की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। उनके समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव हर दृष्टिकोण से सफल और यादगार बन पाया है। भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कहा, सामौर बाबा महोत्सव में अपने भजनों के माध्यम से भक्तों के बीच भावनाओं की ऊर्जा को महसूस करना मेरे लिए अत्यंत आनंददायक अनुभव रहा। श्रद्धालुओं की भावपूर्ण सहभागिता ने इस संध्या को और भी खास बना दिया। मैं विशेष रूप से मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनकी मेहनत से यह महोत्सव इतने भव्य रूप में आयोजित हो पाया। फिरोजाबाद से महोत्सव में पहुंचे विकास पांडे ने कहा कि भजन संध्या ने उनके मन को छू लिया और पूरे कार्यक्रम में भक्ति की अद्भुत ऊर्जा महसूस हुई। वहीं सिरसागंज की रितु सिंह ने बताया कि कन्हैया मित्तल के भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों के कारण यह महोत्सव बेहद यादगार और शानदार बन गया।

## रोजगार मेला आज

**मथुरा।** 12 मार्च को जिला सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर, एवं बी०एस०ए० कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में 3000 से अधिक रिक्त पदों पर मथुरा, दिल्ली- एन०सी०आर०, देश की 30 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कम्पनियों के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तथा वेतन रू0-12000 से 35000 प्रतिमाह कम्पनियों के शतानुर्सार। शैक्षिक योग्यता- जू०हा०, हाईस्कूल, इण्टर, आई०टी०आई०/डिप्लोमा, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट आदि अर्हता वाले इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना निःशुल्क ऑनलाइन पंजीयन कराकर 12 मार्च को आयोजित वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## प्रमाणपत्र देकर डायरिया चैम्पियंस को किया गया सम्मानित

**मथुरा।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा और आगामी स्टॉप डायरिया कैम्पेन की रणनीति पर एक बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। डायरिया से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जाना चाहिए और जनपद में ऐसा करने वाले स्वास्थ्य कर्मी डायरिया चैम्पियंस की श्रेणी में आते हैं और ऐसे ही चैम्पियंस को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पीएसआई इंडिया के अजय कुमार ने विगत तीन माह की प्रगति एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जनपद में कई गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही पिछले स्टॉप डायरिया कैम्पेन के दौरान की गई गतिविधियों के बारे में बताया गया, साथ ही आगामी कैम्पेन की प्लानिंग पर चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की गयी है। इसके अलावा अतिरिक्त छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया जा रहा है। बैठक में नोडल एनयूएचएम डॉ एस पी राठौर ने जिंक और ओआरएस के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की समीक्षा बैठक

- बैठक में संगठन के विस्तार पर हुआ मंथन

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के सेठबाड़ा स्थित कार्यालय पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रदीप सरोहा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग डूंगर सिंह उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि भाजपा और संघ की सांप्रदायिक विचारधारा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के विचारों को आगे बढ़ने से रोकने का काम किया है।




उन्होंने कहा कि आज वही लोग सत्ता में बैठे हैं जो दलितों के विकास के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग जल्द ही प्रत्येक विधानसभा, ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर दलित चैपाल आयोजित करेगा, जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदीप सरोहा और प्रदेश उपाध्यक्ष डूंगर सिंह को संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों और कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि वह बाबा साहेब द्वारा संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के मूल सिद्धांतों को बदलना चाहती है। कांग्रेस इसका सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेगी। बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रवीण भास्कर एडवोकेट ने किया। इस दौरान उप्र राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मानवेंद्र पांडव, भरतलाल व गीता दिवाकर व अन्य वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में प्रदीप सागर (सेवादल अध्यक्ष), एड. दुष्यंत राहुल, डॉ.सीपी सिंह, जितेंद्र कुमार, गुलशन, प्रवीन बौद्ध, नेम सिंह, श्री प्रसाद, चंद्रभान, राजेश, भूपेंद्र, बबलू, पूरन सिंह, ज्ञान प्रकाश, अजीत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्या ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं




**फिरोजाबाद।** राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं की जनसुनवाई की, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था, जनसुनवाई के दौरान सदस्य महिला आयोग ने सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए की महिलाओं से संबंधित जो भी शिकायतें लंबित हैं, उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए, पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि थानों में आने वाली महिलाओं की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और गंभीर मामलों में बिना किसी देरी के एफ0आई0आर0 दर्ज की जाए, आज की जनसुनवाई के दौरान कुल आठ शिकायतें आई, इन मामलों में घरेलू हिंसा महिला उत्पीड़न और संपत्ति विवाद जैसे विभिन्न गंभीर प्रकरण सामने आए, महिला आयोग की सदस्य ने एक-एक कर सभी पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता पूर्वक सुना, उन्होंने अंत में कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पीड़ित महिला न्याय की आस में भटकने को मजबूर न हो, प्रशासन और पुलिस से समन्वय बनाकर महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए तत्पर रहना होगा, इस दौरान उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर इत्यादि आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## तमंचा दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर तमंचा दिखाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। दिनांक 10-03-2026 को थाना शिकोहाबाद पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त अर्जुन उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल पर बैठा कर ले गया और भांडरी नहर पुल के पास तमंचा दिखाकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया, उसी दौरान स्थानीय लोगों द्वारा अभियुक्त को पकड लिया एवं बच्ची के परिजनों व पुलिस को सूचना दी गयी। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को मौके से हिरासत में लेकर वादी की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से गहनता से पुछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा तमंचा के बल पर गलत काम करना बताया। जिसे अभियुक्त द्वारा भांडरी नहर पुल के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। इसी क्रम में थाना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अर्जुन पुत्र रामखिलाडी निवासी ग्राम विदरखा थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद को लेकर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा की बरामदगी हेतु घटनास्थल भांडरी नहर पुल के पास आए, जहां अभियुक्त द्वारा काफी देर झाड़ियों में इधर उधर तलाश करने के दौरान अचानक झाड़ी से एक तमंचा निकालकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें पुलिस पार्टी बाल बाल बची। अभियुक्त अर्जुन द्वारा पुनः फायर करने का प्रयास किया गया जिसे रोकने के लिए पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्त अर्जुन के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा एक खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये। पुलिस ने अभियुक्त को उपचार हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय भेज अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो वायरल करने वाले वाँछित अभियुक्त मुजीब अंसारी पुत्र मौहम्मद मुस्लेमिन निवासी बिजनौर रोड हनीफ कालौनी थाना कोतवाली देहात बिजनौर को टूण्डला बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीते तरुण व दिव्यांशु का हुआ जोरदार स्वागत



**मथुरा।** वाराणसी में संपन्न हुई अंडर-15 कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाने वाले पहलवान तरुण सिसोदिया और दिव्यांशु सिसोदिया का जगह जगह स्वागत किया जा रहा है इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित छाता क्षेत्र के गांव अकबरपुर के उजाला एचपी सेंटर पर तरुण व दिव्यांशु पहलवान का पटुका, फूल माला पहनकर ढोल-नगाड़ों के साथ जोशीला स्वागत किया गया। वाराणसी में 17 से 19 फरवरी तक आयोजित इस चैंपियनशिप में तरुण सिसोदिया ने 41 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक (सिल्वर मेडल) और दिव्यांशु सिसोदिया ने 38 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) जीतकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का एक बेहतर संदेश भी दिया है कार्यक्रम के आयोजक विद्युत विभाग के पूर्व एम डी एवं पूर्व सरकार के विधुत सलाहकार कृपाल सिंह ने दोनों ही पहलवानो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह ने कहा कि युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत होने के लिए खेलों को माध्यम बनान जरूरी है। ?खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुष्यंत सिंह, कृष्णा सिसोदिया, प्रमुख दाताराम सिसोदिया, सौदान सिंह राजपूत, रतन सिंह, दीवान सिंह, राज सिसोदिया आदि ने दोनों पहलवानों को अपना आशीर्वाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## शिक्षकों के पोस्टकार्ड अभियान ने पकड़ी गति

**मथुरा।** आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी लागू करने के निर्णय के विरोध में परिषदीय शिक्षकों ने बुधवार को भी राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेज कर विरोध जताया। शिक्षक की पाती अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और शिक्षकों पर से टीईटी की अनिवार्यता हटाने की मांग की। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले चलाए जा रहे अभियान के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, यूटा, एससीएसटी बेसिक शिक्षक संघ, उर्दू बीटीसी शिक्षक संघ समेत अन्य घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों से पोस्टकार्ड लिखवा कर विरोध दर्ज करवाया। प्रा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी ने कहा शिक्षक पोस्टकार्ड को साथ अब ईमेल व सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से राष्ट्रपति, पीएम, नेता प्रतिपक्ष व सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से शिक्षा का अधिकार नियम लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों पर से टीईटी की बाध्यता हटाने की मांग करेंगे। इस दौरान विशिष्ट बीटीसी एसो. के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र चौधरी, यूटा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, जिला मंत्री विकास यादव, प्रा.शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव, उर्वशी त्रिपाठी, खुर्शीद अहमद, सुधीर सोलंकी, उपेन्द्र पांडेय, जितेन्द्र जोशी, अवधेश, हरीश शर्मा, जयपाल सिंह व अन्य शिक्षक संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## वी-गार्ड को मिला लक्सक्यूब वॉटर हीटर के लिए जर्मन डिजाइन अवॉर्ड 2026

नयी दिल्ली। वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने अभिनव लक्सक्यूब वॉटर हीटर के लिए प्रतिष्ठित जर्मन डिजाइन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। जर्मन डिजाइन काउंसिल द्वारा दिया जाने वाला यह अवॉर्ड प्रोडक्ट डिजाइन में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। इस अवॉर्ड समारोह का आयोजन फ्रैंकफर्ट में हुआ, जिसमें 17 देशों के प्रमुख डिजाइनर और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। 2026 संस्करण में 57 देशों से 3,900 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिससे यह वैश्विक स्तर पर सबसे प्रतिस्पर्धी डिजाइन प्लेटफॉर्म्स में से एक बन गया। ऐसे विविध और उच्च-स्तरीय प्रतिस्पर्धी माहौल में विजेता बनना वी-गार्ड की उस सोच को दशार्ता है कि सार्थक डिजाइन में उपयोगिता, खूबसूरती और रोजमर्रा की जरूरतों का संतुलित मेल होना चाहिए। यह लगातार दूसरा साल है जब कंपनी को जर्मन डिजाइन अवॉर्ड मिला है। इससे पहले पिछले वर्ष इनसाइट-जी बीएलडीसी फैंस को भी यह सम्मान मिला था, जिससे कंपनी की वैश्विक डिजाइन पहचान और मजबूत हुई है। वी-गार्ड के पुरस्कार-विजेता लक्सक्यूब वॉटर हीटर आधुनिक घरों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसकी उन्नत इंजीनियरिंग और प्रीमियम डिजाइन शैली इस बात को दर्शाती है कि वी-गार्ड रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों को भी बेहतर बनाने पर लगातार ध्यान दे रहा है।

## निप्पॉन पेंट इंडिया की हंबल बी से साझीदारी

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया ने नवप्रवर्तन और टिकाऊ अभ्यासों के जरिए भारत के मधुमक्खी पालन पारितंत्र में परिवर्तन लाने की दिशा में काम कर रही एक उद्देश्य संचालित सामाजिक उपक्रम हंबल बी के साथ रणनीतिक साझीदारी करने की घोषणा की है। इस गठबंधन के तहत जमीनी स्तर पर भारत के मधुमक्खी पालन ढांचे को मजबूत करने के लिए उच्च निष्पादन, पारिस्थितिकी को लेकर संवेदनशील कोटिंग्स विशेषज्ञता का उपयोग कर सटीक इंजीनियरिंग द्वारा निर्मित मधुमक्खी के छत्ते लगाए जाएंगे। इस पहल के तहत लकड़ी के छत्ते का टिकाऊपन, सुरक्षा और काम करने की अवधि बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा जिससे मधुमक्खी की कालोनियों को स्वस्थ रखने और ग्रामीण आय बढ़ाने में मदद मिल सके।

## एचडीएफसी लाइफ ने जारी किये आरएलआई के क्षेत्रीय निष्कर्ष

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ ने उत्तर भारत के लिए अपने रेडी फॉर लाइफ इंडेक्स (आरएलआई) के क्षेत्रीय निष्कर्ष जारी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह क्षेत्र वित्तीय रूप से आत्मविश्वासी तो है लेकिन लंबी अवधि की वित्तीय तैयारी के मामले में सुधार की आवश्यकता है। इप्सोस इंडिया के साथ मिलकर तैयार की गई इस रिपोर्ट में चार प्रमुख पहलुओं, वित्तीय योजना, आपातकालीन तैयारी, हेल्थ व वेलफेयर और रिटायरमेंट प्लानिंग आदि पर लोगों की धारणा और वास्तविक तैयारी का आकलन किया गया है। उत्तर भारत का आरएलआई स्कोर 56 है। यह अखिल भारतीय औसत 59 से थोड़ा कम है। सर्वे में धारणा और वास्तविक कार्रवाई के बीच 30 अंकों का अंतर सामने आया है। यह दिखाता है कि लोगों का आत्मविश्वास तो अधिक है, लेकिन वित्तीय तैयारी के लिए ठोस कदम अपेक्षाकृत कम उठाए जा रहे हैं। उत्तर भारत में वित्तीय आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षाएं काफी मजबूत हैं। खासकर दौलत बनाने और परिवार की सुरक्षा को लेकर। रेडी फॉर लाइफ इंडेक्स यह दिखाता है कि लोग आत्मविश्वास को वास्तविक तैयारी में बदलने की इच्छा रखते हैं। चाहे वह सुरक्षा हो, आपातकालीन तैयारी हो या रिटायरमेंट की योजना। हमारा उद्देश्य लोगों को हर जीवन चरण में अपनी वित्तीय तैयारी को मजबूत करने के लिए प्रेरित करना है।

## ऑस्ट्रिया अपने भंडार से तेल जारी करेगा

बर्लिन। जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने कहा है कि वे अपने तेल भंडार का एक हिस्सा जारी कर रहे हैं। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के उस अनुरोध के बाद लिया गया है, जिसमें सदस्य देशों से ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा की कीमतों में आए उछाल को कम करने के लिए 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने को कहा गया है। आईईए सदस्य देशों द्वारा आपातकालीन भंडार से की गई।

# सेंसेक्स में 1342 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई।

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है। कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये में कमजोर रुख ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को और कम कर दिया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे। पिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है क्योंकि निवेशकों को नए निवेश से पहले अमेरिकी और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्पष्ट संकेतों की प्रतीक्षा है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से आर्थिक परिदृश्य पर पड़ सकता नकारात्मक असर, वृद्धि 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान



मुंबई। पश्चिम एशिया में संघर्ष, यदि लंबा चलता है तो कच्चे तेल और जिंस की कीमतों पर इसके प्रभाव के कारण भारत के आर्थिक परिदृश्य पर इसका नकारात्मक असर होगा। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत तक रह सकती है, जो अनिश्चितताओं के बाद भी बेहतर है। इस वृद्धि को मजबूत निजी उपभोग और निजी निवेश में कुछ तेजी से समर्थन मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उभरते क्षेत्रों द्वारा संचालित निजी पूंजीगत व्यय में सुधार के साथ निजी निवेश धारणा सुधर रही है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि निर्यात वृद्धि में तेजी बनी रहेगी, जिसे वित्त वर्ष 2025-26 की तुलना में कम अमेरिकी शुल्क, स्थिर वैश्विक वृद्धि और मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिलेगा। खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026-27 में बढ़कर औसतन 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 2.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान रखा गया है। इस साल मानसून सामान्य रहने के अनुमान के साथ महंगाई मौजूदा निचले स्तर से सामान्य स्तर पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया, नए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 2024 श्रृंखला में खाद्य पदार्थों का भारांश कम होने से खाद्य मुद्रास्फीति के सामान्य होने से मुख्य मुद्रास्फीति में होने वाली वृद्धि सीमित रहेगी। क्रिसिल का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर के करीब रहने का अनुमान है। इससे केंद्रीय बैंक को रेपो दर को स्थिर रखने और वर्ष 2025 में 1.25 प्रतिशत की कटौती के प्रभाव को बनाए रखने पर ध्यान देने में मदद मिलेगी। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में नीतिगत दरें स्थिर रहेंगी। वर्ष 2025 में की गई 1.25 प्रतिशत की कुल कटौती का प्रभाव बैंक ऋण और जमा दरों पर भी जारी रहेगा।

## तेल कीमत बढ़ने से आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल का लाभ प्रभावित होने की आशंका: एसएंडपी

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का लाभ प्रभावित होने की आशंका है।

क्योंकि मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने के लिए वे पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रख सकती हैं। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को यह बात कही। अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। सप्ताह की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई थी क्योंकि वैश्विक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा संभालने वाला होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद था। बाद में बुधवार को कीमतें घटकर करीब 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2026 के लिए ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत का अनुमान पांच डॉलर बढ़ाकर 65 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है। एजेंसी के अनुसार, भारत को अपनी कच्चे तेल की जरूरतें पूरी करने के लिए समुद्री मार्गों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 92.01 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.92 पर खुला। दिन में डॉलर के मुकाबले 91.85 से 92.06 के बीच कारोबार करने के बाद 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से जोरदार वापसी करते हुए 36 पैसे चढ़कर 91.85 पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू बाजारों तथा कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात आई तेजी से रुपये में गिरावट आई है। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और विदेशी निवेशकों की निकासी रुपये पर दबाव डालना जारी रख सकती है। बाजार पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 91.70 से 92.40 की सीमा में रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.96 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 1,342.27 अंक टूटकर 76,863.71 अंक पर जबकि निफ्टी 394.75 अंक फिसलकर 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

## 'गैस सिलेंडर की किल्लत से रेस्तरां उद्योग की मुश्किलें बढ़ीं, व्यंजनों में कर रहे फेरबदल

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एलपीजी आपूर्ति में अनियमितता के कारण दिल्ली के कई रेस्तरां ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे परोसे जाने वाले व्यंजनों में फेरबदल, लागत बढ़ने और कर्मचारियों के वेतन को लेकर चिंता जैसी समस्याएं पैदा होने लगी हैं।

उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि कई रेस्तरां फिलहाल वैकल्पिक इंतजामों के जरिये स्थिति संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन व्यवधान लंबे समय तक जारी रहने पर छोटे प्रतिष्ठानों के लिए बढ़ती लागत को संभाल पाना मुश्किल हो सकता है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। गजट अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रों की जरूरत पूरी होने के बाद ही अन्य उद्योगों को गैस दी जाएगी। दिल्ली के कई रेस्तरां को नियमित एलपीजी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस स्थिति में कुछ प्रतिष्ठान पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में कई रेस्तरां ऐसे व्यंजन को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें कम गैस खपत होती है।

# एलपीजी सिलेंडर की पूर्वोत्तर में कोई कमी नहीं: आईओसी



गुवाहाटी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद पूर्वोत्तर में रसोई गैस की आपूर्ति के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

कंपनी पूर्वोत्तर बाजार में करीब 85 प्रतिशत एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करती है। आईओसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्वोत्तर में कंपनी के नौ बॉटलिंग संयंत्र अपनी अधिकतम क्षमता पर एलपीजी सिलेंडर का उत्पादन कर रहे हैं और सरकार के निर्देशों के अनुसार उनकी आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल एलपीजी सिलेंडर की मांग और आपूर्ति के बीच कोई अंतर नहीं है। सभी सिलेंडर की आपूर्ति केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर के उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चा माल कंपनी को असम स्थित चार रिफाइनरी से मिलता है जिन्हें स्थानीय तेल कुओं से पर्याप्त मात्रा में कच्चा तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस प्राप्त होती है। इसलिए पूर्वोत्तर में एलपीजी का उत्पादन कभी बंद नहीं होगा। हालांकि, यदि संकट लंबे समय तक जारी रहता है तो भविष्य में उत्पादन क्षमता प्रभावित हो सकती है। सरकार ने गैस आवंटन में बदलाव करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस को प्राथमिकता दी जाए ताकि घरों और परिवहन क्षेत्र में आपूर्ति बाधित न हो। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण भारत की लगभग 30 प्रतिशत गैस आपूर्ति प्रभावित होने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से गैस हटाकर आवश्यक उपभोक्ताओं को देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा देश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति बनाई गई है, जो होटल एवं रेस्तरां जैसे गैर-आवश्यक क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार ईंधन उपलब्ध कराएगी। आईओसी अधिकारी के अनुसार, पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की दैनिक मांग 1.91 लाख है जिसमें से 1.34 लाख सिलेंडर की खपत अकेले असम में है। आईओसी केवल पूर्वोत्तर में हर दिन 1.62 लाख घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति करती है जिनमें से 1.06 लाख असम में वितरित किए जाते हैं। वाणिज्यिक सिलेंडर (19 किलोग्राम) की मांग पूर्वोत्तर बाजार में प्रतिदिन 5,777 सिलेंडर है जिसमें से 4,112 असम लेता है। आईओसी इनमें से 4,106 सिलेंडर पूर्वोत्तर में आपूर्ति करती है जिनमें 2,544 सिलेंडर असम में बेचे जाते हैं।

# ऊर्जा कीमतें बढ़ने से भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ सकता है दबाव

नयी दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, मूडीज और फिच ने बुधवार को कहा कि कच्चे तेल और गैस की वैश्विक कीमतों में तेजी, घरेलू ईंधन कीमतों में सीमित बढ़ोतरी और आयात पर अधिक निर्भरता के कारण भारत की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों पर मार्जिन दबाव बढ़ रहा है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम विपणन कंपनियां देशभर के करीब 90 प्रतिशत पेट्रोल पंपों का संचालन करती हैं। इनमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) शामिल हैं। तीनों रेटिंग एजेंसियों ने अलग-अलग रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिका एवं इजराइल के संयुक्त हमलों से इस संघर्ष की शुरुआत हुई थी और इसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का करीब आधा हिस्सा आयात करता है। इनमें से 30 से 55 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है।

देश का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन की खपत के बराबर हैं जबकि वाणिज्यिक भंडार लगभग 65 दिन की जरूरत पूरी कर सकता है। अप्रैल, 2022 से ही देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें लगभग स्थिर रही हैं। मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार के प्रभाव के कारण बढ़ती लागत का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाता है और कंपनियों को अधिक लागत का बोझ खुद ही उठाना पड़ता है। इससे पेट्रोलियम कंपनियों के विपणन मार्जिन घटते हैं और परिचालन नकदी प्रवाह पर दबाव पड़ सकता है। फिच रेटिंग्स ने कहा कि ईरान से जुड़ी आपूर्ति में लंबा व्यवधान या होर्मुज जलडमरूमध्य के लंबे समय तक बंद रहने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों और गेल इंडिया लिमिटेड के नकदी प्रवाह पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, सरकारी समर्थन के कारण उनकी रेटिंग को सहारा मिलता रहेगा। यदि व्यवधान लंबा खिंचता है तो सरकार पहले की तरह एक बार फिर महंगाई नियंत्रण और कंपनियों की वित्तीय स्थिति के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करेगी।

पेज एक का शेष

## अमेरिका तय

मौजूद किसी व्यापारी जहाज को नुकसान नहीं हुआ है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा ठिकानों पर ईरान के हमले बढ़ते जा रहे हैं।

ईरान युद्ध के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। देश में पेट्रोल की औसत कीमत 3.58 डॉलर प्रति गैलन पहुंच गई है, जो पिछले 21 महीनों का सबसे ज्यादा है। स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से हटा दिया है। सरकार ने एक दिन पहले ही इस कदम को मंजूरी दी थी। मैड्रिड ने पिछले साल सितंबर में राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। यह विवाद तब और बढ़ गया जब इजराइल के विदेश मंत्री ने स्पेन सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की थी। ये फैसले प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में हो रही हिंसा को नरसंहार बताते हुए उसकी निंदा करने के बाद घोषित किए थे।

ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने कहा है कि देश की फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकती। उनका कहना है कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के बाद ऐसी परिस्थितियों में टूर्नामेंट में भाग लेना संभव नहीं है।

2026 का फीफा वर्ल्ड कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में संयुक्त रूप से आयोजित होना है और ईरान के ग्रुप मैच भी अमेरिका में होने वाले हैं। दुन्यामाली ने कहा कि जिस शासन ने ईरान के नेता की हत्या की है, उसके बाद वहां होने वाले वर्ल्ड कप में भाग लेने की कोई स्थिति नहीं है।

## यूपी को एडवांस्ड

पुरस्कार विजेता कोंस्टेंटिन नोवोसेलोव, जो ग्रैफीन की खोज के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं, लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर और सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य उन्नत मटेरियल साइंस को औद्योगिक स्तर पर बैटरी तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में लागू करना है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला, 2ऊमटेरियल (जैसे ग्रैफीन) का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा व लाइफ को बढ़ाना। दूसरा, बैटरियों और परमानेंट मैग्नेट का उन्नत रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित कर महत्वपूर्ण खनिजों की बेहतर रिकवरी सुनिश्चित करना, जिससे सर्कुलर इकॉनमी को मजबूती मिलेगी। यह सहयोग भारत के ह्लमेक इन इंडियाह्व और ग्रीन एनर्जी विजन के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### स्टार्टअप हब

उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक 3000 से अधिक स्टार्टअप्स को इसके तहत मान्यता मिल चुकी है। प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति और प्रोत्साहन योजनाओं ने स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को मजबूत आधार दिया है। इन पहल के माध्यम से युवाओं को अपने नवाचार को व्यवसाय में बदलने के लिए जरूरी सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में इन्क्यूबेशन नेटवर्क की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में वर्तमान में 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर कार्यरत हैं, जो नए उद्यमियों को मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। ये इन्क्यूबेटर विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और निजी संगठनों के साथ मिलकर स्टार्टअप्स को शुरूआती चरण से ही सही दिशा देने का काम कर रहे हैं। इससे नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है और युवाओं को अपने विचारों को व्यावसायिक रूप देने का भी अवसर मिल रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में उन्नत तकनीक और अनुसंधान आधारित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए सात सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को भी मंजूरी दी गई है। इन सेंटरों के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, एग्रीटेक और अन्य उभरते क्षेत्रों में शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संस्थागत ढांचे से प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा है। वित्तीय सहायता के मामले में भी सरकार की पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए अब तक 146 करोड़ रुपये के इंसेंटिव स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 58 करोड़ रुपये की राशि स्टार्टअप्स को वितरित भी की जा चुकी है। यह वित्तीय सहयोग स्टार्टअप्स को अपने उत्पाद और सेवाओं के विकास, बाजार विस्तार और तकनीकी उन्नयन में मदद कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत नीतिगत ढांचा, संस्थागत समर्थन और वित्तीय प्रोत्साहन किसी भी राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्तर प्रदेश में इन सभी क्षेत्रों में समानांतर रूप से काम किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से विकसित हो रही है और नवाचार को नई दिशा मिल रही है।

## अफवाहों के

कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गैस की हेराफेरी रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' (डीएसी) सिस्टम लागू किया गया है।

घरेलू उत्पादन बढ़ा: हालांकि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60% आयात करता है (जिसका 90% होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है), लेकिन मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए घरेलू छढ़ॠ उत्पादन में 25% की वृद्धि की गई है और यह पूरा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। **कीमतों पर नियंत्रण:** दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की मौजूदा कीमत 60 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 913 रुपये है। शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छढ़ॠ के दाम 41% बढ़े हैं, लेकिन सरकारी मदद के कारण उज्ज्वला (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए कीमतें 32% कम हुई हैं। तेल कंपनियों को नुकसान से बचाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के मुआवजे को मंजूरी दी गई है।

शर्मा ने बताया कि सरकार ने आयात के स्रोतों में विविधता लाई है। उन्होंने कहा, अब हमारे क्रूड आयात का लगभग 70% हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के रास्तों से आ रहा है, जो पहले लगभग 55% था। देश की रिफाइनरियां अपनी 100% से अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे सप्लाई मजबूत बनी हुई है। भारत में प्रतिदिन लगभग 189 मिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर नेचुरल गैस की खपत होती है, जिसमें 97.5 नेचुरल गैस घरेलू स्तर पर पैदा होती है। आयात की जाने वाली करीब 47.44 नेचुरल गैस गैस की सप्लाई बाहरी कारणों से प्रभावित हुई है।

**कंट्रोल ऑर्डर लागू:** इससे निपटने के लिए सरकार ने 9 तारीख को 'नेचुरल गैस कंट्रोल ऑर्डर' जारी किया है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को बचाने के लिए रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल यूनिट्स की गैस सप्लाई में 35% की कटौती की जाएगी। वैकल्पिक रास्तों से गैस मंगवाई जा रही है और दो एलएनजी कार्गो भारत के रास्ते में हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश की ऊर्जा और ईंधन जरूरतों को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा आपूर्ति श्रृंखला को निरंतर और स्थिर बनाए रखा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, राज्य सरकारों को ईंधन की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए निवारक कार्रवाई करने को कहा गया है। उन्होंने कहा, ह्लभारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। हमारी दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है, विविध खरीद के माध्यम से, हमने आज जो मात्रा सुरक्षित की है, वह इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सामान्य रूप से आने वाली मात्रा से अधिक है। भारत लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है। उन्होंने आगे कहा कि तेल विपणन कंपनियों ने विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल के कई कार्गो हासिल कर लिए हैं, और इस विविधीकरण के परिणामस्वरूप, भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के मार्गों से आ रहा है, जबकि पहले यह लगभग 55 प्रतिशत था। शर्मा ने कहा, आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं, तो लगभग दो एलएनजी कार्गो भारत के लिए रवाना हो रहे हैं, और वे कुछ ही दिनों में पहुंच जाएंगे, जिससे देश में कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति और मजबूत होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने

यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले 32 वर्षीय व्यक्ति के माता-पिता से मिलने की इच्छा जताई थी। उसने दिल्ली एम्स के चिकित्सकों के द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड द्वारा दाखिल की गई राणा की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट का अवलोकन किया था और कहा था कि यह रिपोर्ट दुखद है।

## आस्था, पर्यटन

करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। वहीं हरिद्वार और ऋषिकेश को जोड़ने वाली प्रस्तावित गंगा कॉरिडोर परियोजना को गति देने के लिए 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा प्रदेश की महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा नन्दा देवी राजजात यात्रा के आयोजन के लिए भी 25 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। राज्य सरकार तीर्थाटन को वर्षभर सक्रिय बनाए रखने के लिए शीतकालीन यात्रा को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में सरयू रिवर फ्रंट परियोजना, हरिपुर कालसी क्षेत्र में यमुना घाट का विकास और स्पिरिचुअल इकोनॉमी जोन जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषा के संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश की संस्कृत पाठशालाओं को 28 करोड़ रुपये की सहायता देने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार युवाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में भी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में मिनी स्टेडियम विकसित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को भी खेल के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में उत्तराखंड ने 38 वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की थी। इस प्रतियोगिता में राज्य के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी।

## लोकसभा में ओम

बजट सत्र के पहले चरण में आसन की अवहेलना के मामले में आठ विपक्षी सदस्यों को निलंबित किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा, कागज फाड़कर आसन पर फेंकना कैसा आचरण है। किसी के सलाहकार आंदोलनकारी हो सकते हैं। लेकिन उन्हें सदन में नियमों के अनुसार ही चलना होगा।

## 10,000 करोड़

शुभकामनायें देता हूं। मंत्री पी ए मोहम्मद रियास को प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम से कथित रूप से बाहर रखे जाने के बाद, मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन और उनकी सरकार के अन्य मंत्री प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। मुख्यमंत्री विजयन के इस कार्यक्रम में नहीं आने का कोई कारण नहीं बताया गया लेकिन उनके कैबिनेट सहयोगियों ने व्यक्तिगत असुविधा का हवाला देते हुए कहा कि वे बंदरगाह शहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।




# प्रियांश, अंबेकर व साहिल विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में जीते



बैंकॉक। प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने बुधवार को यहां आसान जीत दर्ज की जिससे भारत की युवा मुक्केबाजी टीम ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के चौथे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सुबह के सत्र में प्रियांश (70 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की सकारात्मक शुरुआत करते हुए लातविया के मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों ने दो और आसान जीत दर्ज की। अंबेकर ने 50 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से शिकस्त दी जबकि साहिल ने भी 60 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के ही मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इस बीच अमन सिवाच (65 किग्रा) को यूक्रेन के मुक्केबाज के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जब रैफरी ने दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रुकवा दिया।

प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने बुधवार को यहां आसान जीत दर्ज की जिससे भारत की युवा मुक्केबाजी टीम ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के चौथे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सुबह के सत्र में प्रियांश (70 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की सकारात्मक शुरुआत करते हुए लातविया के मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों ने दो और आसान जीत दर्ज की।

# मांडविया ने भारत में एफ1 की वापसी के लिए प्रयास शुरू किए

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में फॉर्मूला वन की वापसी के अपने प्रयासों के तहत भारतीय मोटरस्पोर्ट्स महासंघ (एफएमएससीआई) के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें ड्राइवरों और तकनीशियनों की मजबूत टीम तैयार करने पर चर्चा की गई। यह बैठक हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई थी और इसमें खेल सचिव हरि रंजन राव, संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल और एफएमएससीआई परिषद के सदस्य विक्की चंडोक आदि उपस्थित थे। मांडविया ने हाल में ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का दौरा किया था, जहां 2011 से 2013 तक एफ1 रेस आयोजित की गई थीं।

कर संबंधी मामलों के कारण यह रेस बंद करनी पड़ी थी। भारत में पिछली रेस के समय एफएमएससीआई के अध्यक्ष रहे चंडोक ने पीटीआई से कहा, हमने भारत में फॉर्मूला वन और मोटोजीपी के आयोजन की संभावना पर चर्चा की। मंत्रालय इसको लेकर बेहद उत्सुक है और उसकी राय बिल्कुल स्पष्ट है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए यहां सर्वश्रेष्ठ खेल भी होने चाहिए। उन्होंने कहा, वे चुनौतियों को समझना चाहते थे और एफएमएससीआई से बात करके हमारी संगठनात्मक क्षमता देखना चाहते थे। खेल मंत्री और पूरा मंत्रालय हमारा समर्थन करने के लिए तैयार हैं। मांडविया ने कुछ सप्ताह पहले सर्किट के अपने दौरे के दौरान जब यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ देश में मोटरस्पोर्ट्स के बुनियादी ढांचे के भविष्य के बारे में चर्चा की, तो यह बात स्पष्ट हो गई कि वह इस रेस की वापसी के लिए उत्सुक हैं। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, एफएमएससीआई प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा में खिलाड़ियों, इंजीनियरों और तकनीकी पेशेवरों के लिए व्यवस्थित ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विश्वसनीय सूत्रों से



**एफएमएससीआई अधिकारियों से मिले**

यह भी पता चला है कि एफएमएससीआई ने मांडविया और फॉर्मूला वन प्रबंधन के बीच बैठक की पेशकश की है। फॉर्मूला वन का नेतृत्व अभी फेरारी टीम के पूर्व प्रमुख स्टेफानो डोमेनिकाली कर रहे हैं। भारत खुद को एक वैश्विक खेल केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। वह 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल कर चुका है जो अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में भी शामिल है। नरेन कार्तिकेयन भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर थे। उनके बाद करुण चंडोक ने यह उपलब्धि हासिल की थी। मंत्रालय इसको लेकर बेहद उत्सुक है और उसकी राय बिल्कुल स्पष्ट है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए यहां सर्वश्रेष्ठ खेल भी होने चाहिए। उन्होंने कहा, वे चुनौतियों को समझना चाहते थे और एफएमएससीआई से बात करके हमारी संगठनात्मक क्षमता देखना चाहते थे।

खेल मंत्री और पूरा मंत्रालय हमारा समर्थन करने के लिए तैयार हैं। मांडविया ने कुछ सप्ताह पहले सर्किट के अपने दौरे के दौरान जब यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ देश में मोटरस्पोर्ट्स के बुनियादी ढांचे के भविष्य के बारे में चर्चा की, तो यह बात स्पष्ट हो गई कि वह इस रेस की वापसी के लिए उत्सुक हैं। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, एफएमएससीआई प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा में खिलाड़ियों, इंजीनियरों और तकनीकी पेशेवरों के लिए व्यवस्थित ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विश्वसनीय सूत्रों से यह भी पता चला है कि एफएमएससीआई ने मांडविया और फॉर्मूला वन प्रबंधन के बीच बैठक की पेशकश की है। फॉर्मूला वन का नेतृत्व अभी फेरारी टीम के पूर्व प्रमुख स्टेफानो डोमेनिकाली कर रहे हैं। भारत खुद को एक वैश्विक खेल केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

## संक्षेप

### मैनी 2026 में भी एचआरटी फोर्ड रेसिंग के साथ बने रहेंगे

नयी दिल्ली। भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी 2026 के डीटीएम सत्र में भी एचआरटी फोर्ड रेसिंग टीम के साथ बने रहेंगे। टीम ने बुधवार को यह घोषणा की। मैनी एचआरटी फोर्ड रेसिंग के प्रमुख ड्राइवरों में से एक हैं। टीम फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ के साथ डीटीएम के नए सत्र के लिए तैयार है। फोर्ड रेसिंग के ड्राइवर मैनी के पास डीटीएम का व्यापक अनुभव है और वह टीम के अभिन्न अंग बने हुए हैं। मैनी डीटीएम के नए सत्र में जिस नंबर 36 फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ को चलाएंगे वह एक अपडेटेड रेवेनोल डिजाइन कार होगी। इस 28 वर्षीय भारतीय ड्राइवर ने एचआरटी के साथ 78 डीटीएम रेस में भाग लिया है। इनमें से वह तीन बार पोडियम पर पहुंचे जबकि एक बार उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की।

### गुजरात जायंट्स ने सहरावत को मुख्य कोच किया नियुक्त

अहमदाबाद। गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आगामी सत्र से पहले पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रणधीर सिंह सहरावत को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। सहरावत के पास पीकेएल के 11 सत्र में खेलने का अनुभव है। उनके नाम पर एक खिताब दर्ज है जबकि उनकी मौजूदगी में उनकी टीमें छह बार प्लेऑफ में पहुंची। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सहरावत ने रेलवे को कई राष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 1990 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी गणना सबसे सफल कोच में भी होती है। सहरावत ने एक खिलाड़ी के रूप में कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप (1988), दक्षिण एशियाई खेल (1989) और एशियाई खेल (1990) शामिल हैं, जहां वह टीम के उपकप्तान थे।

### आयुष, तन्वी व उन्नति स्विस ओपन में हारे

बासेल। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए स्विस ओपन में निराशाजनक दिन रहा जब बुधवार को यहां इस सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर से आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा सहित कई खिलाड़ी बाहर हो गए। पुरुष एकल में अमेरिकी ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी को कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ 18-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि महिला एकल में चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान ने उन्नति हुड्डा को 21-14, 21-14 से हराया। भारत को उस समय बड़ा झटका लगा जब विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने जापान के कोकी वातानबे को वाकओवर दे दिया। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी को भी रुतानापक ओपथोंग और झेनिचा सुदजाइप्रपरात की थाईलैंड की पांचवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 19-21, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### जैस्मिन शेखर ने गोल्फ टूर के पांचवें चरण में बनाई बढ़त

गुरुग्राम। जैस्मिन शेखर ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण के पहले दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से एकल बढ़त बना ली।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराया

## तेज गेंदबाज नाहिद राणा के पांच विकेट, आठ विकेट से हारा पाक

एजेंसी

ढाका। तेज गेंदबाज नाहिद राणा के पांच विकेट की बदौलत बांग्लादेश ने बुधवार को यहां पहले वनडे में पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया जिससे सफेद गेंद के क्रिकेट में टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। राणा (24 रन देकर पांच विकेट) ने पहली बार पांच विकेट झटके, उनके अलावा कप्तान मेहदी हसन मिराज ने अपनी ऑफ स्पिन से 29 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 30.4 ओवर में महज 114 रन पर ढेर हो गई। यह बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का वनडे में अब तक का सबसे कम स्कोर था है। इससे पहले उसका पिछला कम स्कोर 1999 विश्व कप के दौरान 161 रन का था जिसमें उसे 62 रन से हार मिली थी।

सौम्या सरकार की जगह शामिल किए गए सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 42 गेंद में नाबाद 67 रन बनाकर बांग्लादेश को महज 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन पर पहुंचाकर जीत दिलाई। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान ने सैम अयूब और बाबर आजम को सीरीज से बाहर रखने का फैसला किया जिसके बाद पाकिस्तान के चार बल्लेबाज अपने वनडे पदार्पण में कुछ खास नहीं कर पाए। पदार्पण करने वाले साहिबजादा फरहान (27) और माज सदाकत (18) ने पावरप्ले में 41 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की जिसके बाद राणा ने अपनी तेज शॉर्ट गेंद से प्रभावित किया। राणा ने अपने पहले पांच ओवरों में पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के कम अनुभवी शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया जिसमें फरहान, सदाकत, सलमान अली आगा और पर्दापण करने वाले शमील हुसैन (04) उनकी तेज शॉर्ट पिच गेंदों का शिकार हुए।



पाकिस्तान का 18वें ओवर में स्कोर 69 रन पर पांच विकेट था। राणा छह विकेट ले सकते थे लेकिन बांग्लादेश ने फहीम अशरफ (37) का पगबाधा का रिव्यू नहीं लिया। उन्होंने अगली गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का मुश्किल रिटर्न कैच भी छोड़ दिया। मेहदी ने जल्दी-जल्दी निचले क्रम के तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने 82 रन पर नौ विकेट गंवा दिए।

अशरफ ने अबरार अहमद के साथ आखिरी विकेट के लिए 32 रन जोड़े। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के तीनों तेज गेंदबाज कम स्कोर का बचाव करने में नाकाम रहे। तंजीद ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए नजमुल हुसैन शांटो (27) के साथ 82 रन की साझेदारी की। दूसरा मैच शुक्रवार और तीसरा मैच रविवार को ढाका में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण टी20 विश्व कप के बाद घर वापस न लौट पाने वाले वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों की वास्तविक निराशा के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और इस सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखे बिना फैसले लिए गए। आईसीसी ने यात्रा कार्यक्रम का विवरण देते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बुधवार की रात को स्वदेश रवाना होना शुरू कर देंगे और उम्मीद है कि उसकी टीम के सभी सदस्य अगले 36 घंटों के भीतर रवाना हो जाएंगे। आईसीसी ने बताया कि वेस्टइंडीज टीम के नौ सदस्य पहले ही अपने देशों के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि की 16 सदस्यों के लिए अगले 24 घंटों के भीतर भारत से रवाना होने वाली उड़ानों में बुकिंग करा ली गई है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों के रवाना होने के लिए स्पष्ट पुष्टि के बाद आगे का अपडेट दिया जाएगा।

आईसीसी ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के लिए मंगलवार को अलग-अलग वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग की, क्योंकि कोलकाता से उड़ान भरने वाली उनकी चार्टर उड़ान लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण रद्द कर दी गई थी। क्रिकेट की विश्व संस्था ने कहा, आईसीसी इस बात को पूरी तरह से खारिज करती है कि ये निर्णय सुरक्षा, व्यवहार्यता और खिलाड़ियों के हितों से इतर किसी अन्य कारण से लिए गए हैं। विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों पर स्थिति से अनभिज्ञ लोग जो सुझाव दे रहे हैं वे अनुपयोगी और गलत हैं। इसमें आगे कहा गया है, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के मामले में की गई व्यवस्था का इंग्लैंड या किसी अन्य देश के लिए पहले की गई व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है।

# आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

बेंगलुरु। आईपीएल 2026 के शुरूआती 20 मैच का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग की शुरूआत 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच से होगी। देश के 5 राज्यों में चुनाव के कारण आईपीएल के ओपनिंग मैच को दो दिन बढ़ाया गया है। पहले लीग की शुरूआत 26 मार्च को होनी थी, लेकिन अब लीग 28 मार्च को होगी। ओपनिंग मैच

**28 मार्च को बेंगलुरु में**

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। जहां पिछले साल आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और 11 लोगों की मौत हो गई थी। शेड्यूल के अनुसार पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी।

आरसीबी ने जीता था पिछले सीजन का खिताब बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु डिफेंडिंग चैंपियन है, इसलिए परंपरा के अनुसार टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, क्वालिफायर-2 और फाइनल मुकाबला उसी के होमग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रखा गया है। आरसीबी ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता



था। आरसीबी ने आईपीएल इतिहास में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग का टाइटल जीता था। आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 फैंस की मौत हो गई थी।

विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां आईपीएल के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में पूरा सीजन खेलेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के उएड काशी विश्वनाथन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम में धोनी की भूमिका क्या होगी, इसका फैसला कोचिंग स्टाफ करेगा।

# भारत में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अप्रैल में अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप को मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता पहले एक से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाली थी लेकिन अब इसे एक महीने से अधिक समय तक आगे बढ़ाकर 12 से 17 मई के बीच आयोजित किया जाएगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने कहा कि यह बदलाव सभी प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित और सुचारु भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। एडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाली वर्तमान स्थिति के कारण 2026 एडब्ल्यूएफ एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का कार्यक्रम बदल दिया गया है। बयान में आगे कहा गया, सभी प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित और सुचारु भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अब यह प्रतियोगिता 12 से 17 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से शुरू संघर्ष के कारण खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है।

**पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण**

### बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं। ये कोच कौन हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# अभिषेक व किशन बल्लेबाजी में पहले दो स्थान पर

एजेंसी

दुबई। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को जारी की गई खेल के छोटे प्रारूप की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और वह शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा से केवल चार अंक पीछे हैं। टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक दुनिया के पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में 317 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

अब वह अभिषेक के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। किशन (871 अंक) ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक (875 अंक) से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और इंग्लैंड के जैकब बेथेल (17 पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) ने भी टी20 विश्व कप में कुछ शानदार पारियों के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन (सात पायदान की छलांग से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ जिन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक बनाकर पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर संजू सैमसन (18 पायदान की छलांग से 22वें स्थान पर) और शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर 27वें स्थान पर) ने भी टूर्नामेंट में शानदार पारियों की



बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में काफी सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में हालांकि बदलाव आया है। टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। चक्रवर्ती के 740 रेटिंग अंक है और वह राशिद (753) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिनकी टीम अफगानिस्तान ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बावजूद वह चक्रवर्ती की जगह पहला स्थान हासिल करने में सफल रहे।

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं। टी20 में ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी मुकाबला काफी कड़ा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और वे पहले दो स्थान पर काबिज हैं। शिवम दुबे दो पायदान नीचे खिसककर 11वें स्थान पर आ गए हैं।



वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण टी20 विश्व कप के बाद घर वापस न लौट पाने वाले खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और उन सुझावों को अनुपयोगी और गलत करार दिया जिनमें कहा गया है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखे बिना फैसले लिए गए। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है, जिससे उड़ानों का कार्यक्रम अस्त-व्यस्त हो गया। आईसीसी ने कहा कि वह भारत में फंसे खिलाड़ियों विशेषकर वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति रखती है लेकिन स्पष्ट किया कि वैकल्पिक यात्रा मार्गों की योजना बनाते समय खिलाड़ियों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखा जा रहा है। आईसीसी ने यात्रा कार्यक्रम का विवरण देते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बुधवार की रात को स्वदेश रवाना होना शुरू कर देंगे और उम्मीद है कि उसकी टीम के सभी सदस्य अगले 36 घंटों के भीतर रवाना हो जाएंगे।

आईसीसी ने बताया कि वेस्टइंडीज टीम के नौ सदस्य पहले ही अपने देशों के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्यों के लिए अगले 24 घंटों के भीतर भारत से रवाना होने वाली उड़ानों में बुकिंग करा ली गई है। आईसीसी ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के लिए मंगलवार को अलग-अलग वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग की, क्योंकि कोलकाता से उड़ान भरने वाली उनकी चार्टर उड़ान लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण रद्द कर दी गई थी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने आईसीसी की आलोचना की थी, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी डेविड मिलर ने संकेत दिया कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए बेहतर यात्रा व्यवस्था की गई थी।

# आईसीसी से मिली 25 करोड़ की पुरस्कार राशि



एजेंसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों का टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपये) मिला। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपये) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपये और 8.96 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले।

**भारत को टी20 विश्व कप 2026**

जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए। सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

# ग्रामीण नल कनेक्शन 17 से बढ़कर 82 फीसदी हुए



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय 2019 में जहां केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल से जल कनेक्शन थे, वहीं अब यह बढ़कर 82 प्रतिशत हो गए हैं।

जल महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, यह अत्यंत संतोष की बात है कि वर्तमान में लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा प्राप्त है, जबकि 2019 में जब जल जीवन मिशन शुरू किया गया था तब यह आंकड़ा केवल 17 प्रतिशत था। इस असाधारण सफलता के लिए मैं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और उनकी पूरी टीम को बधाई देती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा, "जल जीवन का आधार है। हमारी परंपराओं में जल को अनेक रोगों के उपचार के रूप में भी पूजनीय माना गया है। हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् जिसकी रचना की 150वीं वर्षगांठ हम मना रहे हैं का पहला शब्द सुजलाम् है, जिसका अर्थ है उत्तम जल संसाधनों से समृद्ध। इस प्रकार भारत में जल केवल एक मूलभूत सुविधा नहीं रहा हैअ यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। मुर्मू ने रेखांकित किया कि पहले ग्रामीण परिवारों को पीने के पानी तक पहुंच के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था और महिलाओं व बच्चों को अक्सर इसे लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ और सुरक्षित जल घरों तक पहुंच रहा है, जो जल जीवन मिशन की सफलता को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने बुधवार को विश्व प्लंबिंग दिवस होने का उल्लेख करते हुए जल स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सभी प्लंबरों और तकनीशियनों के योगदान की सराहना की। जल संरक्षण एक सामूहिक उत्तरदायित्व है। हमें जल को केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। युवा पीढ़ी में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता से भविष्य में देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## रास में भाजपा सांसद ने राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार की चूक पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद बाबूराम निषाद ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में कथित चूक के लिए राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन केवल गलती नहीं बल्कि संवैधानिक अपराध है। उच्च सदन में निषाद ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के राज्य दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ। उन्होंने कहा कि जब कोई राज्य सरकार देश के सर्वोच्च कार्यालय का जानबूझकर अपमान करती है, तो यह भूल जाती है कि वह संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आई है। निषाद ने आगे कहा कि अब केवल निंदा प्रस्ताव पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए विशेष कानून, जैसे संवैधानिक जिम्मेदारी अधिनियम, बनाना आवश्यक है।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव किसी नेता के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है: प्रसाद



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया प्रस्ताव उनके खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं, बल्कि किसी के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है।

विपक्ष द्वारा बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए प्रसाद ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष के पद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को किसी के अहंकार की संतुष्टि का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता मोहम्मद जावेद ने मंगलवार को संकल्प प्रस्तुत किया था और सदन में इस पर चर्चा शुरू हुई। प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा, यह प्रस्ताव बिरला के खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं, बल्कि किसी के अहं की संतुष्टि के लिए लाया गया है। न्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली पर कॉल और शकधर की लिखी किताब में कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष छाया प्रधानमंत्री की तरह हैं, लेकिन इसमें यह भी लिखा है कि उन्हें राष्ट्रहित के मुद्दों पर अपने शब्दों का ध्यान से चयन करना चाहिए।

प्रसाद ने कहा कि इसमें कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष संसद के अंदर और बाहर सरकार की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन विदेश की धरती पर उन्हें दलीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी को इसे पढ़ना चाहिए। इस पर कांग्रेस सदस्यों ने टीका-टिप्पणी की और आसन के समीप आ गए। बाद में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति मिलने पर हंगामा शांत हुआ। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण को लेकर कुछ बातें कही थीं। प्रसाद ने कहा कि उन्हें बार-बार बताया गया कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है फिर भी अपनी बात पर अड़े रहे।

## संक्षेप

### राज्यसभा में आम आदमी पार्टी ने गैस संकट पर सरकार को घेरा

नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सरकार पर देश में गैस संकट खड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने आज पूरे देश को लाइन में खड़ा कर दिया है। उच्च सदन में ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा को आगे बढ़ते हुए आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सरकार से प्रश्न किया कि आज पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जो युद्ध चल रहा है तो आप (प्रधानमंत्री) क्यों इजराइल के पक्ष में क्यों खड़े हो गये? आज गैस संकट भुगतना पड़ रहा है, पूरा देश लाइन में खड़ा है, शहर लाइन में खड़ा है, गांव लाइन में खड़े हैं..होटल बंद हो रहे हैं। गुजरात के मोरवी में टाइल्स की फैक्टरी बंद हो रही हैं। आप सदस्य ने कहा कि आज भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस के 21 करोड़ कनेक्शन हैं तथा गैस की किल्लत होने से ग्रामीण क्षेत्रों पर भी दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जब विकसित भारत की परिकल्पना की तो उसमें गांवों को कहां रखा गया है, यह बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2026-27 के लिए जो बजट पेश किया है, उसका मात्र 3.6 प्रतिशत ग्रामीण विकास के लिए आवंटित किया गया है, जो बताता है कि सरकार की गांवों के प्रति क्या सोच एवं मंशा है।

# विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से कई बार रोका गया है और देश के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया।

सदन में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए रविशंकर प्रसाद ने संसदीय प्रणाली पर कॉल एंड शकधर की एक किताब को उद्धृत करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रहित के मुद्दों पर बोलते समय ध्यानपूर्वक शब्दों का चयन करना चाहिए और विदेशी धरती पर दलीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह किताब पढ़ लेनी चाहिए। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया और आसन के समीप आ गए। वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। आसन से अनुमति मिलने पर राहुल गांधी ने कहा, कई बार मुझे (यहां) बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी कहा, यह सदन देश की जनता की अभिव्यक्ति के लिए है। यह एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।

# केंद्रीय बलों में 93000 से अधिक पद रिक्त : सरकार



नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में 93,000 से अधिक पद रिक्त हैं।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों में रिक्तियों के आंकड़े पेश किए, जिसके अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सबसे अधिक 27,400 पद रिक्त हैं। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) है, जिसमें 28,342 पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 14,531 रिक्तियां हैं, जबकि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में 12,333 और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में 6,784 रिक्त पद हैं। असम राइफल्स में 3,749 रिक्तियां हैं रिक्त पदों के कारण कानून प्रवर्तन, आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत क्षमता पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर जताई जा रही चिंताओं के संदर्भ में राय ने कहा कि बल अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा रहे हैं। बल उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अत्यंत पेशेवर तरीके से सभी कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सीएपीएफ और असम राइफल्स में रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है, जिसकी भर्ती संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) जैसी एजेंसियों के जरिये की जा रही है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। राय ने कहा कि सरकार ने चिकित्सा परीक्षणों में लगने वाले समय को भी कम कर दिया है और आवश्यकतानुसार कट-ऑफ अंक भी कम किए दिए हैं, ताकि पर्याप्त भर्ती सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सीएपीएफ के इस्तीफे के आंकड़े प्रस्तुत किए। पेश आंकड़ों के अनुसार 2021 से इस्तीफों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में 2,333 इस्तीफे दिए गए, जबकि 2021 में यह संख्या।,255 थी। आंकड़ों के अनुसार, 2022, 2023 और 2024 में क्रमशः।,183अ 2,037 और 2,724 इस्तीफे दर्ज किए गए। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि अर्द्धसैनिक बलों में आत्महत्याओं, सहकर्मियों की हत्याओं और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की संख्या में भी कमी आई है।

# रूसी तेल पर 30 दिन की छूट पर व्हाइट हाउस ने भारत को बताया अच्छा सहयोगी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के लिए उसने भारत को अस्थायी रूप से उन रूसी तेल खेपों को स्वीकार करने की अनुमति दी है जो पहले से जहाज़ों में लदी हुई थीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत में अमेरिका के सहयोगी अच्छे भागीदार हैं। अमेरिका ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर वह भारतीय रिफाइनरियों को अस्थायी तौर पर रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की छूट दे रहा है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और पूरी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम इस फैसले पर इसलिए पहुंची, क्योंकि भारत में हमारे सहयोगियों ने अच्छा व्यवहार किया है और उन्होंने प्रतिबंधित रूसी तेल खरीदना पहले ही बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि ईरानियों की वजह से दुनिया भर में तेल आपूर्ति में आई अस्थायी कमी को दूर करने की हमारी कोशिशों के बीच हमने उन्हें (भारत को) रूसी तेल स्वीकार करने की अस्थायी अनुमति दी है। यह रूसी तेल पहले से समुद्र में था। हमें नहीं लगता कि इस अल्पकालिक कदम से रूस सरकार को इस समय कोई बड़ा वित्तीय लाभ होगा। लेविट ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट देने संबंधी अमेरिकी फैसले को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उनके बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए आत्मसमर्पण का प्रमाण पत्र है।

# कतर से 1000 भारतीय नागरिकों को भारत लाया गया

दोहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर में फंसे लगभग 1000 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को नयी दिल्ली, मुंबई और कोच्चि लाया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने फंसे हुए भारतीय नागरिकों और आपातकालीन मामलों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कतर एयरवेज के साथ समन्वय किया। दूतावास की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी गयी। दूतावास ने कहा कि 10 मार्च को कतर एयरवेज की उड़ानों से लगभग।,000 भारतीय यात्री नयी दिल्ली, मुंबई और कोच्चि गए। दूतावास ने मानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देने के लिए एयरलाइन को धन्यवाद दिया। इसमें यह भी बताया गया कि कतर एयरवेज की एक उड़ान बुधवार को नयी दिल्ली के लिए निर्धारित है। दूतावास ने कहा कि वह 96 घंटे की वैधता वाले अस्थायी पारगमन वीजा पर सलवा सीमा के रास्ते सऊदी अरब जाने वाले भारतीय नागरिकों की यात्रा को सुगम बनाना जारी रखे हुए है। कतर में फंसी भारतीय बास्केटबॉल टीम सऊदी अरब से उड़ान भरकर भारत पहुंच गयी है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में मिसाइल से हमले के बाद एक मालवाहक पोत में आग लगी: ब्रिटेन की सेना

दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य में बुधवार को एक मालवाहक पोत पर मिसाइल हमला होने के बाद उसमें आग लग गई। ब्रिटेन की सेना ने यह जानकारी दी। इससे पहले अमेरिका ने बारूदी सुरंग बिछाने वाले उन ईरानी पोतों को निशाना बनाया था जिनके फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने को निशाना बनाने की आशंका थी। ब्रिटिश सेना द्वारा संचालित यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि पोत को जलडमरूमध्य में ओमान के ठीक उत्तर में निशाना बनाया गया। उसने बताया कि चालक दल के सदस्य पोत को खाली कर रहे हैं। ईरान ने इस हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली लेकिन वह जलडमरूमध्य और उसके आसपास पोतों को निशाना बनाता रहा है। इससे उस जलमार्ग में व्यवधान पैदा हुआ है जहां से दुनिया भर में होने वाले तेल और प्राकृतिक गैस के कुल कारोबार के पांचवें हिस्से का परिवहन होता है। यूकेएमटीओ ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात में रास अल-खैमाह के निकट एक पोत को निशाना बनाकर किए गए एक अन्य हमले की भी जानकारी दी थी।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म : 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। हफ्तों के इंतजार के बाद आमिर खान प्रोडक्शंस ने फिल्म 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में साई पल्लवी और जुनैद खान की फ्रेश जोड़ी एक सुकून भरी और इमोशनल लव स्टोरी लेकर आती नजर आ रही है। ट्रेलर की शुरूआत एक शांत और दिल को छू लेने वाले माहौल से होती है, जो धीरे-धीरे एक जादुई प्रेम कहानी की झलक देता है। ट्रेलर में जुनैद खान एक 'फॉर्च्यून बेल' यानी किस्मत की घंटी का जिक्र करते दिखाई देते हैं। उनका कहना

**❍ साई पल्लवी-जुनैद खान की सुकून भरी लव स्टोरी की झलक**

है कि अगर इस घंटी को सच्चे दिल से बजाया जाए तो प्यार की मुराद पूरी हो सकती है। इसी दौरान वह साई पल्लवी के किरदार मीरा की तरफ देखते हैं और मन ही मन यह दुआ करते हैं कि काश वह उनकी हो जाएं, चाहे सिर्फ एक दिन के लिए ही क्यों न हो। यही भावना फिल्म की कहानी की बुनियाद बनती दिख रही है। ट्रेलर में दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री बेहद नैचुरल और फ्रेश लग रही है। स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी एक अलग ही जादू पैदा करती है। जुनैद खान एक मासूम, थोड़ा झिझकने वाले और सरल स्वभाव के लड़के के किरदार में दिखाई दे रहे हैं, जबकि साई पल्लवी का किरदार आत्मविश्वासी और शांत नजर आता है।

दोनों के स्वभाव का यह अंतर उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को और दिलचस्प बना देता है। फिल्म का ट्रीटमेंट भी पारंपरिक रोमांटिक फिल्मों की याद दिलाता है। कहानी कहने के अंदाज में एक क्लासिक आकर्षण और इमोशनल ईमानदारी नजर आती है, जो आज के दौर की फिल्मों में कम देखने को मिलती है। यही वजह है कि ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक भी रिलीज किया गया था, जिसे सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन में शूट किया गया है। गाने को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और अरिजीत की आवाज ने इसमें अलग ही भावनात्मक गहराई जोड़ दी। खास बात यह भी है कि 'एक दिन' साई पल्लवी की पहली हिंदी फिल्म है। साउथ सिनेमा में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर साई पल्लवी को हिंदी दर्शक कितना पसंद करेंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। यह फिल्म आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान के लंबे समय बाद साथ आने का मौका भी है। दोनों की जोड़ी पहले 'कयामत से कयामत तक, 'जो जीता वही सिकंदर, 'अकेले हम अकेले तुम' और 'जाने तू' या जाने ना' जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है।

## राची शर्मा ने ऑनलाइन स्कैम से बचने की दी सलाह

मुंबई। डिजिटल दौर में रिश्तों का तरीका तेजी से बदल रहा है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं, दोस्ती करते हैं और कई बार प्यार भी हो जाता है। लेकिन इसी डिजिटल दुनिया में फ्रॉड और स्कैम के खतरे भी उतनी ही तेजी से बढ़े हैं। इसी मुद्दे को केंद्र में रखकर कलर्स के शो 'दो दुनिया एक दिल' में एक ऐसी कहानी दिखाई जा रही है, जहां भावनाएं और डिजिटल सच आमने-सामने आते हैं। इस शो में अभिनेत्री राची शर्मा, आध्या का किरदार निभा रही हैं, जो दो अलग-अलग दुनियाओं के बीच उलझी हुई लड़की है। खास बातचीत में राची ने डिजिटल रिलेशनशिप्स, ऑनलाइन फ्रॉड और आज के युवाओं के लिए जरूरी सावधानियों पर खुलकर बात की।

# खराब माहौल में रहना पसंद नहीं : प्रियंका चोपड़ा

मुंबई। खराब माहौल में रहना पसंद नहीं करती। यह कहना है एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ाका, जिन्होंने हाल ही में बताया कि आखिर उन्होंने बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख क्यों किया। प्रियंका ने कहा कि वह भी ऐश्वर्या राय बच्चन और अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कलिंग की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना चाहती थीं और इसी वजह से उन्होंने नए मौके तलाशने का फैसला लिया। पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने महज 18 साल की उम्र में फिल्मों में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म तमिल भाषा की थामीजहान थी, जिसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार विजय नजर आए थे।

**❍ ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग से मिली प्रेरणा**

प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें पहली बार स्टारडम की असली ताकत देखने को मिली थी, जब विजय को देखने के लिए सेट पर भारी भीड़ जुट जाती थी। प्रियंका के मुताबिक, करियर की शुरूआत में उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री का मतलब सिर्फ फेम और लोकप्रियता हासिल करना है।

# धुरंधर 2 से क्लैश का इंडस्ट्री में डर





मुंबई। रणवीर सिंह स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म धुरंधरः द रिवेंज 19 मार्च को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। पहले केजीएफ स्टार यश की फिल्म टॉक्सिक भी 19 मार्च को ही रिलीज होनी थी, लेकिन रिलीज से 2 हफ्ते पहले ही मेकर्स ने इसे पोस्टपोन कर दिया है। इसके बाद अब अदिवी

**❍ टॉक्सिक के बाद अदिवी शेष की डकैत की भी रिलीज टली, 19 मार्च की जगह 10 अप्रैल को आएगी**

शेष की फिल्म डकैल भी पोस्टपोन हो चुकी है। एक्टर अदिवी शेष ने रिलीज डेट बदले जाने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की है। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें रिलीज डेट 19 मार्च नहीं 10 अप्रैल लिखी है। इसके साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा, गोल्डफिश 10 अप्रैल को, वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में। डकैत। रिलीज डेट टाले जाने के बावजूद फिल्म को क्लैश से राहत नहीं मिली है। अब इस फिल्म का क्लैश धुरंधर 2 से नहीं बल्कि अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला से होगा। फिल्म डकैत में पहले श्रुति हासन लीड रोल निभाने वाली थीं, हालांकि क्रिएटिव डिफरेंस के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी।

उनके प्रोजेक्ट से हटने के बाद मृणाल ठाकुर ने उन्हें रिप्लेस किया था। केजीएफ स्टार यश और कियारा आडवाणी की मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक पहले 19 मार्च को रिलीज की जाने वाली थी, हालांकि रिलीज से ठीक पहले मेकर्स ने इसे पोस्टपोन कर दिया है। हालांकि इसका कारण क्लैश नहीं बताया गया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com